प्रकाशन का सफलतम 18 वां वर्ष

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची ➤दिल्ली➤देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

वर्ष - 18 | अंक 85 | दैनिक | रांची | शनिवार 9 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00




## सुविचार

ऐसा नहीं है कि मैं कोई अति प्रतिभाशाली व्यक्ति हूँ; लेकिन मैं निश्चित रूप से अधिक जिज्ञासु हूँ और किसी समस्या को सुलझाने में अधिक देर तक लगा रहता हूँ।

आइंस्टीन

# महाअघाड़ी की गाड़ी में न पहिए हैं, न ही ब्रेक

- पीएम बोले-यहां तो ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए हो रहा झगड़ा
- पीएम ने कहा-अब जातियों को लड़ाने का 'खेल' कर रही है कांग्रेस
- पीएम मोदी ने जनता के बीच अब दिया नया नारा, 'एक हैं तो सेफ हैं'



**धुले (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के धुले में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नया नारा देते हुए कहा एक हैं तो सेफ हैं। इस नए नारे को बंटेंगे तो कटेंगे का ही रूप माना जा रहा है। एक दिन पहले ही योगी आदित्यनाथ ने वाशिम में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर हम एक हैं तो नेक हैं और एक हैं तो सेफ हैं। उन्होंने कहा था कि बंटना नहीं है। जब भी हम बंटे थे तो कटे थे। धुले में रैली के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने जाति को दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का खतरनाक खेल खेल रही है।

पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि महा विकास अघाड़ी एक ऐसी गाड़ी है जिसमें न तो पहिए हैं और न ही ब्रेक है तथा वहां हर कोई ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए लड़ रहा है। राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर धुले में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति गठबंधन ही महाराष्ट्र का तेजी से विकास सुनिश्चित करेगा। मोदी ने कहा, 'आप सभी जानते हैं कि महाराष्ट्र के साथ मेरा लगाव रहा है।' उत्तर महाराष्ट्र के धुले जिले में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'हम जनता को भगवान का दूसरा रूप मानते हैं, लेकिन कुछ लोग जनता को लूटने के लिए राजनीति में लगे हैं।'

# हाथ जोड़ते वक्त पूरी गर्दन भी झुका ली...45 केस सुने

- 'लास्ट वर्किंग डे' पर सीजेआई चंद्रचूड़ का नजर आया भावुक अंदाज
- डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण फैसले सुनाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुक्रवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का 'लास्ट वर्किंग डे' था। हालांकि उनका कार्यकाल आगामी 10 नवंबर को समाप्त हो रहा है।




लेकिन 9 और 10 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट की छुट्टी होने के कारण उनका अंतिम कार्यदिवस आज ही हो गया। जस्टिस संजीव खन्ना अब देश के अगले सीजेआई होंगे। सीजेआई चंद्रचूड़ ने अपने कार्यकाल के आखिरी दिन अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। उनकी अध्यक्षता वाली 7 जजों की बेंच ने 4-3 के बहुमत से एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को बरकरार रखा। लास्ट वर्किंग डे के दिन सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है।

# सलमान रुश्दी की विवादित किताब के इम्पोर्ट से हटा बैन

- दिल्ली हाईकोर्ट बोला-नोटिफिकेशन गायब हो चुका, राजीव गांधी ने 1988 में प्रतिबंध लगाया था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजीव गांधी ने 1988 में सलमान रुश्दी की विवादास्पद किताब 'द सैटेनिक वर्सेस' के इम्पोर्ट पर बैन लगाया था। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। अब कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई बंद कर दी है। कोर्ट ने कहा कि अफसर बैन को लेकर कोई भी नोटिफिकेशन पेश करने में नाकाम रहे।




इससे माना जा सकता है कि बैन का आदेश मौजूद ही नहीं है। जस्टिस रेखा पल्ली और जस्टिस सौरभ बनर्जी की बेंच ने यह फैसला 5 नवंबर को सुनाया था। किताब के इम्पोर्ट को लेकर 2019 में संदीपन खान नाम के शख्स ने एक याचिका लगाई थी। संदीपन ने कहा, उन्होंने द सैटेनिक वर्सेज किताब मंगवाई थी, लेकिन कस्टम विभाग की तरफ से 36 साल पहले जारी किए गए नोटिफिकेशन के चलते बुक इम्पोर्ट नहीं हो सकी। हालांकि, नोटिफिकेशन न तो किसी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध था और न ही किसी संबंधित अधिकारी के पास इससे जुड़े दस्तावेज मौजूद थे। द सैटेनिक वर्सेज किताब क्यों है विवादित द सैटेनिक वर्सेज उपन्यास का हिंदी में अर्थ 'शैतानी आयतें' हैं। इस किताब के नाम पर ही मुस्लिम धर्म के लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। रुश्दी ने अपनी इस किताब में एक काल्पनिक किस्सा लिखा है।

# जेके विधानसभा में फिर हंगामा, विधायकों में झड़प

**मार्शल ने खुर्शीद शेख को धक्का देकर निकाला बाहर**



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पांचवें दिन फिर सदन में हंगामा हुआ है। गुरुवार की तरह आज एक बार फिर अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर ही टकराव देखने को मिला है। स्थिति इतनी ज्यादा बिगड़ गए मार्शल को बुलाना पड़ा। ये मार्शल्स विधायक खुर्शीद शेख को खींचकर बाहर ले गए। इसके अलावा स्थिति को कंट्रोल करने के लिए हंगामा करने वाले अन्य कई विधायकों को भी सदन से निकालकर बाहर ले गए।



दरअसल, सदन में अनुच्छेद 370 की बहाली को लेकर प्रस्ताव लाया गया है और बीजेपी लगातार इस प्रस्ताव का विरोध कर रही है। ऐसे में आज सदन की कार्रवाई शुरू होने के बाद बीजेपी विधायकों द्वारा पीडीपी के खिलाफ नारे लगाए गए। सत्र शुरू होते ही बीजेपी विधायक खड़े हो गए और पीडीपी और स्पीकर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे जिसके बाद एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया। बता दें कि पीडीपी जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव लाई थी, जिसे सदन द्वारा पारित भी किया गया है। दूसरी ओर बीजेपी प्रस्ताव के खिलाफ है।

# झारखंड में 'वनवासी' बनाम 'आदिवासी' पर रार

**चुनावी रण में राहुल गांधी की हो गई एंट्री, करेंगे खेला**

**सिमडेगा (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा के चुनावी रण में अब राहुल गांधी की भी एंट्री हो गई है। राहुल गांधी ने कहा- आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। एक तरफ-इंडिया गठबंधन है, तो दूसरी तरफ- बीजेपी और आरएसएस है। जहां इंडिया गठबंधन के लोग संविधान की रक्षा कर रहे हैं, वहीं बीजेपी-आरएसएस संविधान को खत्म करना चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहा- संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है। इसमें बिरसा मुंडा, बाबा साहेब अंबेडकर, फुले जी और महात्मा गांधी की सोच है। ये संविधान देश के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, गरीबों की रक्षा करता है। इसलिए इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पार्टी चाहती है कि देश को संविधान के माध्यम से चलाया जाए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को सिमडेगा में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा-हम आपको 'आदिवासी' कहते हैं, लेकिन बीजेपी आपको 'वनवासी' कहती है। अंग्रेज भी आपको वनवासी कहते थे, तब बिरसा मुंडा जी आपके जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़े। आज हम भी आपके हक के लिए



लड़ रहे हैं। बीजेपी आपका जल-जंगल-जमीन छीनना चाहती है, इसलिए वह आपको वनवासी कहती है। आदिवासी का मतलब होता है- देश का पहला मालिक।

वहीं वनवासी का मतलब है कि देश में आपका कोई अधिकार नहीं है। लेकिन आप आदिवासी हैं और देश पर सबसे पहला अधिकार आपका है।' राहुल गांधी ने कहा- संविधान में आपको 'वनवासी' शब्द कहीं नहीं मिलेगा। जिन्होंने संविधान बनाया, उन्होंने भी वनवासी के बजाए 'आदिवासी' शब्द का प्रयोग किया। क्योंकि वे कहना चाहते थे कि जल, जंगल, जमीन के असली मालिक आदिवासी हैं। बिरसा मुंडा जी भी इसी जल, जंगल, जमीन के लिए लड़े थे। आज लड़ाई संविधान को बचाने की है। एक तरफ वो लोग हैं, जो आपको आदिवासी कहते हैं, आपका सम्मान करते हैं। दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो आपको वनवासी कहते हैं और जो भी आपका है, वो छीनना चाहते हैं। राहुल गांधी ने विकास के नाम पर आदिवासियों की जमीन छीने जाने पर चिंता जताई और कहा कि अगर उनकी जमीन पर फैक्ट्री लगेगी तो वहां के बच्चों को नौकरी मिलनी चाहिए।

# देश की अखंडता की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य : बीरेन

- मणिपुर के सीएम बोले-भारत की अखंडता को कोई छू नहीं सकता
- मिजोरम सीएम के अमेरिकी भाषण पर बवाल, नाराज हुए बीरेन सिंह

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गुरुवार को कहा कि देश की अखंडता की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है और राज्य की संप्रभुता को कोई चुनौती नहीं दे सकता। उनकी यह टिप्पणी मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा द्वारा सितंबर में अमेरिका में दिए गए एक बयान पर प्रतिक्रिया स्वरूप आई है। लालदुहोमा ने अमेरिका में 'कुकी-जो' समुदाय की एक सभा में कहा था कि जो समुदाय को एक नेतृत्व के अंतर्गत एकजुट होना चाहिए, भले ही इसके लिए राष्ट्रीय सीमाओं को पार करना पड़े। 'जो' शब्द उत्तर-पूर्व के विभिन्न जातीय समूहों, बांग्लादेश



के चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स और म्यांमार के चिन राज्य में रहने वाले लोगों को सांस्कृतिक और भाषाई संबंधों के आधार पर एकजुट करता है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एन बीरेन सिंह ने कहा, मैं किसी के निजी विचारों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन मेरी स्थिति स्पष्ट है एक्स भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखना आवश्यक है। भारत केवल एक देश नहीं है, यह एक महान देश है, और हमें भारतीय होने पर गर्व होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, भारत को मजबूत बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है, और जो कोई भी इसे चुनौती देगा, उसे जवाब मिलेगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर कहर जारी, फिर भी खामोश है सरकार

**भारत ने यूनुस सरकार को दी सख्त चेतावनी, कड़े कदम उठाने की मांग**

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के चटगांव में हिंदू समुदाय पर हालिया संगठित हमले से तनाव बढ़ता जा रहा है। इन घटनाओं में बांग्लादेशी पुलिस और सेना पर अत्याचार में शामिल होने के आरोप लगे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के खौफनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय बन गए हैं। भारत सरकार ने इस घटना पर सख्त प्रतिक्रिया दी है और बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इन हमलों की कड़ी निंदा की और कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्टों के चलते ये हिंसा भड़की। उन्होंने बांग्लादेश में चरमपंथियों पर सख्त कार्रवाई की अपील करते हुए मांग की कि हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। चटगांव के हजारी गली इलाके में 5 नवंबर को सोशल मीडिया



पर पोस्ट की गई एक विवादित टिप्पणी के बाद तनाव बढ़ा। जमात-ए-इस्लामी के सदस्य उस्मान अली द्वारा हिंदू धर्म और इस्कॉन पर अपमानजनक टिप्पणी पोस्ट की गई, जिससे हिंदू समुदाय में आक्रोश फैल गया। जब हिंदू समुदाय ने इस टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन किया, तो पुलिस और सेना ने उन पर कार्रवाई की। इस दौरान कई हिंदू लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, और 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में मनाया गया छठ पर्व

विशेष संवाददाता

**बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग, अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और अन्य उत्तर भारतीय राज्यों से आए हजारों भक्तों ने श्रद्धापूर्वक छठ पर्व मनाया। इस अवसर पर जिन लोगों को अपने गांव-शहर न जा पाने का मलाल रह गया था, वे सभी आश्रम में गुरुदेव की उपस्थिति में छठ पर्व मनाया।

छठ पर्व के लिए आश्रम के गुरुपादुका वनम में विशेष व्यवस्था की गयी थी, जहां भक्तों ने सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर उनसे आशीर्वाद प्राप्ति की कामना की। इस विशेष अवसर पर भक्तों को आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी का सान्निध्य भी प्राप्त हुआ। गुरुदेव ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा, ÷आप सभी यह सोचकर घर लौटें कि आप सौभाग्यशाली हैं और आप सभी को बहुत सारा आशीर्वाद मिल रहा है।÷

भक्तों ने आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में छठ की संध्या पर पूजा और अर्घ्य देने के बाद सत्संग में भी भाग लिया जहां वे गुरुदेव के सान्निध्य में ज्ञानचर्चा और भजनों की धुन में झूमते हुए नजर आए। 8 नवंबर की प्रातः सूर्य की पहली किरण के साथ ही व्रतियों और श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को



अर्घ्य देकर पर्व का समापन किया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक अन्नपूर्णा रसोई में ठेकुआ बनाने की सेवा भी की जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

बेंगलुरु आश्रम में पिछले कई वर्षों से छठ पर्व का आयोजन किया जा रहा है जो न केवल भक्तों को एक साथ मिलकर धार्मिक अनुष्ठान करने का मंच प्रदान करता है बल्कि उन्हें सत्संग और सामूहिक ध्यान के माध्यम से एक गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव का अवसर भी देता है।

# यूपी उपचुनाव में एक साथ दिख सकते हैं 'इंडिया' के नेता

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। उपचुनाव की तारीखों के एलान होने के बाद से ही वार-पलटवार का दौर शुरू हो चुका है। सीएम योगी के बंटोगे तो कटोगे वाले बयान से बाद से प्रदेश में पोस्टर वार शुरू हो गया है। बीजेपी और सपा दफ्तर पर आए दिन किसी ना किसी पोस्टर के जरिये दोनों राजनीतिक दल एक- दूसरे पर हमला बोल रहे हैं।

वहीं अब सोशल मीडिया और पोस्टर वार से एक कदम आगे बढ़कर चुनावी रैलियों का आगाज होने जा रहा है। उपचुनाव में अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत सामान विचारधारा वाले नेता एक साथ मंच साझा कर सकते हैं। दरअसल 20 नवंबर को सभी 9 सीट पर वोटिंग होनी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार से चुनावी रैलियों की शुरुआत कर दी है। उधर बीजेपी को बीते लोकसभा चुनाव की तरह शिकस्त देने के लिए इंडिया गठबंधन यूपी चुनाव में भी एकजुट दिख सकता है। सूत्रों की मानें तो सपा मुखिया अखिलेश यादव कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत तमाम नेताओं के साथ संयुक्त रैलियां कर सकते हैं।

# 'खाद' संकट पर भारत को मिला रूस का साथ

**पीएम मोदी ने दोस्त पुतिन से लगाई गुहार, जल्द मिलेगी सप्लाई**

**रूसी राष्ट्रपति ने किया बड़ा ऐलान, भारत को बताया ग्रेट पावर**

**मास्को (एजेंसी)।** गेहूं की बुवाई से ठीक पहले भारत में खाद संकट गहरा गया है। भारत में खाद विशेषकर डीएपी और एनपीके का बड़ा संकट पैदा हो गया है। इसकी वजह



से किसानों को रात-रातभर डीएपी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। दरअसल, यूक्रेन और गाजा युद्ध की वजह से दुनिया में पेट्रोलियम आधारित रासायनिक खादों की भारी किल्लत हो गई है। विशेषज्ञों ने सरकार से मांग की है कि वह अपना फर्टिलाइजर प्रोडक्शन की क्षमता बढ़ाए। आलम यह है कि उत्तर प्रदेश में मात्र कुछ ही दिनों का खाद का स्टॉक बचा हुआ है। यूपी में रबी की बुवाई शुरू हो गई है और खाद मिलना सपना हो गया है। संकट की इस घड़ी में पीएम मोदी ने हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से गुहार लगाई थी। अब पुतिन ने भारत को तत्काल फर्टिलाइजर भेजने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने भारत को महान देश बताया और कहा कि वह ग्लोबल सुपरपावर बनने का हकदार है। रूस दुनिया के उन सबसे बड़े देशों में शामिल है जो नाइट्रोजन, पोटाश और फास्फोरस का निर्यात करते हैं।

# जहां अकड़ता था चीन, वहां मजबूत होगी भारत की पकड़

**अमरीका में डोनाल्ड ट्रंप के आने से बदल जाएंगे यहां के हाल**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सरकार बनने से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की स्थिति मजबूत होगी। दूसरा असर यह भी होगा कि यहां चीन की आक्रामकता ढीली पड़ जाएगी। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला के अनुसार ट्रंप सरकार का विशेष फोकस हिंद महासागर और ताइवान में चीन की प्रवृत्तियों को नियंत्रित करने पर होगा। विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि इस बात का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि चीन को लेकर ट्रंप की नीति क्या होगी। चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने 40 बार चीन का जिक्र किया, जबकि कमला हैरिस ने एक बार भी चीन का नाम नहीं लिया। श्रृंगला के अनुसार इस मामले में यह भी महत्वपूर्ण है कि ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान ही मुक्त, पारदर्शी और नियम आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र की सोच तैयार हुई थी। इस टर्म का इस्तेमाल पहली बार खुद ट्रंप ने किया था तथा बाद में भारत समेत अन्य देशों ने भी इसे अपनाया। इतना ही नहीं ट्रंप के कार्यकाल के दौरान अमेरिका की पैसेफिक कमांड को यूएसइंडोपेकोंम किया गया।

# लोक आस्था का महापर्व छठ उगते सूर्य को अर्ध्य के साथ संपन्न

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन शुक्रवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्ध्यदान के साथ हो गया।इस दौरान गिरिडीह निगम के इलाकों के साथ जिले भर में छठ पूजा का उत्साह दिखा. शहर के प्रमुख छठ घाट अरगाघाट, शिवशक्ति, शास्त्री नगर छठ घाट, दीनदयाल घाट, आम घाट, सिहोडीह सिरसिया छठ घाट और पचंबा के बुढ़वा आहार तलाब छठ घाट समेत जिले भर के नदी और तालाब में लाखों की संख्या में व्रतियों की भीड़ जुटी।



सूर्यदेव के प्रति भक्तों के अटल आस्था व विश्वास का अनूठा पर्व छठ में व्रतियों का 36 घंटों का निर्जला उपवास कर पारण के दिन अल्पाहार ग्रहण किया।

वहीं डुमरी प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों तथा आने जाने वाले सभी छठ घाटों में स्थानीय छठ पूजा समितियों की ओर से साफ सफाई,प्रकाश,साज सज्जा व साउंड की व्यवस्था की गई थी।वहीं पर्व में किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रही।

उदीयमान सूर्य को अर्ध्यदान के बाद सुहागिन महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाकर कुशल काया व सम्पन्नता की कामना की।इस दौरान छठ व्रतियों व महिलाओं ने दुर्गा मंदिर,शिव मंदिर,पार्वती मंदिर,सूर्य मंदिर एवं शनि मंदिर में भी पूजा अर्चना की।इसी तरह अरगाघाट के बुढ़िया नदी छठ घाट,पम्पू तालाब छठ घाट,डुमरी के हेठटोला छठ घाट,अतकी के केन्दुवाडीह छठ घाट सहित लक्ष्मणटुंडा,चैनपुर,रोशनाटुंडा,पोरदाग,कुलगो, डोमाबरा ,निमियाघांट,नगरी,पडरियाटांड़,ताम्बागुडियों, भरखर, चंदनाडीह, तेलखारा,जीतकुंडी,घावाटांड़ आदि विभिन्न क्षेत्रों के छठ घाटों में भी हजारों श्रद्धालुओं ने उदीयमान भास्कर को अर्ध्यदान कर अपने व अपने परिवार की खुशहाली व आरोग्यता की कामना की।

क्षेत्र के राजनीतिक दलों के स्थानीय नेताओं एवं समाजसेवियों आदि ने अपने क्षेत्र के छठ घाट में अर्ध्यदान किया।घाटों में व्रतियों के साथ बुजुर्गों और बच्चों में काफी उमंग व उत्साह देखा गया।क्षेत्र में सभी छठ घाटों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों से बजने वाले छठ गीतों तथा महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले लोकगीतों से पूरा क्षेत्र छठमय हो गया था।श्रद्धालु पारन के दिन छठ व्रतियों के घरों में जाकर छठ का प्रसाद ग्रहण किया।इधर पारसनाथ रेलवे स्टेशन परिसर में नवभारत संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्यदेव की रथ पर सवार आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई थी।साथ ही आकर्षक मोर का मॉडल लगाया गया था।भारतीय संस्कृति व सभ्यता को परिलक्षित करने वाला इस पर्व में विभिन्न छठ घाटों में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा फल-दूध का वितरण किया गया।

## क्या खिसक रहा है जेएलकेएम का जनाधार ?

### एक एक कर जेएलकेएम के प्रत्याशियों के पाला बदलने से वोट बैंक खिसकने के आसार

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,गिरिडीह।** गिरिडीह में जेएलकेएम के वोट बैंक में सेंधमारी की जा रही है अथवा इसमें संगठन की कमजोरियां आड़े आ रही है।



कारण जो भी हो, आसार पार्टी के पक्ष में नहीं दिख रहे हैं।पार्टी प्रत्याशियों के एक एक कर खिसकने से जनाधार तो कमजोर हो ही रहा प्रतीत होता है,सामान्य वोटरों में लुके छुपे विपरीत परिणाम आने की बातें कही जाने लगी हैं।गांडेय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार रिजवान क्रांतिकारी के बाद गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से इश्तियाक उर्फ लालो के इस्तीफे के बाद जेएलकेएम खेमे में निराशा उत्पन्न हो गई है। जेएलकेएम सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो की कोइरी-कुशवाहा के बाद एक खास वर्ग के वोट बैंक पर नजर थी। शुरुआती दौर में रिजवान और लालो ने दल में मजबूत उपस्थिति दर्ज की थी, पर चुनावी समर के बीच जेएलकेएम से दोनों ने पलटी मार ली। दोनों ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली। सूत्रों की मानें तो जेएलकेएम में आने से पहले पार्टी के नवीन चौरसिया से लालो ने बड़ी डील की थी, जिसकी पूर्ति नहीं की गई। तब मामला उलझा और लालो ने जेएलकेएम से नाता तोड़ लिया।

काबिले गौर है कि पिछले नगर निगम चुनाव में लालो ने डिप्टी मेयर का चुनाव लड़ा और अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की थी। चुनाव में उन्हें 25000 से अधिक मत मिले थे। लालो की खास वर्ग पर खास पकड़ है। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के कारण उस वर्ग पर इनका खासा असर है। यही कारण है कि भाजपा छोड़कर इन्हें हर दल अपने खेमे में शामिल करना चाहता है। लालो की भरपाई के लिए जेएलकेएम प्रत्याशी नवीन चौरसिया आम नागरिकों को खास वर्ग का नेता बताकर अपने दल में शामिल करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। चुनाव के नजीते पर इस उलटफेर का खासा असर पड़ने की बात चर्चे में है। इसकी भरपाई जितनी नवीन कर पाएंगे, उनकी स्थिति उसी तरह होगी।मामले में जेएलकेएम के सचिव नागेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि लालो कभी पार्टी में नहीं थे, वह मुसाफिर की तरह आए थे और मुसाफिर की तरह चले गए।उनके इस बयान से भी पार्टी समर्थकों में निराशा की बात कही जा रही है।वहीं दूसरे महानगरों मुंबई,पुणे,दिल्ली में कार्य कर रहे यहां के स्थानीय मतदाताओं ने भी घोषणा कर दी है कि पिछली बार संसदीय चुनाव में तो जयराम को वोट दिया था,लेकिन इस बार नहीं देंगे।

## व्यय प्रेक्षक ने टुंडी विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न स्थैतिक सर्विलांस टीम का किया निरीक्षण

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,टुंडी (धनबाद)।** दिनांक 08 नवंबर 2024 को व्यय प्रेक्षक कुमार आदित्य ने 42-टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत स्थैतिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं चेकपोस्ट का निरीक्षण किया।



व्यय प्रेक्षक ने प्रतिनियुक्त स्थैतिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की वीडियोग्राफी करते हुए कार्रवाई करें एवं अविलंब सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। मौके पर लाइजनिंग ऑफिसर किशोर कुमार गोप मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने विभिन्न कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ की समीक्षात्मक बैठक



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,धनबाद।** धनबाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में झारखंड विधानसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त किए गए कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को छापेमारी एवं सीजर कार्य में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ हीं अब तक जिन मतदान केंद्रों में एएमएफ की व्यवस्था संपूर्ण तरीके से नहीं की गई है, वैसे मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए अविलंब सभी सुविधाएं उपलब्ध करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम हेतु सभी मानकों का ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार ,वरीय पदाधिकारी निर्वाचन सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह मौजूद रहे।

## दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक की हुई मौत

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के केबी रोड के पास गुरूवार को हुई दो बाइकों के बीच टक्कर में एक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक इलाज डुमरी रेफरल अस्पताल में करने के पश्चात बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया।घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। वहीं घटना की खबर सुनकर मंत्री बेबी देवी आदि अस्पताल पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी। बताया जाता है कि कल्हाबार के अंबाडीह निवासी सह झामुमो कार्यकर्ता डीलो महतो अपनी बाइक से डुमरी आ रहे थे। वहीं बिरपोक निवासी आसिफ अंसारी बाइक से चेगड़ो जा रहे थे कि उक्त स्थान पर दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें डीलो महतो की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गया।

## तारा देवी ने गोविंदपुर में किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

### सामाजिक संगठनों ने की निवर्तमान विधायक इन्द्रजीत महतो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,गोविंदपुर (धनबाद)।** सिंदरी विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी तारा देवी ने शुक्रवार को गोविंदपुर, नीचे बाजार, एलआइसी ऑफिस के सामने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि यह कार्यालय सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के लिए समर्पित है। वहीं दूसरी ओर छठ पर्व के पावन अवसर पर रोटी बैंक यूथ क्लब, सिन्दरी सिटीजन, निशा फाउन्डेशन आदि समाजिक संगठनों द्वारा सिन्दरी विधानसभा क्षेत्र के बरवाअड्डा,गोविन्दपुरी, बलियापुर, मुकुन्दा, सिन्दरी नगर आदि छठ तालाबों में निवर्तमान विधायक इन्द्रजीत महतो के स्वास्थ्य कामना के लिए छठ व्रतियों के बीच विभिन्न छठ घाटों में नारियल वितरण कर श्रद्धालुओं से छठ मां से कामना करने की अपील की। ज्ञात हो कि निवर्तमान विधायक इन्द्रजीत महतो कोरोना पॉजिटिव होने के बाद तीन वर्षों से हैदराबाद में इलाजरत है।



## ईवीएम कमीशनिंग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आगामी विधान सभा (आम) निर्वाचन 2024 के आलोक में शुक्रवार को न्यू टाउन हॉल में सभी 6 विधान सभा अंतर्गत ईवीएम कमीशनिंग कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने स्लाइड्स के माध्यम से ईवीएम के सभी तीनों कंपोनेंट्स, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा वीवीपैट को वोटिंग के लिए तैयार करने के लिए (कमीशनिंग) का विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया।



उन्होंने बैलेट पेपर के अलाइनमेंट, एड्रेस टैग, कैंडिडेट सेट करने आदि की प्रकिया को मशीन के माध्यम से कर के दिखाया।

वहीं अन्य प्रशिक्षक कुमार वंदन ने मशीन के कमीशनिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाले भाग के बारे में बारीकी से समझाया।

नोडल पदाधिकारी सह सहायक नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण ने विभिन्न प्रश्नों को पूछते हुए प्रशिक्षण में हुई तथ्यों को विस्तारपूर्वक बताया। जबकि ई.सी.आई.एल. के इंजीनियर ने भी कमीशनिंग के लिए आवश्यक सभी तथ्यों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के समापन से पूर्व मास्टर ट्रेनरों ने सभी को ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कराई।

प्रशिक्षण में 40 धनबाद विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ राजेश कुमार, 42 टुंडी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, 43 बाघमारा विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर संजय कुमार, कुलदीप, पुष्कर झा, अरविंद सिन्हा, सुभाष, संतोष झा, महफूज आलम सहित बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही हमारे जीवन का मूल आधार है- राज सिन्हा

### स्टार प्रोग्रेसिव क्लब के तोरण द्वार का राज सिन्हा व दिलीप सिंह ने किया उद्घाटन

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**धनबाद।** स्टार प्रोग्रेसिव क्लब टेंपल रोड पुराना बाजार की महापर्व छठ पूजा के अवसर पर छठवर्तियों एवं श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए बने तोरण द्वार का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा व समाजसेवी दिलीप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा, समाजसेवी दिलीप सिंह समेत सभी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। सभी के द्वारा लोक गायिका स्वर्गीय शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि दी गई।



इस अवसर पर राज सिन्हा ने सबको छठ पूजा की हार्दिक बधाई दी और कहा की सबकी मनोकामना को छठी मईया पूर्ण करें। छठी मैया की कृपा सब पर बनी रहे। इस महान पर्व छठ का कोई मुकाबला नहीं है पर्व का सारा काम घर के लोग स्वच्छता से करते हैं।छठ पर्व अहसास कराती है कि है की स्वच्छता हमारा जीवन का मूल आधार है इस पर्व में घर की साफ सफाई करते हैं और साथ ही घर के बाहर भी साफ सफाई करते हैं। इस पर्व में सामाजिक समरसता समाहित है। इस पर्व की खासियत है कि हर लोग बड़ा हो छोटा हो, अमीर हो गरीब हो, जाति पाति भेदभाव से ऊपर उठकर सभी एक समय पर तालाब जाते हैं भगवान सूर्य को अर्ध देते हैं छठ महापर्व भगवान सूर्य को समर्पित एक सामूहिक पर्व है। सर्वप्रथम संध्या को डूबते हुए अस्तचलगामी सूर्य को श्रद्धालु एवं छठवर्ती अर्ग देते हैं फिर सुबह में उगते हुए सूरज को अर्ग देकर पर्व पूरा करते हैं इस पर्व का संदेश है कि लोग अपने जीवन में किसी काम को पूजा की तरह करें। हमारे जीवन में निराशा परेशानियां जरूर आएगी लेकिन निर्वाह रूप से काम को पूजा की तरह करते रहने से सूर्यउदय रूपी उजाला जीवन में अवश्य आएगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्टार प्रोग्रेसिव क्लब द्वारा निर्मित सुसज्जित मंच से छठव्रतियों को फल, दूध, अगरबत्ती व जल का वितरण दिलीप सिंह एवं क्लब के सदस्यों ने किया किया। क्लब द्वारा टेंपल रोड में आकर्षक सजा सज़्ज़ा, सड़क की साफ सफाई करके रंगोली एवं आकर्षक झालर लाइट रंग-बिरंगे बैलून एवं हैलोजन का पूर्ण व्यवस्था किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिलीप सिंह, अतिथि भृगुनाथ भगत, प्रदीप अग्रवाल, संजय कुशवाहा, विजय केजरीवाल जीराखन सिंह, अनिल अग्रवाल, अनिल प्रसाद उर्फ बिट्टू उपस्थित थे। छठ व्रतियों की सेवा में क्लब के अध्यक्ष राकेश मुंद्रा, उपाध्यक्ष बिरजन राम, , महासचिव सूरज कुमार, सचिव पियूष रूटोलिया, कोषाध्यक्ष अंकित शर्मा, सलाहकार गुलाबचंद गुप्ता, संयोजक सुमित रजक, संरक्षक सुनील कुमार, अमित कुमार समेत क्लब के अनुसार सदस्य सक्रिय थे।



## अजय नाथ शाहदेव ने छठ घाट पर अर्ध्य अर्पित किया

**रांची।** हटिया विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने बटम तालाब, डोरंडा, जगन्नाथपुर तालाब, सेक्टर-3 तालाब में सूर्य देव को अर्घ्य दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।

## रेलकर्मी के बंद आवास का ताला तोड़कर चोरी

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**डुमरी।** निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पारसनाथ रेलवे स्टेशन कॉलोनी स्थित बंद क्वार्टर में गुरूवार की रात चोरी हो गयी। रेलवे कर्मी अपने-अपने क्वार्टर को बंद कर छठ पूजा मनाने घर गये थे। कर्मियों के फिलहाल घर से नहीं लौटने के कारण चोरी गये सामानों की जानकारी नहीं मिल पायी है। परंतु अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगदी, जेवर और अन्य मंहगे सामानों को चोरों ने नहीं छोड़ा होगा। सूचना पर निमियाघाट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इस संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह कॉलोनी में रहने वाले कुछ रेल कर्मियों ने सबसे पहले ट्रॉली मेन धमेंन्द्र कुमार ठाकुर के बंद पड़े बंद क्वार्टर के मुख्य दरवाजे में लगा ताला को टूटा हुआ देखा। संदेह होने पर जब कुछ कर्मी क्वार्टर के अंदर गये तो पाया कि दीवान खुला हुआ है और कपड़े सहित अन्य सामान फर्स पर फेंका हुआ है। इसके बाद जब रेल कर्मियों ने संदेह पर कॉलोनी परिसर में स्थित चार अन्य बंद क्वार्टर को जाकर देखा तो पाया कि ट्रैक मैन्टेनर राजीव रंजन और विशेश्वर रजक के क्वार्टर का भी ताला टूटा हुआ है और अलमीरा, ट्रंक खुला है और सामान फर्श पर फेंका पड़ा हुआ था।

## कांग्रेस प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** गुरुवार को डोरंडा हाथीखाना चौंक पर कांग्रेस के हटिया विधानसभा प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। शाहनवाज उर्फ रिंकू एवं मोहम्मद जाहिद के नेतृत्व में कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मौके पर एनएसयूआई के जिला महासचिव अब्दुल रब नावाज ने हाथीखाना के सभी पदाधिकारी एवं मस्जिद के इमाम को माला और पट्टा पहनकर सम्मानित किया और लोगो से अजय नाथ शहदेव के पक्ष मे वोट करने की अपील किया।मौके पर मोमिन पंचायत के सदर शमीम अख्तर, सचिव शाहनवाज आलम, नायब सदर जाहिद अंसारी मस्जिद के इमाम, मोहम्मद ताबे आलम, इम्तियाज,कमाल,रियाज,जफर,असल,नासिर,महबूब,जफर, सबील,चांद,नूर मुहम्मद,नजूल एवं डोरंडा और हाथीखाना के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



## आदिवासियों की हितेषी बनने वाली कांग्रेस आदिवासियों के नाम पर सिर्फ वोट लेना जानती है -जहांगीर आलम

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** लोहरदगा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों का शोषण एनडीए सरकार कर रही है। उनको वनवासी बुलाती है । जबकि आदिवासियों का शोषण सदियों से आज तक कांग्रेस करते आई है । आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों को अपना वोट बैंक समझती है। अगर आदिवासियों की कांग्रेस इतनी ही शुभचिंतक होती तो इतने संघर्ष करने की आवश्यकता नहीं होती। झारखंड राज्य कब का अलग हो जाता। लेकिन बीजेपी के सत्ता में आने के बाद स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने झारखंड के आदिवासी और मूल वासियों के दर्द को समझा और झारखंड राज्य अलग कर दिया ।अगर ये आदिवासियों की हितैषी होते तो आदिवासी मंत्रालय बनाते । लेकिन 60 सालों में इन्होंने सिर्फ आदिवासियों को ठगने का काम किया । आदिवासी मंत्रालय भी अटल बिहारी वाजपेई ने ही बनाया । अगर यह सच्चे आदिवासियों के हितैषी होते तो आदिवासियों को बड़े पदों में देखना पसंद करते लेकिन आज तक किसी आदिवासी को अपने आसपास भी बराबर के दर्जे तक नहीं आने दिया ।बीजेपी की सरकार आई तो देश की पहली आदिवासी महामहिम राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को बनाया। जो लोग आदिवासियों को सिर्फ ठगने का काम किया आज वह आदिवासियों की हित की बात करते हैं यह हास्यास्पद है। इन्हें अगर थोड़ी सी भी आदिवासियों के हितों का ख्याल होता तो अपने 5 साल के कार्यकाल में आदिवासियों के लिए कुछ करते। आज राहुल गांधी हेमंत सरकार की एक भी उपलब्धि नहीं गिना पाए। अपनी घिसी पिटी और पुरानी रिकॉर्डिंग ही सुना कर लोहरदगा की जनता को गए । इनके पास कहने को कुछ था ही नहीं । क्योंकि यह सरकार 5 साल में कुछ किया ही नहीं किया। 5 साल में हेमंत सरकार और खास कर लोहरदगा का विधायक रामेश्वर उरांव सिर्फ लोहरदगा की जनता को और झारखंड की जनता को ठगने और लूटने का कार्य किया है। और अपनी कांग्रेस पार्टी में जिला में अल्पसंख्यकों के महत्वपूर्ण पदो से हटा दिया गया और यह अल्पसंख्यक की बात करते हैं। झारखंड की जनता इससे उब चुकी है। यह सरकार जाने वाली है ।लोहरदगा के अल्पसंख्यक एवं आदिवासी ठगे हुए महसूस कर रहे हैं और इस बार लोहरदगा के आधे से ज्यादा अल्पसंख्यक संख्या आजसू के तरफ है। एनडीए के प्रत्याशी नीरू शांति भगत को अल्पसंख्यक एवं आदिवासियों का भारी मत मिलेगा और यह प्रचंड बहुमत के साथ लोहरदगा की विधानसभा जीतेंगी। लोहरदगा की जनता खटाखट को देख चुकी है ।अब यह खटाखट यहां नहीं चलेगा। उक्त बातें जहांगीर आलम ने कहीं और कहा की - बहुत हुआ लोहरदगा की जनता के उम्मीदों से खिलवाड़ ..अबकी बार एनडीए की सरकार।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया



पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** महापर्व छठ के पावन अवसर पर रांची के हटनिया तालाब छठ घाट पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। श्री सोरेन ने जयप्रकाश नगर, पहाड़ी टोला निवासी श्री विष्णु उरांव (ट्रक ड्राइवर) की धर्मपत्नी पिंकी देवी, अलकापुरी, रातू रोड निवासी संजय चौधरी (ऑटो ड्राइवर) की धर्मपत्नी उर्मिला देवी, मेट्रोगली, बिरला मैदान निवासी सुरेश लोहरा (रिक्शा चालक) की धर्मपत्नी पूनम देवी एवं कचहरी चौक में पान दुकान चलाने वाले विनोद वर्मा सहित अन्य छठव्रती के परिजनों के साथ भगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा की अलौकिक परंपरा निभाने की संस्कृति सदियों से चली आ रही है। छठ महापर्व प्रकृति, कृतज्ञता, सामाजिक तथा पारिवारिक एकता का प्रतीक है। मैं इस अवसर पर समस्त राज्यवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं देता हूं। छठी मईया एवं भगवान सूर्य देव से प्रार्थना है कि समस्त झारखंडवासियों के कल्याण के साथ-साथ सुख, समृद्धि, खुशहाली, शांति एवं निरोगी काया प्रदान करें।

## कल्पना सोरेन ने सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची/गांडेय।** मुफस्सिल, लेदा छठ घाट पर लोकआस्था, पवित्रता, और सूर्य उपासना के महापर्व छठ के अवसर पर कल्पना सोरेन ने गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छठ पूजा संस्कृति और एकता का प्रतीक है, जो प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता और सामाजिक समरसता को दर्शाता है। उन्होंने समस्त झारखंडवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और प्रार्थना की कि छठ मईया और भगवान भास्कर सभी को सुख, समृद्धि और निरोगी काया प्रदान करें।

## फांसी के फंदे से लटक युवक ने की आत्महत्या

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नागाबाद पंचायत स्थित नई टाँड़ गांव में शुक्रवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये गिरिडीह भेज दिया। इस संबंध में बताया जाता है कि नईटाँड़ निवासी करम कोल्ह का 21 वर्षीय पुत्र रमेश कोल्ह अपने घर के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका पाया गया।शुक्रवार की सुबह जब घर वाले उसके कमरे में गए तो उसे फंदे से लटका पाया। आनन फानन में उसे फंदे से उतारा गया।लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घर वालों ने बताया कि गुरुवार की शाम वह ससुराल से घर लौटा था। पुलिस को उसके पिता और पत्नी ने लिखित आवेदन देकर इस घटना के लिये किसी को दोषी नहीं बताया है।

## निर्दलीय उम्मीदवार रानी कुमारी का जनसंपर्क अभियान

### रांची विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से समर्थन की अपील



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** निर्दलीय उम्मीदवार रानी कुमारी ने शुक्रवार को शहर के अपर बाजार, नावा टोली, पहाड़ी मंदिर रोड, गोशाला रोड, पिंजरापोल, महावीर चौक, रातू रोड चौराहा सहित विभिन्न मुहल्लों में जनसंपर्क कर समर्थन मांगा।

डोर-टू-डोर कैंपेन के दौरान उन्होंने मतदाताओं से क्रम संख्या 16, चुनाव चिह्न ÷गैस चूल्हा÷ छाप पर बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रांची विधानसभा क्षेत्र की जनता विकास की बाट जोह रही है। जनता बदलाव चाहती है। रांची शहर के सर्वांगीण विकास को लेकर वह कृत संकल्पित हैं।

रानी कुमारी के साथ जनसंपर्क अभियान में सविता देवी, देवंती देवी, अंजली देवी, सोनी देवी, गीता देवी, नीला देवी, पार्वती देवी, सरिता देवी, गायत्री देवी, गंगा देवी, रूपा देवी, संगीता देवी, अन्नू देवी सहित काफी संख्या में विभिन्न महिला संगठनों से जुड़ी महिलाएं शामिल थीं।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ आस्था के महापर्व छठ का समापन



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,बड़कागांव।** आस्था का महापर्व छठ पूजा सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। प्रखंड के लगभग 7 हजार घरों में छठ महापर्व किया गया। छठ व्रतियों ने रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया, वहीं दूसरे दिन सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, भाजपा नेता रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव के कई छठ घाटों पर जाकर छठ ब्रतीयों से मुलाकात की व शुभकामनाएं दी। छठ महापर्व को लेकर प्रखंड के तमाम छठ घाटों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। स्थानीय छठ पूजा समितियों द्वारा व्रतियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। हर तरफ छठी मैया की गीत एवं जयकारे से छठ घाट गूंजायमान हो रहा था। आस्था का केंद्र बड़कागांव सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य देव की पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं के काफी भीड़ देखी गई। बड़कागांव सूर्य मंदिर, गोसाई बलिया,खरांटी ,बड़कागांव पीपल नदी, गुरु चट्टी नदी, बादम नदी, बरवाडीह नदी, तलसवार नदी, सीकरी नदी, आदि प्रखंड के तमाम 84 गांव में छठ घाट अर्घ्य देने वाले छठ व्रतियों की काफी भीड़ देखी गई। छठ घाटों में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल के अलावा ओम बड़कागांव पुलिस पदाधिकारी चौकसी से करते नजर आए ।

## कल्पना सोरेन महागठबंधन प्रत्याशी अंबा प्रसाद के पक्ष में करेंगी चुनावी जनसभा



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, बड़कागांव।** गांडेय विधायक व स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन 9 नवंबर दिन शनिवार को बड़कागांव में चुनावी जनसभा को संबोधित करेगी। महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के पक्ष में यह चुनावी जनसभा होना है जो बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल मैदान फुटबॉल ग्राउंड में होगा। उक्त जनसभा में बड़कागांव, केरेडारी, पतरातू से लाखों की संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10÷00 बजे होगी व उक्त कार्यक्रम में महागठबंधन के कई नेता व पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## मीडियाकर्मियों ने पोस्टल बैलट से किया मतदान



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के लिए रांची ज़िला के मीडिया कर्मियों द्वारा पोस्टल बैलट से मतदान किया जा रहा है। आवश्यक सेवा में लगे जिन मीडियाकर्मियों द्वारा पोस्टल बैलट से मतदान के लिए आवेदन दिया गया था, उन्हें प्रथम चरण के लिए 8-10 नवंबर 2024 तक समाहरणालय स्थित पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान करने की व्यवस्था उपलब्ध है। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या 204 (द्वितीय तल) में पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है।

### स्वागत शिविर आयोजित

## छठव्रतियों व श्रद्धालुओं के बीच चाय और जल का वितरण



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** छठ पूजा के अवसर पर सेक्युरा प्रोटेक्शन फ़ोर्स (सिक्योरिटी एजेंसी) की ओर से हिनू एयरपोर्ट रोड पर स्वागत शिविर लगाया गया। इस मौके पर छठव्रतियों और श्रद्धालुओं के बीच चाय और जल का वितरण किया गया। सेक्युरा प्रोटेक्शन फ़ोर्स के चेयरमैन इंदरजीत सिंह एवं आकाश राज ने कहा कि इस वर्ष से कंपनी द्वारा छठ पूजा पर स्वागत शिविर लगाकर जनसेवा की शुरुआत की गई है। हर साल यह सिलसिला जारी रहेगा। इस अवसर पर सीनियर एडमिन मनीष, फील्ड ऑफिसर सुमन डुंगडुंग, अमन राज, आलोक कुमार ठाकुर , पीयूष सहित अन्य उपस्थित थे।

## बजाज फिनसर्व एएमसी का कंजम्पशन फंड लॉन्च

**मुंबई/पुणे।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने उपभोग थीम के अंतर्गत एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम, बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड शुरू करने की घोषणा की है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 8 नवंबर को खुल गया। इसकी न्यू फंड ऑफर अवधि 22 नवंबर 2024 को समाप्त होगी।

कंपनी के मुताबिक बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड एक ट्रू - टू - लेबल फंड है, जो उभरते हुए खपत मेगाट्रेंड के साथ बढ़ रहे हैं। ये मेगाट्रेंड्स भारत भर में खपत की आदतों को आकार देने वाले प्रभावशाली मेगाट्रेंड हैं। इस फंड का उद्देश्य एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कंज्यूमर गुड्स, हेल्थकेयर, रियल्टी, टेलीकॉम, पावर और सर्विसेज जैसे क्षेत्रों में अवसर खोजना है।

यह फंड उभरते उपभोक्ता उछाल से लाभ उठाने के लिए तैयार कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह फंड एक मार्केट - कैप - ऐग्नोस्टिक दृष्टिकोण का पालन करेगा, जो विभिन्न बाजार पूंजीकरणों में निवेश करने के लिए लचीलापन प्रदान करेगा। बजाज फिन्सर्व एएमसी के सीईओ गणेश मोहन कहते हैं, आय के स्तर और शहरीकरण में वृद्धि तथा लोगों के बुनियादी से विवेकाधीन खर्च की तरफ रुझानों के कारण भारत का उपभोग परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल रहा है। एक थीम के रूप में 'उपभोग' क्षेत्र निवेश के अनुकूल है क्योंकि व्यापक बाजारों की तुलना में इसके बुनियादी सिद्धांत मजबूत हैं। हम निश्चित रूप से मानते हैं कि आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण विस्तार की उम्मीद वाले क्षेत्रों जैसे एफएमसीजी, खाद्य सेवाएँ और त्वरित वाणिज्य, रियल्टी और ऑटो में वृद्धि के साथ यह फंड लंबे समय में हमारे निवेशकों के पोर्टफोलियो के लिए एक संपत्ति बन जाएगा।

बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य निवेश अधिकारी, निमेश चंदन कहते हैं, ÷बदलती जनसांख्यिकी और बढ़ती आय के स्तर देश को अधिक, अच्छी तरह, बेहतर और आसानी से उपभोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। एक तरफ जहां बाजार ने पिछले 2 वर्षों में अर्थव्यवस्था के पूंजीगत व्यय पक्ष पर ध्यान केंद्रित किया है, उपभोक्ता क्षेत्र ने अपने स्वयं के ऐतिहासिक मूल्यांकन के साथ - साथ व्यापक बाजारों के प्रीमियम की तुलना में आकर्षक मूल्यांकन किया है। बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड मेगाट्रेंड्स का लाभ उठाने और निवेशकों को विभिन्न क्षेत्रों में इस देश में घरेलू मांग के विकास का अवसर प्रदान करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है।

## प्रधानमंत्री के रोड शो से पूर्व रक्षा राज्य मंत्री की पत्रकार वार्ता

- रातू रोड में पीएम का होगा ऐतिहासिक स्वागत
- 501 ब्राह्मण शंखनाद कर पीएम के विजय संकल्प को देंगे आशीर्वाद- संजय सेठ



पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस नवंबर (रविवार) को रातू रोड में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। इस रोड शो के कार्यक्रम की जानकारी को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत की। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह झारखंड को हमेशा से मिलता रहा है। योजनाओं की सौगात के माध्यम से और झारखंड में विभिन्न अवसरों पर खुद आकर प्रधानमंत्री ने हमेशा स्नेह दिया है। अभी विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रधानमंत्री 10 नवंबर (रविवार) को रांची में रोड शो करेंगे। शाम 4 बजे से यह रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए न्यू मार्केट, रातू रोड चौक पर समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में रांची के आसपास के क्षेत्र से 20 हजार से अधिक बाइक सवार रांची आएंगे।

रांची से बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था हेहल, पंडरा और आईटीआई के समीप की गई है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक छऊ नृत्य के माध्यम से कलाकार प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। 501 ब्राह्मण शंख घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री के विजय संकल्प को अपना आशीर्वाद देंगे। वहीं अलग-अलग स्थान पर, विभिन्न मंचों के माध्यम से प्रधानमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। सिख समाज भी पीएम के अभूतपूर्व स्वागत को तैयार है। पूर्व में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत रांची की जनता ने ऐतिहासिक रूप से किया है। एक बार फिर रांची की जनता और भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर उत्सुक और उत्साहित हैं। श्री सेठ ने कहा कि रातू रोड के नागरिक स्वतः अपने घरों को सजा रहे हैं। कई स्थानों पर प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था हो रही है। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची सहित रातू रोड के नागरिकों से यह आह्वान किया है कि प्रधानमंत्री के स्मृति में यह रोड शो और उनका अभिनंदन ऐतिहासिक हो, इसके लिए हम सभी कार्य करें। अपने-अपने घरों को बंदनवार से सजाएं। घरों के सामने रंगोली बनाएं ताकि प्रधानमंत्री यहां से अभिनंदन की अमिट छाप लेकर दिल्ली लौटें। श्री सेठ ने कहा कि इस रोड शो में रांची की जनता प्रधानमंत्री को यह आश्वस्त कर देगी कि पूरा झारखंड डबल इंजन की सरकार बनाने को तैयार है। इस डबल इंजन की सरकार के वाहक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बनेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन और रोड शो को लेकर रातू रोड के नागरिक, रेहड़ी पटरी वाले सहित हर वर्ग प्रसन्न हैं। पत्रकार वार्ता में महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश भास्कर व हरविंदर सिंह बेदी मौजूद रहे।

## सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी ने दिया अर्घ्य



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता,हज़ारीबाग।** लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ के अवसर पर छठ व्रतियों व सहयोगियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ख्याल रखते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने सराहनीय पहल की। अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी संग बाइक पर सवार होकर निकले और शहर के विभिन्न छठ समितियों का उत्साहवर्धन किया। सांसद मनीष जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 36 स्थित प्रमोद विहार कॉलोनी और मासीपीढ़ी छठ घाट पर बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ,स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों के साथ अस्तलचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया एवं सभी को छठ महापर्व की बधाई दी। साथ ही भगवान भास्कर से उन्होंने सभी के जीवन में आरोग्य, समृद्धि और सुख- शांति की कामना की। इससे पहले शहर के अनन्दा चौक समिति और हुडहुडू जोड़ा तालाब परिसर में स्थानीय छठ पूजा समिति द्वारा आयोजित सूप, दूध और पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान विभिन्न छठ पूजा समितियां द्वारा सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। हुडहुडू और मासीपीढ़ी छठ घाट पर स्थानीय समाजसेवी सह युवा भाजपा नेता अविनाश यादव संग छठ महाव्रतियों का अभिनंदन करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री जायसवाल ने छठ महापर्व के सफल आयोजन में जुटे प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, समाजसेवी, विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठन, विभिन्न धार्मिक, राजनीतिक, समाजिक और शैक्षणिक संस्थानों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## सांसद मनीष जायसवाल व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने घोषणा संकल्प पत्र किया जारी



पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**हजारीबाग।** हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल व सदर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने चुनावी घोषणा संकल्प पत्र जारी किया है। मौके पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने जन कल्याण योजना चलाने की घोषणा की है।उन्होंने घोषणा पत्र जारी करते मतदाताओं से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि वह बरसों से सदर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का सपना देखते रहे हैं। मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया तो सदर विधानसभा को झारखंड का सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। मीडिया से मुखातिब होते भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र में पंचायत स्तर पर जन कल्याण केंद्र की स्थापना की जाएगी।ताकि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को एक ही स्थान पर मिल सके।मासिक जन कल्याण शिविर के साथ 24म7 घंटे हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने की पहल की जाएगी।स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल को राज्य का उत्कृष्ट मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। सदर और प्रखंड स्तर के अस्पताल के आधुनिकीकरण करते हुए सुपर स्पेशलिटी मेडिकल सेंटर में तब्दील किया जाएगा। गरीब तबके के लोगों के लिए मोबाइल क्लीनिक सेवा प्रारंभ की जाएंगी। जीवनरक्षक दवाओं की 24म7 घंटे उपलब्धता रहेगी। जिला से लेकर प्रखंड अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्र मे स्वास्थ्य सेवा के लिए उनकी टीम जनता के लिए काम करेगी। नगर निगम के सहयोग से मशीनीकृत सफाई प्रणाली और वैज्ञानिक कूड़ा प्रबंधन के माध्यम से नगर की नियमित सफाई की जाएगी। इसके अलावा शहर के बाजारों और मुख्य चौराहों पर सार्वजनिक शौचालयों की स्थापना की जाएगी। शहर से लेकर गांव की नालियों का सुदृढ़ीकरण करने का काम चलेगा।मच्छरों के नियंत्रण के लिए नियमित रसायन का छिड़काव किया जाएगा। कोनार डेम परियोजना को पूर्ण करके शहर में हर घर में नल के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में नए चापाकल लगाए जाएंगे। जल के महता को लोगों को समझाते हुए वर्षा जल संचयन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उनकी टीम 24 घंटा काम करते रहेगी। बुनियादी ढांचे का विकास उनकी प्राथमिकता होगी। सदर विधानसभा क्षेत्र के के जर्जर और पुराने सड़क का नवीनीकरण किया जाएगा। रिंग रोड का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को शहर से जोड़ने के लिए सड़क का जाल बिछाया जाएगा।युवाओं और महिलाओं के विकास के लिए विशेष पहल की जाएगी। पंचायत स्तर पर युवाओं के विकास के लिए आधुनिक पुस्तकालय, ई-लर्निंग सेंटर और कैरियर मार्गदर्शन केंद्र खोले जाएंगे। महिलाएं सशक्तिकरण के लिए बालिकाओं में शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। स्वयं सहायता समूह का गठन करने के साथ प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि विधायक मद की पारदर्शिता होगी।विधायक मद का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पंचायत जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से विकास कार्यों की निगरानी की जाएगी। ताकि सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों के जीवन स्तर मे सुधार आए। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता उदयभान नारायण सिंह, नगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष विवेक वरियार, मनोज श्रीवास्तव और भाजपा नेता उपस्थित थे।

## सैमसंग स्मार्टफोन बाजार में पहले स्थान पर रहा

**रांची।** सैमसंग 2024 की तीसरी तिमाही में भारत में वैल्यू के हिसाब से सबसे बड़ा स्मार्टफोन ब्रांड रहा। यह जानकारी काउंटरपॉइंट रिसर्च के द्वारा दी गई है। रिसर्च एजेंसी के अनुसार, इस तिमाही में सैमसंग के नेतृत्व में भारत के स्मार्टफोन बाजार ने सबसे ज्यादा वैल्यू प्राप्त की, और सैमसंग की बाजार हिस्सेदारी 23 प्रतिशत रही। सीनियर रिसर्च एनालिस्?ट प्रचीर सिंह ने कहा कि बाजार में अब कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ बिक्री में भी वृद्धि हो रही है। ईएमआई के आसान विकल्प और पुराने फोन बदलने की सुविधा इसका प्रमुख कारण हैं। सैमसंग फिलहाल 23 प्रतिशत की हिस्?सेदारी के साथ बाजार में पहले नंबर पर है। इसने अपनी प्रमुख गैलेक्सी एस सीरीज़ पर ध्यान देकर और अपने मूल्य-आधारित पोर्टफोलियो को बेहतर बनाकर अपनी स्थिति बनाए रखा है। अपनी बाजार उपस्थिति मजबूत करने के लिए, सैमसंग ने ए सीरीज में अपने मिड-रेंज और किफायती प्रीमियम मॉडलों में गैलेक?सी एआई फीचर्स को शामिल किया है।'' काउंटरप्?वाइंट ने कहा कि, जुलाई से सितंबर 2024 की तीसरी तिमाही के दौरान, स्मार्टफोन बाजार का कुल मूल्य पिछले साल की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ गया, जो एक तिमाही में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। वहीं, इस दौरान स्मार्टफोन की बिक्री की संख्या में 3 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी हुई है।

## उदीयमान भगवान भास्कर को प्रातःकालीन अर्घ्य अर्पण करने के साथ ही महापर्व छठ हर्षोउल्लास से संपन्न

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** उदीयमान भगवान भास्कर को प्रातःकालीन अर्घ्य अर्पण करने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व छठ हर्ष व उल्लास के बीच संपन्न हो गया। छठव्रतियों व उनके परिवार के सभी सदस्यों ने भगवान भास्कर व छठि मइया से अपने परिवार, समाज व देश की उन्नति की कामना करते हुए अपने-अपने घाटों से अपनी घर की ओर लौटे। शुक्रवार को अहले सुबह ब्रह्म मुहुर्त में ही बड़ी संख्या में लोग उन घाटों पर फिर से पहुंचे, जहां उन्होंने कल अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया था। छठ घाटों की शोभा देखते बन रही थी।

कई स्थानों पर छठव्रतियों को सहयोग व सुविधा प्रदान करने के लिए छठ पूजा समितियों ने विशेष व्यवस्था की थी। कई जगह ऐसे स्टॉल देखे गये। जहां आम की डौंगी, आम के दतवन, धूप, फल, अगरबत्तियों के पैकेट, धूप, दूध आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी, ताकि जरुरतमंद छठव्रती या उनके परिवार उन वस्तुओं का इस्तेमल कर सकें। कई छठव्रतियों व उनका परिवार विभिन्न वाद्ययंत्रों के साथ घाटों पर पहुंचा था, जिन वाद्ययंत्रों से छठगीत की स्वर लहरियां वातावरण को झंकृत कर रही थी।

इधर जैसे ही भगवान भास्कर के आगमन की सूचना हुई। आकाश में लालिमा छाने लगी। भगवान भास्कर के आगमन की आहट छठव्रतियों के परिवारों को सुनाई दी। सभी के हृदय पुलकित हो उठे। उधर आकाश में भगवान भास्कर अपने लाल रंग के स्वरूप में विद्यमान थे और इधर जलाशयों में छठव्रतियों का समूह, उन्हें दोनों हाथों से प्रणाम करते हुए उनका अभिनन्दन कर रहा था। इसी बीच कई छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देने की भी व्यवस्था कर ली।

## पूर्व मंडल अध्यक्ष की देखरेख आदिवासी समाज के साथ किया बैठक



**प्रतिनिधि,देवीपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झुंडी दौड़सा मोड़ स्थित भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में गुरुवार को आदिवासी समाज के साथ बैठक किया गया। बैठक पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज झा के देखरेख में किया गया। इस दौरान बीजेपी प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह के पक्ष में वोट करने का अपील किया गया और उन्हें अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने का अपील किया। बैठक में टीके सिंह, राजेंद्र राय, अभिनाश महतो, धीरज सिंह, किशुन किस्कू, हीरामन किस्कू, लक्ष्मण किस्कू, सोनाली किस्कू, सुभाष किस्कू, शंकर किस्कू, मंगल किस्कू, विनोद किस्कू, चतुर किस्कू, रविन्द्र किस्कू, सुधीर तुरी, सुनील हेंब्रम आदि दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## लोक गायिका स्वर्गीय शारदा सिन्हा के तस्वीर पर झामुमो प्रत्याशी हफीजुल हसन ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



**प्रतिनिधि, मधुपुर।** मधुपुर के पथरोल में लोकगायिका स्वर्गीय शारदा सिन्हा के तस्वीर पर महागठबंधन झामुमो उम्मीदवार हफीजुल हसन अंसारी ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ! उन्होंने कहा कि उनकी आवाज़ में बसा लोकगीतों का अनमोल खजाना हमेशा हम सभी के दिलों में गूंजता रहेगा।उन्होंने अपनी मधुर और सजीव गायकी से लोकगायन और सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया। उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें।

## चतरा जिले में लोक आस्था का महापर्व छठ हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,चतरा।** जिले में शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ भारतीय संस्कृति के लोक आस्था से जुड़ा हुआ छठ महापर्व उदयीमान सूरज को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। लोक संस्कृति के इस महापर्व का शुभारंभ नहाए खाए के साथ आरंभ होकर चार दिनों तक मनाया जाता है। आस्था के इस महापर्व को श्रद्धालु बड़ी पवित्रता के साथ श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। गुरुवार को श्रद्धालुओं ने अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया और शुक्रवार की प्रातः उदयाचल पर उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। चतरा जिले के चतरा, हंटरगंज, जोरी, लावालौंग, सिमरिया, पत्थलगड़ा, गिद्धौर, राजपुर, कान्हाचट्टी, इटखोरी और मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान भास्कर को अपना अर्घ्य अर्पित कर सुख शांति आरोग्य और समृद्धि की कामना की।



जिले में सभी छठ घाटों पर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। सभी छठ घाटों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से ग्रामवासीयों एवं गोताखोरों के द्वारा छठ घाटों पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित अर्घ्य अर्पित करने के लिए व्यवस्था की गई थी। पूरे जिले में आस्था का यह महापर्व शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# चौपारण पुलिस ने एक अफीम तस्कर समेत अफीम की बड़ी खेप बरामद की

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**चौपारण (हजारीबाग)।** बीते गुरुवार को चौपारण पुलिस को यह खुफिया सूचना प्राप्त हुयी कि दिल्ली कोलकाता हाईवे स्थित हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र से एक फॉर्चूनर वाहन में अवैध रूप से भारी मात्रा में अफीम लोड़ कर बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुये सूचना का सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही को निर्देशित किया गया।तत्पश्चात अनु0पु0पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में पु0अ0नि0 अनुपम प्रकाश, थाना प्रभारी चौपारण एवंअन्य पुलिस पदाधिकारीयों तथा थाना के सशस्त्र बल द्वारा सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु चौपारण थाना क्षेत्र के केन्दुआ मोड़ के पास जी0टी0 रोड पर बिहार की ओर जाने वाली सड़क पर वाहनों का विधिवत रूप से सघन जॉच प्रारम्भ किया गया। जॉच के क्रम में फॉर्चूनर गाड़ी संख्या क्क्क-11ष्ठष्ट-8302 के वाहन चालक को वाहन रोकने हेतु इशारा किया गया तो वह वाहन भगाने का प्रयास करने लगा। परन्तु आगे- पीछे वाहन रहने के कारण वह अपने गाड़ी को भगा नहीं पाया। इस दरम्यान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के द्वारा विधिवत वाहन चालक को नोटिस देकर वाहन की सघन जॉच प्रारम्भ करायी गयी। जॉच के क्रम में फॉर्चूनर गाड़ी संख्या क्क्क-11ष्ठष्ट-8302 के विभिन्न जगहों से सीट के नीचे - 05 पैकेट , चेचिस के नीचे दोनों साईड बनाये गये स्पेशल बॉक्स से 16 पैकेट अफीम की बरामदगी की गयी। इसे डीडी किट से जाँच करने पर अफीम होने की पुष्टि हुयी। वाहन चालक से उक्त अपफीम से संबंधित वैध कागजात मांगे जाने पर वह व्यक्ति कागजात प्रस्तुत नहीं कर पायें तथा कड़ाई से पूछ-ताछ करने पर उसने बताया कि खुटी जिले के विभिन्न जगहों सें उक्त अफीम को लाया है जिसे वह पंजाब एवं हरियाणा में सप्लाई करने हेतु ले जा रहा है। यह कार्य वह विगत कई वर्षो से करता आ रहा है। इसी अवैध व्यापार से इसके द्वारा रॉची में एक आलिशान मकान बनाया गया है।तत्पश्चात उसके निशान देही पर उसके रॉची स्थित आवास पर छापामारी करने पर पुलिस को 29 लाख?3 हजार 01 सौ अस्सी रूपये नकद राशि एवं 01 क्रेटा कार तथा 01 बुलेट बाईक की भी बरामदगी की गयी। उक्त काण्ड में संलिप्त अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश के लिये खूँटी जिले के साथ -साथ पंजाब एवं हरियाणा में छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम विजय कुमार पिता जगरनाथ साव जो ग्राम लमटा थाना लावालौंग जिला चतरा का निवासी है। जिसे वर्तमान पता जानकी नगर रोड नंबर 16 थाना सुखदेव नगर रांची बताया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को चौपारण थाना काण्ड संख्या380/ 24 दिनांक श्7.11.2024 धारा 17 सी/ 18 बी/21सी/22 सी / 23सी / 29 एन0डीश्पी0एसश्एक्ट के तहत न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही सह जप्तीपदाधिकारी अजीत कुमार विमल, पु0अ0नि0 अनुपम प्रकाश, थाना प्रभारी, चौपारण थाना, पु0अ0नि0 रवि रंजन, चौपारण थाना, स0अ0नि0 मो0 कमरूदिन, चौपारण थाना।स0अ0नि0 बादल कुमार महतो, चौपारण थाना स0अ0नि0 शशि रंजन जायसवाल, तकनीकी शाखा एवं थाना सशस्त्र बल समेत तकनीकी शाखा के कर्मी सम्मिलित थे।

## बहुजन समाज पार्टी ने खोला अपना चुनावी कार्यालय



**प्रतिनिधि,मधुपुर।** आगामी 20 तारीख को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाजवादी पार्टी ने अपना चुनावी कार्यालय मधुपुर विधानसभा के देवघर प्रखंड के चांदडीह में खोला है। चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जियाउल हक उर्फ टार्जन ने फीता काटकर अपना चुनावी कार्यालय का शुभ उद्घाटन किया। इस कार्यालय से मधुपुर विधानसभा के देवघर प्रखंड के आने वाले 6 पंचायत का संचालन होगा। और बहुत ही जल्द मधुपुर विधानसभा के अन्य प्रखंडों में भी बहुजन समाजवादी पार्टी का कार्यालय का उद्घाटन बहुत जल्द होगा। बहुजन समाजवादी प्रत्याशी जिया उल हक टार्जन ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है और विधानसभा के 409 वोटो पर अपनी मजबूत उपस्थिति पेश करेगी। मौके पर उनके दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ड्रग्स तस्करों के विरूद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**हजारीबाग।** पुलिस ने कार से 2.5 करोड़ रुपए की अफीम और 29 लाख रुपए कैश के साथ एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा गांव का विजय कुमार (पिता जगरनाथ साव) है। इसकी निशानदेही पर रांची में छापेमारी की गयी। गिरफ्तार तस्कर ने पुलिस को बताया कि वह खूंटी से अफीम उठाता था और पंजाब एवं हरियाणा में उसकी सप्लाई करता था। ये जानकारी एसपी अरविंद कुमार सिंह ने दी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार से भारी मात्रा में अफीम लेकर तस्कर दिल्ली-कोलकाता हाइवे से बिहार की ओर जा रहा है। इसके आधार पर बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में चौपारण थाना क्षेत्र के केंदुआ मोड़ के समीप सभी वाहनों की सघन जांच की जाने लगी। इसी क्रम में कार (पीबी-11 डीसी-8302) को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही चालक तेजी से वाहन भगाने लगा। पुलिस ने पीछा कर वाहन को रुकवाया। इसके बाद पुलिस ने कार की जांच की।कार की सीट के नीचे पांच पैकेट, चेचिस की दोनों ओर बनाए गए स्पेशल बॉक्स से 16 पैकेट अफीम जब्त की गयी। वाहन चला रहे चालक को पुलिस ने पकड़ लिया। जब्त अफीम की पुलिस ने डीडी कीट से जांच करायी। गिरफ्तार तस्कर की निशानदेही पर रांची में छापेमारी की गयी। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के जानकी नगर रोड नंबर-06 स्थित आवास में छापामारी के दौरान 29 लाख तीन हजार एक सौ 80 रुपए, एक क्रेटा कार और एक बुलेट जब्त की गयी है।पंजाब, हरियाणा और झारखंड की कई जगहों पर छापेमारी

एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ने जानकारी दी कि उसने अफीम का उठाव खूंटी जिले से किया था।अफीम को हरियाणा और पंजाब में सप्लाई करना था। तस्कर की निशानदेही पर पंजाब, हरियाणा और झारखंड के खूंटी और रांची में छापेमारी की गयी। इसमें 48.184 किग्रा अफीम (अनुमानित मूल्य दो करोड़ 40 लाख दो हजार), कैश 29 लाख तीन हजार एक सौ अस्सी रुपए, एक कार, एक क्रेटा कार, एक बुलेट, एक आईफोन और एक रियलमी का मोबाइल बरामद हुआ है।

## चौपारण में बरही विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने जनसंपर्क कर जन समर्थन के लिए मतदाताओं से की अपील

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**चौपारण (हजारीबाग)।** जैसे-जैसे चुनाव के दिन करीब आते जा रहे हैं वैसे-वैसे प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ते जा रही है। प्रत्याशी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से संपर्क साधने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सभी दलों के प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं की टोलियां लेकर अपने-अपने चुनाव क्षेत्र में मतदाताओं से सीधा संपर्क और संवाद कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

इसी क्रम में बरही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय तिलेश्वर साहू के पुत्र शाह बरही विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अरुण साहू ने चौपारण प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर मतदाताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान के लिए अपील किया ।

इस संपर्क कार्यक्रम का आरंभ चतरा मोड़ से हुआ इसके पश्चात सियारकोनी, तुरिया टोला, अंबेडकर टोला, दबगर टोला, बजरंग टोला, पपरो, नवापर, जमुनिया टोला, ताजपुर, मरहेरी, तेतरिया समेत 30 से अधिक गांव का दौरा कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। चौपारण प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में विभिन्न मुहल्लों में जाकर कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने मतदाताओं से संपर्क साधा। पत्रकारों से बात करते हुए अरुण साहू ने बताया की बरही विधानसभा क्षेत्र में भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न प्रकार की समस्याएं हैं। इन समस्याओं के निराकरण के लिए कभी कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया जिसके कारण आज शिक्षा स्वास्थ्य एवं सड़क परिवहन के क्षेत्र में कई तरह की समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि अगर जनता मुझे चुनती है तो सबसे पहले बरही विधानसभा क्षेत्र में पढ़ने वाले सभी क्षेत्रों का समुचित एवं सर्वांगीण विकास किया जाएगा।

दौरे के क्रम में विभिन्न मुहल्लों में अरुण साहू का मतदाताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## इटखोरी में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया लोक आस्था का महापर्व छठ

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड में लोक आस्था का महापर्व छठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नहाए खाए के दिन से आरंभ होकर चार दिवसीय इस पर्व का समापन उदयाचल पर उदयमान सूरज को अर्घ्य अर्पित कर हुआ। प्रखंड के विभिन्न गांव के छठ घाट पर श्रद्धालुओं ने गुरुवार को अस्ताचल गामी सूरज सांध्य अर्घ्य दिया और शुक्रवार को उदयांचल पर उदित भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इस चार दिवसीय पर्व में चारों ओर वातावरण छठ गीतों की अनुगुंज के साथ गूंजता रहा।



इटखोरी भद्रकाली अवस्थित महाने नदी तट पर व्रतियों की भारी भीड़ उपस्थित हुई। इस स्थान पर गंगा आरती का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा प्रखंड एवं आसपास के गांव के छठ घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने छठ की पूजा उपासना की।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हफीजुल हसन ने मधूपुर प्रखंड के जगदीशपुर, एवं तिलैया विशनपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया



**प्रतिनिधि, मधुपुर।** मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के मंत्री सह मधुपुर से महागठबंधन झामुमो प्रत्याशी हफीजुल हसन अंसारी ने शुक्रवार को मधुपुर प्रखंड के जगदीशपुर एवं तिलैया बिशनपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया। गाँव-गाँव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मेने विकास के अनेकों योजनाओं को दिया। हेमंत सरकार में चलायी जा रही योजनाओं से सभी लोग खुश है। आगामी 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव में झामुमो की जीत सुनिश्चित करने को लेकर क्रमांक संख्या 3नंबर पर तीर धनुष छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हफीजुल हसन को विजय बनावे।

## भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण ने जमुनी पंचायत के विभिन्न गांव में जन आशीर्वाद यात्रा कर जनता से समर्थन मांगा



**प्रतिनिधि,मधुपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने आज चरपा और जामुनी पंचायत के बिल्ली जमुनी लक्खीबाजार रूपाबाद मटियारा पनियारा गजंडा बरही पितिंजिया सरैहता संथाली सिमरा पथरा आदि गांवों में जन आशीर्वाद यात्रा कर जनता से समर्थन और आशीर्वाद मांगा। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गंगा नारायण सिंह ने कहा कि हम हिंदुओं के बीच ही कुछ तथा कथित धर्मनिरपेक्ष लोग अपने धर्म रास्ता पर भी खिलवाड़ कराने से नहीं रोकते पिछले दिनों मधुपुर में झील तालाब घाट पर हिंदुओं के सबसे बड़े नेम निष्ठा के त्योहार पर जिस प्रकार हिन्दू धर्म को कलंकित कराने का प्रयास किया गया वह अति निंदनीय है।हम सनातनी अगर एकजुट नहीं हुए तो अपने हिंदू समाज के ही कुछ छदम धर्मनिरपेक्ष लोग हिंदू धर्म का बेड़ा गर्क करा देंगे। मैं सभी धर्म का सम्मान करता हूं लेकिन अन्य धर्म के मानने वाले हमारे हिन्दू धर्म और आस्था पर चोट पहुंचाने का प्रयास करेगा तो न सिर्फ मैं बल्कि कोई भी सनतानी इसे बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके पुरजोर विरोध करेगा। लोगों से अपील करते हुए गंगा नारायण सिंह ने कहा कि समय आ गया है कि हम सब एकजुट होकर अपने धर्म और संस्कृति के अपमान का बदला वोट से लें और मधुपुर में कमल खिलाएें । आज के जन आशीर्वाद यात्रा में साथ चल रहे जिला परिषद सदस्य और भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र दास ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि हमारे समाज का वोट बंट रहा है। ऐसे भ्रम में ना पड़े और अपने समाज का एक मुस्त वोट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गंगा सिंह के पक्ष में करें।इस जन आशीर्वाद यात्रा में पवन दास किशन यादव रिंकू झा ओंकार भैया धनंजय रवानी, मणिकांत झा कौशल झा अनिल झा, महेश्वर यादव, बालकिशन तुरी कुंदन भाई सहित दर्जनों कार्यकर्ता साथ रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मधुपुर मे संभावित कार्यक्रम को लेकर स्थल का निरीक्षण



**प्रतिनिधि,मधुपुर।** आगामी 13 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देवघर जिला के पथरोल थाना अंतर्गत सिरसा मैदान में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गयी है। शुक्रवार को उपायुक्त विशाल सागर एवं पुलिस अधीक्षक अंबर लकड़ा ने संयुक्त रूप से मधुपुर अनुमंडल के सिरसा मैदान का निरीक्षण किया. मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित हुए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पूरे मैदान का जायजा लेने के बाद कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी हेलीपैड का निर्माण, मंच का निर्माण, वीवीआइपी एंट्री, अतिथियों के आगमन पर पहुंच पथ की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, आवश्यक साफ-सफाई एवं साज सज्जा, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं अस्थायी शौचालय की व्यवस्था, चिकित्सकीय व्यवस्था, ट्रैफिक व पार्किंग की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण समेत अन्य जरूरी व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को सक्रिय होकर कार्यक्रम की तैयारी निर्धारित समय पर करने को कहा. उन्होंने प्रधानमंत्री के मधुपुर मेंआगमन पर प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. मौके पर मधुपुर एसडीओ राजीव कुमार एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, अंचल अधिकारी यामुन रविदास, बीडियो अजय कुमार दास, अंचल पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार सगेत विभिन्न थाना प्रभारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### घरों में चोरी कर रहा था गैंगस्टर, पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार; पैर में लगी गोली

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के थाना जगदीशपुरा क्षेत्र में बंद मकानों को गैंगस्टर का गिरोह निशाना बना रहा था। थाना पुलिस ने बुधवार रात को बिचपुरी क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। उसने पुलिस ने बचने के लिए फायरिंग की। मगर, पुलिस ने अपना बचाव करते हुए गोली चलाई। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। आरोपी के दो साथी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगी है।

**सीसीटीवी से मिले सुराग:** एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि 1 नवंबर को कलवारी में चांदनी के घर में चोरी हुई थी। वह जयपुर गईं थीं। वहीं 28 अक्तूबर को राहुल नगर में हफीज खां के घर को चोरों ने निशाना बनाया। उनकी बेटी की शादी थी। परिवार मैरिज होम में गया था। पीछे से चोर घुस आए। लाखों के जेवरात चोरी करके ले गए। दोनों मामलों में मुकदमे दर्ज कर पुलिस तलाश में जुट गई। सीसीटीवी कैमरों से पुलिस को सुराग मिले।

**बदमाश के पैर में लगी गोली:** बुधवार रात को पुलिस टीम ने बिचपुरी में पथौली मार्ग पर मुठभेड़ के बाद किशोरपुरा के गुड्डा कोरी को गिरफ्तार किया। उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर गोली चलाई थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पूछताछ में पता चला कि दोनों घरों में उसने ही चोरी की थी। उसके साथ बिचपुरी का जीतू उर्फ कालिया और अछनेरा का राजू भी शामिल थे। गुड्डा पर पहले से 7 मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2015 में थाना ताजगंज में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा भी दर्ज हुआ था। आरोपी से तमंचा और जेवरात मिले हैं।

### युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी, परिवार में छाया मातम

**अलीगढ़ , एजेंसी।** मोहल्ला जहांगीराबाद में एक युवक ने 6 नवंबर की रात फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पत्नी ने पति को जब फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मोहल्ला जहांगीराबाद निवासी 30 वर्षीय टीकाराम पुत्र प्रताप सिंह नशे का आदि था। बीते रात उसने घर में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। रात एक बजे पत्नी की नींद खुली तो टीकाराम फंदे पर लटका हुआ था। गले में दुपट्टे का फंदा लगा हुआ था। चीख-पुकार मचने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया है कि टीकाराम नशे का आदी था, पूर्व में भी कई बाद अपने शरीर की जख्मी कर चुका था। युवक की मौत से पत्नी समेत एक बेटा और एक बेटी का रो-रोकर बुरा हाल था।

### साले पर लगाया बाइक जलाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** ससुराल आए युवक ने अपनी बाइक को जला देने का आरोप अपने साले पर लगाया है। मामले में युवक ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बुलंदशहर के थाना चौला के गांव सफदलपुर निवासी प्रिंस पुत्र बबलू ने बताया कि वह भाई दूज पर अपनी ससुराल गांव कुमरपुर आया था। मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे उसके सालों में आपस में विवाद हो गया। साले सोनू पुत्र दिलीप कुमार को टोक दिया। इसी बात से नाराज होकर सोनू ने अरुण व विष्णु पुत्रगण लाल सिंह निवासी टमौटिया को बुला लिया। बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग बाइक पूरी तरह जल गई। मामले में थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब पीकर पत्नी को पीटा, पति पहुंचा हवालात

**अलीगढ़ , एजेंसी।** शराब के नशे में पत्नी को पीटना एक पति को भारी पड़ गया। शिकायत पर पुलिस ने उसे हवालात में बंद कर दिया। गांव बढ़ारी खुर्द निवासी दीक्षा देवी पत्नी कौशल कुमार ने बताया कि उसके पति ने 6 नवंबर की शाम को शराब पीकर उसे बेल्ट व डंडे से पीट कर घायल कर दिया। उसने अपने मायके सूचना दी। मायके से आये उसके पिता को भी पति व ससुर ने पीट दिया। दीक्षा ने थाने में तहरीर दी तो पुलिस ने शराबी पति को पकड़ कर हवालात में बंद कर दिया है।

# जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई! मोरना में अखिलेश पर जमकर बरसे सीएम योगी

**मुजफ्फरनगर , एजेंसी।** मीरापुर विधानसभा के उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय राज्यमंत्री एवं रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह मोरना में आज जनसभा कर रहे हैं। महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज मोरना के खेल मैदान पर जनसभा हो रही है। कुछ ही दूरी पर हेलीपैड बनाए गए हैं। 1 बजकर 21 मिनट पर सीएम योगी मोरना में पहुंचे और फिर मंच के लिए रवाना हुए।

क्षेत्र की जनता को करेंगे संबोधित, पदाधिकारियों से करेंगे संवाद

सुबह डीएम और एसएसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार सीएम योगी को सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर सीएम मोरना पहुंचना था लेकिन वह अभी तकरीबन डेढ़ बजे मोरना पहुंचे। एनडीए की जनसभा को संबोधित कर वह पदाधिकारियों से संवाद करेंगे।

मोरना पहुंचने से पहले सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जनपद मुजफ्फरनगर के मीरापुर विधान सभा क्षेत्र की राष्ट्रवादी जनता सुशासन, सुरक्षा और विकास के लिए एनडीए को चुनने जा रही है।



### समाजवादी पार्टी नहीं चाहती थी कि उपचुनाव की तारीख हटे सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि मेरठ, मुजफ्फरनगर और आसपास के श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए जाते हैं, वहां विश्राम करते हैं। हम निर्वाचन आयोग का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने गंगा स्नान का सम्मान किया। लेकिन समाजवादी पार्टी ऐसा नहीं चाहती है। इन्होंने खटाखट के नाम पर जनता को गुमराह किया। इनके खटाखट का नाम मिला क्या, अब दोनों में खटपट शुरू हो गई। अवसर है अब इस समाजवादी पार्टी को सफाचट करने का। हथियारों का जखीरा बरामद हुआ था। याद करिए तब सपा सरकार के मुखिया उन दंगाइयों को सरकारी आवास में बुलाकर सम्मानित कर रहे थे। आपने देखा होगा कि जहां का किसान धरती माता में मेहनत और पुरुषार्थ लगाकर सोने जैसी फसले उगाता है, उसे ये पलायन कराने पर मजबूर कर रहे थे।

समाजवादी पार्टी समाज को बांटकर पूरी ताकत लगा रही थी। आज बेटियों बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। अपराधियों को मालूम है कि उसकी सजा उसे क्या मिलेगी। किसानों के मोटर चुराने की कीमत क्या चुकानी पड़ेगी।

अब मेरठ से दिल्ली की दूरी भी रैपिड ने तय कर ली है। बहुत जल्द ये दूरी मुजफ्फरनगर तक भी पूरी होगी। अन्नदाता किसानों को सात वर्ष में दो लाख 53 हजार किसानों को गन्ना भुगतान कराया है। किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहा है।

उन्होंने खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है। हमें गुंडे और दंगाई नहीं चाहिए। विकास के बैरियर को हटाने वाले लोग चाहिए। किसान का सम्मान करने वाले लोग चाहिए। भाजपा और आरएलडी की सरकार ही इस कार्य को कर सकती है। क्योंकि हमारे आदर्श चौधरी चरणसिंह हैं, धनसिंह कोतवाल जैसे महापुरुष हैं। जिनका सबकुछ मातृभूमि के लिए समर्पित हुआ है।

### जयंत चौधरी बोले सरकारी स्कूलों की हालत हुई बेहतर

जयंत चौधरी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पहले यूपी के सरकारी स्कूलों की हालत खराब थी। आज स्थिति अच्छी हुई है। खेल में युवाओं की प्रतिभा दिखाई दे रही है।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कड़ी सुरक्षा

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर 5 एडिशनल एसपी, 9 सीओ, 8 थाना प्रभारी, 19 इंस्पेक्टर, 625 दरोगा, हैड कांस्टेबल, कांस्टेबलों को तैनात किया गया है। इसके अलावा चार कम्पनी पैरामिलिट्री फोर्स व पीएसी भी तैनात की है।

उपचुनाव के लिए अलर्ट रहे पुलिस : एडीजी

एडीजी डीके ठाकुर ने मीरापुर उपचुनाव, गंगा स्नान और अन्य त्योहारों के लिए पुलिस लाइन में अधिकारियों की बैठक ली। नियमित गश्त करने और छोटी से छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए। एडीजी ने कहा कि उपचुनाव के दौरान अलर्ट रहे, किसी भी गांव में कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए।

### मीरापुर में 116 बूथ अतिसंवेदनशील

मीरापुर विधानसभा के उपचुनाव के लिए प्रशासन तैयारियों में जुटा है। 94 मतदान केंद्र और 116 बूथ अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। इन केंद्रों पर पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख 23 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। राजनीतिक दलों ने अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने की कवायद शुरू कर दी है। पुलिस-प्रशासन चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अपनी तैयारी में जुटा है। अतिसंवेदनशील बूथों पर कड़ी निगरानी रहेगी।

### भाजपा नेता अनीस अंसारी की अश्लील कॉल रिकॉर्डिंग वायरल, करीबियों ने महिला को धमकाया

**बरेली, एजेंसी।** बरेली में भाजपा महानगर कमेटी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीस अंसारी एक महिला से नजदीकी के मामले में फंसे नजर आ रहे हैं। महिला के खिलाफ वह हनीट्रैप कर वसूली की दो रिपोर्ट दर्ज करा चुके हैं। अब उनके करीबी कार्यकर्ता जावेद अंसारी आदि ने इसी महिला को उसके घर जाकर धमकाया है। महिला ने भाजपा नेता के करीबियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि अनीस अंसारी ने उससे शादी का वादा किया है। जावेद अंसारी अनीस का खास आदमी है, वह उसकी शादी नहीं होने दे रहा है। वह जावेद के घर मदद मांगने गई तो उसने धक्के मारकर भगा दिया। जावेद ने बाद में उसके घर आकर धमकी दी। कहा कि उसने अपने सगे भतीजे अयान की कुछ साल पहले हत्या कर दी थी, इसी तरह उसके बच्चों की भी हत्या कर देगा। जावेद के साथ इरफान अंसारी व एक अन्य युवक मौजूद था।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुई ऑडियो :** अनीस अंसारी और महिला की बातचीत की ऑडियो रिकार्डिंग सोशल मीडिया में वायरल हो रही हैं, जिसमें दोनों के बेहद करीबी रिश्ते का दावा किया जा रहा है। अनीस अंसारी का कहना है कि महिला उनकी पार्टी से ही जुड़ी है। गरीबी की वजह से उसकी मदद की। अब वह अपने साथियों से मिलकर उनसे वसूली की कोशिश कर रही है। आवाज उनकी नहीं है, बल्कि एआई तकनीक से हूबहू तैयार की गई है।

## पीलीभीत पुलिस पर फिर लगे आरोप: कोतवाली में आत्महत्या करने की कोशिश

**पीलीभीत , एजेंसी।** पीलीभीत के पूरनपुर कोतवाली में मारपीट की तहरीर पर कार्रवाई न होने से आहत किसान रस्सी लेकर कोतवाली पहुंच गया। आत्महत्या करने के लिए कोतवाली परिसर में पाकड़ के पेड़ से रस्सी का फंदा डाल भी दिया। आनन-फानन कुछ पुलिसकर्मियों ने उससे रस्सी छीन ली। बाद में दोनों पक्षों में समझौते के लिए पंचायत की कोशिश हुई। मगर मामला न निपटने पर किसान ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को दोबारा तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी किसान रामचंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री 28 अक्तूबर को कराई थी। तीन दिन पहले रजिस्ट्री करवाने वाले वकील देव शर्मा के पास गए। उनसे दाखिल खारिज की जानकारी की। आरोप है कि इस पर वकील ने उनको थप्पड़ जड़ दिया। उसके साथियों ने धक्का देकर भगा दिया। इसकी शिकायत उसने पुलिस से की। आरोप है कि पुलिस ने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की।

**कोतवाली परिसर में खड़े पेड़ पर डाला फंदा :** बृहस्पतिवार को रामचंद्र कोतवाली पहुंचे। शिकायत दर्ज कराने को लेकर उनका कोतवाली में भी विवाद हो गया। इससे क्षुब्ध होकर रामचंद्र कोतवाली से भागकर बाजार पहुंचे और आत्महत्या करने के लिए रस्सी खरीद लाए। उन्होंने कोतवाली परिसर में खड़े पाकड़ के पेड़ से लटकने के लिए रस्सी का फंदा भी डाल लिया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों ने उनसे रस्सी छीन ली। रामचंद्र रो-रोकर मरने या मारने की बात बार-बार कह रहे थे। बाद में दोनों पक्षों में समझौता कराने की कुछ लोगों ने कोशिश की। मगर ऐसा नहीं हो सका। रामचंद्र सिंह ने पुलिस को दोबारा तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। मामला पुलिस कर्मियों और आसपास के लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि ऐसा कोई मामला कोतवाली में नहीं हुआ है।

## आगरा में बिजलीघर चौराहे पर अब नहीं मिलेंगे ऑटो और ई-रिक्शा, यातायात माह में होगी नई व्यवस्था



**आगरा , एजेंसी।** यातायात माह में पुलिस 20 चौराहों का कायाकल्प करने जा रही है। इन चौराहों पर अतिक्रमण और जाम की समस्या को दूर किया जाएगा। इनमें से एक बिजलीघर चौराहे को ऑटो और ई-रिक्शा फ्री किया जाएगा। चौराहे से 5 रूट पर सवारी वाहन चलते हैं। इन रूट पर ही ऑटो-ई रिक्शा खड़े कराए जाएंगे। इनको चौराहे पर नहीं जाने दिया जाएगा। बिजलीघर चौराहे से ऑटो यमुना किनारा मार्ग, मंटोला, आगरा किला-पुरानी मंडी, छीपीटोला और बालूगंज की तरफ जाते हैं। चालक अपने वाहनों को चौराहे पर ले आते हैं। सवारियों को उतारने के साथ बैठाते भी हैं। इससे जाम लगता है। एसीपी यातायात सैय्यद अरीब अहमद ने बताया कि यातायात माह में 20 चौराहे चिह्नित किए गए हैं। इन चौराहों पर यातायात व्यवस्था को सुगम किया जाएगा। इनमें बिजलीघर भी शामिल है। इन चौराहों पर यातायात होमगार्ड की ड्यूटी होगी। वह ऑटो को चौराहे की तरफ नहीं जाने देंगे। अगर, चालक वाहन को ले जाते हैं तो उसे सीज कर दिया जाएगा। उनके लिए अलग से प्रत्येक रूट पर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

### ठेल और खोखे भी नहीं लगेंगे

चौराहे से अतिक्रमण भी हटाया जाएगा। रास्ते में ठेल और खोखे नहीं लगाने दिए जाएंगे। बसों को भी निर्धारित स्थान पर खड़ा कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों से भी समन्वय किया जाएगा। चौराहे पर एक क्रेन रहेगी, जिस वाहन को सीज किया जाएगा, उसे वह पुलिस लाइन लेकर जाएगी। कैमरों और ट्रैफिक लाइट से यातायात का संचालन कराया जाएगा।

## क्षतिग्रस्त घरों की हकीकत जानने के लिए दौड़े अधिकारी, डीएम ने दिया लोगों को आश्वासन



**आगरा, एजेंसी।** भूमिगत मेट्रो के लिए सुरंग की हो रही खुदाई से क्षतिग्रस्त घरों की हकीकत जानने के लिए बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी मोती कटरा पहुंचे। उन्होंने गिरासू घरों की पुख्ता मरम्मत, रंगाई-पुताई से लेकर कंक्रीट से बुनियाद भरने के निर्देश दिए। साथ ही मेट्रो अधिकारियों से कहा कि जब तक भवन स्वामी संतुष्ट न हों, क्षतिग्रस्त घर उन्हें सुपुर्द न किए जाएं। भवन स्वामियों का कोई नुकसान नहीं होना चाहिए।

मेट्रो के पहले कॉरिडोर के दूसरे चरण में आगरा कॉलेज से एसएन मेडिकल कॉलेज होते हुए मोती कटरा के रास्ते मनकामेश्वर तक दोहरी सुरंग खोदी जा रही है। इसमें करीब 20-20 फीट व्यास की हाइड्रोलिक मशीनें लगी हैं। मोती कटरा क्षेत्र में खुदाई से 146 घर क्षतिग्रस्त हो गए। भवन स्वामियों ने बताया कि छत, फर्श व दीवारों से लेकर चौखटों तक में दरारें आ गई हैं। उनके घर जैसे थे, वैसे ही बनाए जाएं। डीएम ने भवन स्वामियों को आश्वासन दिया कि किसी का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। जैसा वो चाहते हैं, उसी तरह से मरम्मत व अन्य कार्य कराए जाएंगे। डीएम ने आगरा मेट्रो प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविंद राय को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को हुई क्षति का आकलन कराया जाए। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार फर्म एफकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष मिश्रा, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

**आईआईटी रुड़की टीम करेगी स्वतंत्र सर्वे:** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि कार्यदायी संस्था एफकॉन ने प्रभावित क्षेत्र का सर्वे कराया है। स्वतंत्र जांच एजेंसी के रूप में आईआईटी रुड़की की टीम से क्षति का आकलन और स्थायी समाधान के लिए सर्वे कराया जाएगा। एफकॉन के सर्वे में 146 घर गिरासू मिले थे।

## एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: श्रद्धालुओं से भरे टेम्पो ट्रैवलर में कैंटर ने मारी टक्कर, 3 की मौत; आधा दर्जन घायल

**फिरोजाबाद, एजेंसी।** फिरोजाबाद के पास शिकोहाबाद में अयोध्या एवं वृंदावन दर्शन करने जा रहे टेम्पो ट्रैवलर सवार श्रद्धालुओं को कैंटर ने एक्सप्रेस-वे पर टक्कर मार दी। इस घटना में दो बच्चे सहित तीन की मौत हो गई। वहीं ट्रैवलर चालक समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य घायलों को सैफई पीजीआई एवं मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद भेजा गया है।

मनीष कुमार (38) निवासी गांव मारौली थाना उम्मरगांव जिला बलसाड़, गुजरात जोकि टेम्पो ट्रैवलर का चालक है। वह ट्रैवलर में कुल 19 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या एवं वृंदावन दर्शनों के लिए गत 2 नवंबर को निकला था। अयोध्या में राम मंदिर के दर्शनों के बाद ट्रैवलर चालक सभी श्रद्धालुओं को लेकर 7 नवंबर की शाम अयोध्या से वृंदावन दर्शनों के लिए जा रहा था। शुक्रवार सुबह 6:00 बजे करीब जैसे ही वह थाना नसीरपुर क्षेत्र के अंतर्गत किलोमीटर संख्या 54 के समीप पहुंचा, तभी अचानक पीछे से एक कैंटर उसको ओवरटेक करते हुए तेजी से निकल गया। कैंटर से बचने के लिए ट्रैवलर चालक ने जैसे ही ट्रैवलर को बाईं ओर मोड़ा। इस दौरान एक्सप्रेस-वे पर पहले से खड़े एक कैंटर में टेम्पो ट्रैवलर घुसा चला गया। इस घटना में युग (13) निवासी खरड़पुर जिला सिलवास दमन, दादरनगर हवेली, राधा बेन पत्नी कांति भाई और दो वर्षीय प्रसा पटेल की मौत हो गई। जबकि जय कुमार (14), विरल (35), नीला (58), हिरन ठाकुर (46) समेत अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना नसीरपुर पुलिस एवं यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। जिन्होंने सभी घायलों को उपचार के लिए तत्काल ही जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद, मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद एवं गंभीर घायलों को सैफई पीजीआई में भर्ती कराया है।

# संतों में महाभारत: अखाड़ा परिषद के दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप

**प्रयागराज , एजेंसी।** मेला प्राधिकरण कार्यालय में मारपीट के बाद अखाड़ा परिषद के दोनों धड़े के संतों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। हमले के बाद निर्मोही अखाड़े के अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास ने जहां एक धड़े के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी, महामंत्री हरि गिरि और जूना अखाड़े के अध्यक्ष महंत प्रेम गिरि समेत 20-25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की तहरीर दी है, वहीं देर शाम अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी और जूना अखाड़े के अध्यक्ष प्रेम गिरि ने भी राजेंद्र दास और उनके समर्थकों के खिलाफ मेलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया और दोषियों के खिलाफ एफआईआर की गुहार लगाई।

महंत राजेंद्र दास ने अपनी तहरीर में लिखा है कि दोपहर दो बजे मेला कार्यालय में भूमि अवलोकन के लिए बुलाया गया था। बैठक से पहले ही जूना अखाड़े के महंत हरि गिरि, महंत प्रेम गिरि और निरंजनी अखाड़े के रवींद्र पुरी ने अपने समर्थकों के साथ उन पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट के बाद उनको जान से मारने की धमकी भी दी गई। हमले की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है।



महंत राजेंद्र दास पर हमले के विरोध में पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, पंचायती अखाड़ा शंभू अटल, पंचायती अखाड़ा निर्मल, पंच निर्मोही अनि, पंच दिगंबर अनि और पंच निर्वाणी अनि के प्रतिनिधियों ने एक साथ मेलाधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र दिया। इसमें छह अखाड़े के पदाधिकारियों ने राजेंद्र दास पर हमला करने वाले संतों पर एफआईआर लिखकर कार्रवाई करने की बात कही है।

साथ ही मेला प्रशासन को चेताया है कि अगर एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह मेला प्रशासन की ओर से बुलाई गई किसी भी बैठक और कुंभ में हिस्सा नहीं लेंगे। उधर, शाम को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी और जूना अखाड़े के अध्यक्ष महंत प्रेम गिरि ने भी मेलाधिकारी को अलग-अलग शिकायती पत्र दिया। प्रेम गिरि ने अपनी शिकायत में कहा है कि भूमि आवंटन से पहले मेला कार्यालय में पूजापाठ और देवताओं स्तुति चल रही थी। महादेव की भी स्तुति हो रही थी।

उसी समय पीछे से निर्मोही अखाड़े के राजेंद्र दास कई साधुओं को लेकर आए और शोर मचाते हुए पूजा पाठ में व्यवधान पैदा करने लगे। मना करने पर राजेंद्र दास ने अपने वैरागी परंपरा के समर्थकों के साथ मेरे और महंत रवींद्र पुरी और महंत हरि गिरि पर जानलेवा हमला कर दिया। कपड़े फाड़ डाले और धमकी देने लगे कि हनुमान गढ़ी और चित्रकूट से हजारों साधुओं को बुलाकर इन सबको ठिकाने लगा देंगे।

इसी तरह अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने अपनी तहरीर में राजेंद्र दास पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। वह महंत प्रेम गिरि पर भी टूट पड़े । किसी तरह जान बचाकर वहां से भागना पड़ा। उन्होंने कहा है कि राजेंद्र दास इससे पहले हरिद्वार कुंभ में भी अपर मेलाधिकारी पर हमला कर चुके हैं। उज्जैन कुंभ में भी उन्होंने मारपीट और विवाद पैदा किया था।

## संपादकीय

# तारीखों में बदलाव से निर्वाचन आयोग पर उठ रहे सवाल

मतदाताओं की सुविधा-असुविधा का खयाल रख कर अगर चुनाव की तारीखें तय की जाती हैं, तो उस पर किसी को आपत्ति नहीं होगी, मगर इसके पीछे कोई मजबूत कारण न हो तो यह शक का आधार बनने लगता है। उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल विधानसभा की चौदह सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों के लिए निर्वाचन आयोग ने तय तारीखें बदल कर नई तारीख बीस नवंबर निर्धारित कर दी है। कुछ पर्व-त्योहारों के मद्देनजर मतदान के कार्यक्रम में इस बदलाव के लिए कुछ राजनीतिक पार्टियों की ओर से मांग की गई थी। बताया जा रहा है कि पहले निर्धारित तिथि पर लोगों को असुविधा होती और मतदान पर इसका असर पड़ता। जो हो, अब नई तारीख तय होने के बाद उम्मीद की जानी चाहिए कि उस दिन संपन्न होने वाले मतदान को लेकर सभी पक्ष संतुष्ट होंगे और किसी तरह के सवाल नहीं उठेंगे। सवाल है कि पहले जब चुनाव आयोग ने मतदान की तारीखें तय की थी, तब क्या उसे उस दौरान पड़ने वाले त्योहारों और उसकी वजह से मतदाताओं को होने वाली असुविधा का खयाल नहीं आया था! फिर, जो चुनाव कार्यक्रम तय किए जाते हैं, उसमें पर्व-त्योहारों को ध्यान में रख कर बदलाव करने के मामले में क्या समदृष्टि का उपयोग किया जाता है? उत्तर प्रदेश, पंजाब या केरल जैसे राज्यों में चुनाव के दौरान अगर कुछ पर्व-त्योहार आ रहे थे, तो यह कोई नई और अचानक पैदा होने वाली बाधा नहीं थी। निर्वाचन आयोग की ओर से जब चुनाव प्रक्रिया और मतदान की तारीखों का निर्धारण किया जाता है, तो इन पहलुओं का ध्यान पहले ही रखा जाता है। विडंबना है कि इन उपचुनावों की घोषणा के बाद तय दिनों में मतदाताओं की असुविधा और मतदान पर पड़ने वाले असर की दलील पर कार्यक्रम में फेरबदल किया गया। हाल के वर्षों में चुनाव प्रक्रिया से लेकर परिणाम घोषित होने तक के मामले में पक्षपात सहित कई तरह के सवाल उठते रहे हैं। अब अगर मतदान की तारीखों में भी फेरबदल को लेकर इस तरह के ऊहापोह दिखने शुरू होंगे तो आम लोगों में चुनावों को लेकर भरोसा पैदा करना मुश्किल होगा।

# भारत की आर्थिक प्रगति में समाज से अपेक्षा

**पूंजीवाद की नीतियों के अनुपालन के चलते वर्तमान में विश्व के कई देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो रहा है। परंतु, प्राचीनकाल में भारत में उपयोग में लाए जा रहे आर्थिक मॉडल को अपनाए जाने के कारण भारत में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध रहता था। भारत में अतिप्राचीन काल से ग्रामीण क्षेत्र ही विकास के केंद्र रहते आए हैं। भारत का कृषि क्षेत्र तो विकसित था ही, साथ में, कुटीर उद्योग भी अपने चरम पर था। पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवसाय को आगे बढ़ाया जाता था। नौकरी शब्द तो शायद उपयोग में था ही नहीं क्योंकि परिवार के सदस्य ही अपने पुरखों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में रुचि लेते थे अतः भारत के प्राचीन काल में नागरिक उद्यमी थे। नौकरी को तो निकृष्ट कार्य की श्रेणी में रखा जाता था। भारत में भी आर्थिक विकास की दर में तेजी तो दृष्टिगोचर है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हो रही है और आज यह लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है।**

**(प्रह्लाद सबनानी)**

भारत में आर्थिक प्रगति के चलते सम्पत्ति के निर्माण की गति भी तेज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023 के अंत में आयकर विभाग में जमा की गई विवरणियों के अनुसार, 230,000 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की बताया है।

विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी मॉडल को अपनाकर आर्थिक विकास को गति देने का प्रयास पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से हो रहा है। पूंजीवाद की यह विशेषता है कि व्यक्ति केवल अपनी प्रगति के बारे में ही विचार करता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के एहसास को भूल जाता है। जिससे, विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के चलते समाज में असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विनिर्माण इकाईयों में मशीनों के अधिक उपयोग से उत्पादन में तो वृद्धि होती है परंतु रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित नहीं हो पाते हैं। रोजगार की उपलब्धता में कमी के चलते समाज में कई प्रकार की बुराईयां जन्म लेने लगती हैं क्योंकि यदि किसी नागरिक के पास रोजगार ही नहीं होगा तो वह अपनी भूख मिटाने के लिए चोरी चकारी एवं हिंसा जैसी गतिविधियों में लिप्त होने लगता है। पूंजीवाद की नीतियों के अनुपालन के चलते वर्तमान में विश्व के कई देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो रहा है। परंतु, प्राचीनकाल में भारत में उपयोग में लाए जा रहे आर्थिक मॉडल को अपनाए जाने के कारण भारत में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध रहता था। भारत में अतिप्राचीन काल से ग्रामीण क्षेत्र ही विकास के केंद्र रहते आए हैं। भारत का कृषि क्षेत्र तो विकसित था ही, साथ में, कुटीर उद्योग भी अपने चरम पर था। पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवसाय को आगे बढ़ाया जाता था। नौकरी शब्द तो शायद उपयोग में था ही नहीं क्योंकि परिवार के सदस्य ही अपने पुरखों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में रुचि लेते थे अतः भारत के प्राचीन काल में नागरिक उद्यमी थे। नौकरी को तो निकृष्ट कार्य की श्रेणी में रखा जाता था।

भारत में भी आर्थिक विकास की दर में तेजी तो दृष्टिगोचर है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हो रही है और आज यह लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है। प्रति व्यक्ति आय यदि 14000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो जाती है तो भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। अतः प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की आय में वृद्धि करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत में आर्थिक विकास के साथ साथ मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या भी बढ़ रही है। परंतु, साथ में आय की असमानता की खाई भी चौड़ी हो रही है, क्योंकि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय तुलनात्मक रूप से तेज गति से बढ़ रही है। हालांकि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग, विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों, के लिए कई विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसका असर भी धरातल पर दिखाई दे रहा है। हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भारी कमी दिखाई दी है।

भारत में आर्थिक प्रगति के चलते सम्पत्ति के निर्माण की गति भी तेज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023 के अंत में आयकर विभाग में जमा की गई विवरणियों के अनुसार, 230,000 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की बताया है। यह संख्या पिछले 10 वर्षों के दौरान 5 गुणा बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2012-13 में 44,078 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की घोषित किया था। उक्त आंकड़ों में वेतन पाने वाले नागरिकों का प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 52 प्रतिशत रहा है, वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 49.2 प्रतिशत था तथा वित्तीय वर्ष 2012-13 में यह प्रतिशत 51 प्रतिशत था। इस प्रकार एक करोड़ रुपए से अधिक का वेतन पाने वाले नागरिकों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं आया है। जबकि व्यवसाय करने वाले नागरिकों की आय और अधिक तेज गति से बढ़ी है। 500 करोड़ रुपए से अधिक की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में समस्त करदाता व्यवसायी हैं। 100 करोड़ रुपए से 500 करोड़ रुपए की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में 262 व्यवसायी हैं एवं केवल 19 वेतन पाने वाले नागरिक हैं। भारत के एक प्रतिशत नागरिकों के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक की सम्पत्ति है। अतः देश में आय की असमानता स्पष्टतः दिखाई दे रही है।



एक अनुमान के अनुसार यदि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवार की आय में 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह केवल 10 रुपए का खर्च करता है एवं 90 रुपए की बचत करता है जबकि एक गरीब परिवार की आय में यदि 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह 90 रुपए का खर्च करता है एवं केवल 10 रुपए की बचत करता है। इस प्रकार किसी भी देश को यदि उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि करना है तो गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध करानी होगी। जबकि विकसित देशों एवं अन्य देशों में इसके ठीक विपरीत हो रहा है, उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में तेज गति से वृद्धि हो रही है जिसके चलते कई विकसित देशों में आज उत्पादों की मांग बढ़ने के स्थान पर कम हो रही है और इन देशों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की दर बहुत कम हो गई है तथा इन देशों की अर्थव्यवस्था में आज मंदी का खतरा मंडरा रहा है। उक्त परिस्थितियों के बीच वैश्विक पटल पर भारत आज एक दैदीप्यमान सितारे के रूप में चमक रहा है। भारत में आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत के आसपास आ गई है और इसे यदि 10 प्रतिशत के ऊपर ले जाना है तो भारत में ही उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करनी होगी इसके लिए गरीब वर्ग की आय में वृद्धि करने सम्बंधी उपाय करने होंगे तथा रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने होंगे। प्राचीनकाल में भारत में उपयोग किए जा रहे आर्थिक दर्शन को एक बार पुनः देश में लागू किए जाने की आवश्यकता है। आज भारत में शहरों को केंद्र में रखकर विकास की विभिन्न योजनाएं (स्मार्ट सिटी, आदि) बनाई जा रही है, जबकि, आज भी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण इलाकों में ही निवास करती है। इसलिए भारत को पुनः ग्रामों की ओर रूख करना होगा। न केवल कृषि क्षेत्र बल्कि ग्रामीण इलाकों में कुटीर एवं लघु उद्योगों की स्थापना की जानी चाहिए जिससे रोजगार के पर्याप्त अवसर ग्रामीण इलाकों में ही निर्मित हों और इन स्थानों पर उत्पादित की जा रही वस्तुओं के लिए बाजार भी ग्रामीण इलाकों में ही विकसित हो सकें। लगभग 50 गावों के क्लस्टर विकसित किए जा सकते हैं, इन इलाकों में निर्मित उत्पादों को इस क्लस्टर में ही बेचा जा सकता है और यदि इन इलाकों के स्थित कुटीर एवं लघु उद्योगों में उत्पादन बढ़ता है तो उसे आस पास के अन्य क्लस्टर एवं शहरों में बेचा जा सकता है। इससे स्थानीय स्तर पर ही उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर निर्मित होने से ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे परिवारों के शहरों की ओर पलायन को भी रोका जा सकेगा। अंततः इससे शहरों के बुनियादी ढांचे पर लगातार बढ़ रहे दबाव को भी कम किया जा सकेगा।

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति की यह विशेषता रही है कि समाज में निवास कर रहे गरीब वर्ग के नागरिकों की सहायता के लिए सक्षम समाज हमेशा से ही आगे रहता आया है। यह सेवा कार्य विभिन्न मंदिरों, मठ्ठ, सामाजिक संस्थाओं, सांस्कृतिक संस्थाओं एवं न्यासों द्वारा सफलता पूर्वक किया जाता रहा हैं। एक अनुमान के अनुसार, भारत में प्रतिदिन लगभग 10 करोड़ नागरिकों के लिए अन्न क्षेत्रों में भोजन प्रसादी उपलब्ध कराई जाती है। इसी प्रकार कई सामाजिक, सांस्कृतिक एवं न्यासों द्वारा अस्पताल चलाए जाते हैं, जहां मुफ्त अथवा बहुत ही कम कीमत पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। कुछ संस्थानों द्वारा स्कूल भी चलाए जाते हैं जहां गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार समाज के गरीब वर्ग को यदि भोजन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं मुफ्त अथवा कम कीमत पर उपलब्ध हो सकती हैं तो उनके द्वारा अर्जित की जा रही आय को अन्य उत्पादों को खरीदने में उपयोग किया जा सकता है जिससे अंततः विभिन्न उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होती है। यह मॉडल भी केवल भारत में ही दिखाई देता है। वरना, अन्य विकसित देशों में तो कुछ भी मुफ्त नहीं है। विकसित देशों में नागरिकों को केवल अपनी प्रगति की चिंता है, समाज में गरीब वर्ग के अन्य नागरिकों के लिए कोई चिंता का भाव दिखाई ही नहीं देता है। अतः भारत में समाज के नागरिकों द्वारा गरीब वर्ग के सहायतार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को गति देने के प्रयास करने चाहिए, जिससे देश के विकास को और अधिक गति मिल सके।

**(लेखक सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)।**

# दुनिया पर क्या असर डालेगी ट्रंप की वापसी, क्या हैं उम्मीदें-आशंकाएं?

**(चंद्रभूषण)**

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव नतीजों का इतनी बेसब्री से इंतजार पहले शायद ही कभी हुआ हो, और इसकी अकेली वजह यह कि इतने लंबे समय तक दो बड़ी लड़ाइयों का बोझ बर्दाश्त करना दुनिया के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। डॉनल्ड ट्रंप की छवि एक शांतिप्रिय राजनेता जैसी कभी नहीं रही लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध जल्दी रुकवा देने के उनके चुनावी बयान से यह उम्मीद जरूर बनी कि नैटो पक्ष की ओर से इस दिशा में कुछ बात तो शुरू होगी।

**युद्ध रुकवाएंगे ट्रंपः** दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप अपने बयान से मुकर भी सकते हैं। कथनी और करनी को जोड़कर चलने की बाध्यता उन्होंने आजतक नहीं महसूस की है। लेकिन उनका जनाधार यूक्रेन के मोर्चे पर मामला ठंडा करने के पक्ष में है। विवेक रामास्वामी से लेकर इलॉन मस्क तक कई महत्वपूर्ण रिपब्लिकन नेता और समर्थक इसकी जोरदार वकालत करते रहे हैं। लिहाजा संभावना यही है कि ट्रंप के शपथ ग्रहण के साथ इस दिशा में कुछ हरकत होने लगेगी।

**इस्राइल को छूटः** ऐसी कोई बात दूसरी लड़ाई, यानी फलस्तीनी इलाकों और लेबनान में जारी इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों को लेकर नहीं कही जा सकती। डॉनल्ड ट्रंप की नीति शुरू से इस्राइल को फलस्तीनी अरब बस्तियों पर हमले की खुली छूट देने की रही है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने इस्राइल स्थित अमेरिकी दूतावास को वहां की राजधानी तेल अवीव से येरुशलम ले जाने का फैसला किया था, जो एक तरह से संयुक्त राष्ट्र के फैसले को खारिज करते हुए इस प्राचीन शहर पर पूरी तरह से इस्राइल का कब्जा घोषित करने जैसा था।

**ईरान की मुश्किलः** ट्रंप की वापसी का इस्राइल-फलस्तीन युद्ध पर इतना ही असर हो सकता है कि पिछले कई दिनों से ईरान की ओर से इस्राइल पर जवाबी हमले की तैयारियों की जो खबरें आ रही हैं, वे शायद गलत साबित हों और ईरान अपने इस इरादे को हमेशा के लिए ठंडे बस्ते में डाल दे। उसने ऐसा नहीं किया तो उसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े अमेरिकी दखल के लिए तैयार रहना होगा। यूं भी ट्रंप का रुख ईरान पर अधिक सख्ती बरतने का रहा है और उनकी वापसी से इस देश को भारी समस्या हो सकती है।

**चीन पर रुखः** एक महत्वपूर्ण पहलू दुनिया की दोनों शीर्ष आर्थिक शक्तियों के आपसी रिश्ते का है। चीन से होने वाले आयात पर टैक्स की दरें बढ़ाकर उसके खिलाफ व्यापार युद्ध की शुरुआत डॉनल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दूसरे साल से ही कर दी थी। हाल के अपने चुनावी भाषणों में उन्होंने इस मामले में और ज्यादा सख्ती दिखाने के संकेत दिए हैं। लेकिन चीन के प्रति जोसफ बाइडन की नीति भी ट्रंप से निरंतरता बरतने की ही रही है, लिहाजा किसी नाटकीय बदलाव की कल्पना करना कठिन है।

**ट्रंप की दुविधाः** चीन द्वारा अमेरिका को किया जाने वाला निर्यात आज भी बहुत बड़ा है, लेकिन उसमें एक झटके में कोई बड़ी कटौती करने पर अमेरिका में महंगाई का मुद्दा बहुत तीखा हो जाएगा। कई चीजें ऐसी हैं जो अमेरिका में बनाने पर चीनी आयात की तुलना में कई गुना महंगी हो जाती हैं। इसके बावजूद, ट्रंप को अमेरिकी बाजारों में चीन का दखल घटाना है तो इसके लिए बयानों से आगे बढ़कर उन्हें लंबी तैयारी करनी पड़ेगी।

**यूरोप से टकरावः** पिछले कार्यकाल में ट्रंप का सबसे तीखा टकराव यूरोप की सरकारों द्वारा रक्षा के मद में बहुत कम खर्च किए जाने को लेकर था। दरअसल, कई दशकों से वे यह मानकर चल रही थीं कि यूरोप की सुरक्षा की जिम्मेदारी सबसे बढ़कर अमेरिका पर है, जिसकी एटमी मिसाइलों और राडारों के लिए जगह मुहैया करा देने के बाद उन्हें कुछ विशेष चिंता करने की जरूरत नहीं है। यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान उनकी यह सोच अचानक उनके गले पड़ गई है। आर्थिक रूप से भी इस लड़ाई ने यूरोपीय देशों की हालत काफी खराब कर रखी है। ऐसे में अमेरिका पर हर लिहाज से उनकी निर्भरता बहुत बढ़ गई है और ट्रंप इसका फायदा उठाने का कोई मौका नहीं चूकने वाले।

**भारत से रिश्तेः** रही बात ट्रंप के नए कार्यकाल में भारत और अमेरिका के व्यापारिक और कूटनीतिक रिश्तों की तो ऊपर से इसमें कोई समस्या नहीं लगती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डॉनल्ड ट्रंप के साथ बहुत अच्छे निजी संबंध रहे हैं। लेकिन बाइडन ने जैसे रूस पर हजारों प्रतिबंध लगाने के बावजूद भारत को उससे तेल आयात करने और उसका शोधन करके पेट्रो पदार्थ यूरोप और अफ्रीका को बेचकर भरपूर फायदा कमाने की छूट दी थी, उस राह पर चलने की कोई बाध्यता ट्रंप के सामने नहीं होगी।

**मोदी की नीतिः** भारत की रणनीतिक दिशा पिछले कुछ सालों से तलवार की धार पर चलते हुए विरोधी खेमों को साधे रहने की रही है। ट्रंप का मुंहफट राजनय अगले कुछ महीनों में ही इसमें कई मुश्किल उलटफेर जरूरी बना सकता है। ऐसा एक बड़ा मामला डी-डॉलराइजेशन, यानी डॉलर के प्रभुत्व से हटकर एक समानांतर ग्लोबल वित्तीय और व्यापारिक प्रणाली के निर्माण का है।

### डॉलर की मुश्किल

ब्रिक्स की तरफ से कुछ शुरुआती कदम इस दिशा में उठाए जा चुके हैं और अगले साल ब्राजील में इनके और जोर पकड़ने की उम्मीद है। ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान डॉलर से दूर जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की धमकी दी थी। लेकिन दुनिया भर में अगर डी-डॉलराइजेशन की ललक देखी जा रही है तो इसके पीछे कोई साजिश नहीं है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की हालत अब विश्व-अर्थव्यवस्था की अकेली धुरी जैसी नहीं रह गई है। कोई चमत्कार न हुआ तो ट्रंप के कार्यकाल में ही डॉलर की चमक पहले जैसी नहीं रह जाएगी।

# डोनाल्ड ट्रंप की इस प्रचंड जीत से दुनिया की सेहत पर क्या बड़ा फर्क पड़ने वाला है?

**उम्मीद है कि अब ट्रंप के कड़े रुख के चलते आतंकियों, उनके मददगारों और अमेरिकी जनता से पैसे ऐंठ रहे देशों की मौज-मस्ती खत्म होने होगी। इस चुनाव की खास बात यह भी रही कि अमेरिका में भी चुनाव सर्वेक्षण विफल साबित हुए हैं। पहले सबने अनुमान लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर रहने वाली है और इस बार का चुनाव अमेरिकी इतिहास में सबसे करीबी मुकाबले के रूप में देखा जायेगा। लेकिन ट्रंप की निर्णायक जीत ने सारे चुनाव पूर्व अनुमानों को गलत साबित कर दिया है। इसके अलावा, कमला हैरिस को जिस तगड़े चुनाव प्रचार के बावजूद करारी हार झेलनी पड़ी उससे यह अनुमान भी सहज ही लगाया जा सकता है कि यदि ट्रंप के मुकाबले जो बाइडन मैदान में उतरे होते तो उन्हें कितनी तगड़ी हार झेलनी पड़ती।**

**(नीरज कुमार दुबे)**

इस चुनाव की खास बात यह भी रही कि अमेरिका में भी चुनाव सर्वेक्षण विफल साबित हुए हैं। पहले सबने अनुमान लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर रहने वाली है और इस बार का चुनाव अमेरिकी इतिहास में सबसे करीबी मुकाबले के रूप में देखा जायेगा।

अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीत कर डोनाल्ड ट्रंप ने वो कर दिखाया है जो इससे पहले कोई अमेरिकी नेता नहीं कर सका था। ट्रंप चार साल व्हाइट हाउस से बाहर रहे। तमाम मुकदमे झेले, कोर्टों के चक्कर लगाये, चुनाव प्रचार के दौरान खुद पर गोली झेली। हम आपको याद दिला दें कि चुनाव प्रचार की शुरुआत में जानलेवा हमले में ट्रंप बाल-बाल बचे थे। उस समय गोली उनके कान को छूकर निकल गयी थी लेकिन अमेरिका को महान बनाने का संकल्प लेकर ट्रंप ने लोगों का समर्थन मांगा और उन्हें भरपूर समर्थन मिल भी गया। ट्रंप पिछला चुनाव करीबी मुकाबले में हार गये थे लेकिन इस बार उन्होंने अच्छे अंतर से चुनाव जीत कर साबित कर दिया है कि जनता का विश्वास उनके साथ है। ट्रंप के रहते आतंकवादी और उनके आका अपने बिल से बाहर निकलने का साहस नहीं जुटा पाते थे लेकिन पिछले चार सालों में दुनिया में आतंक बढ़ा और अमेरिका के समक्ष भी तमाम नई चुनौतियां खड़ी हुईं। उम्मीद है कि अब ट्रंप के कड़े रुख के चलते आतंकियों, उनके मददगारों और अमेरिकी जनता से पैसे ऐंठ रहे देशों की मौज-मस्ती खत्म होने होगी। इस चुनाव की खास बात यह भी रही कि अमेरिका में भी चुनाव सर्वेक्षण विफल साबित हुए हैं। पहले सबने अनुमान लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर रहने वाली है और इस बार का चुनाव अमेरिकी इतिहास में सबसे करीबी मुकाबले के रूप में देखा जायेगा। लेकिन ट्रंप की निर्णायक जीत ने सारे चुनाव पूर्व अनुमानों को गलत साबित कर दिया है। इसके अलावा, कमला हैरिस को जिस तगड़े चुनाव प्रचार के बावजूद करारी हार झेलनी पड़ी उससे यह अनुमान भी सहज ही लगाया जा सकता है कि यदि ट्रंप के मुकाबले जो बाइडन मैदान में उतरे होते तो उन्हें कितनी तगड़ी हार झेलनी पड़ती।



दुनिया के लिए क्या होंगे ट्रंप की जीत के मायने, अगर इस पर बात करें तो आपको बता दें कि अब मध्य-पूर्व में जारी जंग और यूक्रेन-रूस युद्ध खत्म होने के आसार बढ़ सकते हैं क्योंकि ट्रंप ने जीत के बाद भी कहा है कि वह युद्ध नहीं चाहते। इसके अलावा, विदेश से सभी सामानों के आयात पर 20 प्रतिशत सार्वभौमिक शुल्क लगाने की ट्रंप की योजना है। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान चेतावनी दी थी कि चीन पर 60 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक शुल्क लगाया जा सकता है। हालांकि यह इससे ज्यादा भी हो सकता है। इन कदमों से मुद्रास्फीति बढ़ने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचने की आशंका है। साथ ही ऐसे कदमों से प्रतिशोध, व्यापार युद्ध और वैश्विक अर्थव्यवस्था तहस-नहस होने का भी अंदेशा है।

इसके अलावा, अब यह भी देखना होगा कि मित्र देशों को शत्रु देशों से बचाने की अमेरिकी प्रतिबद्धता का क्या होता है। हम आपको बता दें कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य होने के नाते इसके अन्य सदस्यों की मदद के लिए आगे आना अमेरिका का दायित्व है। नाटो के अनुच्छेद पांच के अनुसार यदि कोई देश किसी नाटो सदस्य पर हमला करता है तो वह सभी सदस्यों पर हमला माना जाता है। अमेरिका ने जापान और दक्षिण कोरिया के साथ भी ऐसी ही संधियां कर रखी हैं। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो ने रूस से जारी युद्ध में यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक सहायता प्रदान की है। इसके विपरीत ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह यूक्रेन को दी जा रही मदद रोक देंगे और कीव पर दबाव बनाएंगे कि वह रूस की शर्तों के अनुसार शांति प्रक्रिया अपनाए। ट्रंप बड़े-बड़े संगठनों को ताकत व प्रभाव दिखाने के मंच के रूप में देखने की बजाय खतरे की वजह और बोझ मानते हैं। हम आपको याद दिला दें कि अपने पिछले कार्यकाल में ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका को बाहर कर लिया था। इस तरह की रिपोर्टें हाल में देखने को मिली हैं कि अमेरिका के कई पूर्व अधिकारियों को संदेह है कि ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका को नाटो से निकालने की कोशिश करेंगे या समर्थन कम करके नाटो की प्रभावशीलता को कमतर कर देंगे। वहीं एशिया महाद्वीप की बात की जाए तो ट्रंप ने हाल में कहा था कि ताइवान को अमेरिका की ओर से मिल रही सुरक्षा के लिए भुगतान करना चाहिए। ट्रंप की इस टिप्पणी से यह संकेत मिलता है कि ताइवान की रक्षा के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता कमजोर हो सकती है। इसके अलावा, इस तरह की रिपोर्टें भी सामने आई हैं कि अमेरिका में आंतरिक व्यवस्था में भी अब बदलाव देखने को मिल सकता है।

हम आपको बता दें कि अमेरिका में दक्षिणपंथ की ओर झुकाव रखने वाले एक थिंकटैंक ने 'प्रोजेक्ट 2025' तैयार किया है। अगर डोनाल्ड ट्रंप यह प्रोजेक्ट लागू करते हैं तो नौकरशाही में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। इस प्रोजेक्ट के लागू होने पर संविधान के प्रति निष्ठा रखने वाले 50 हजार अधिकारियों को हटाकर उनकी जगह ट्रंप के प्रति वफादार अधिकारियों को नियुक्त किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन न्याय, ऊर्जा और शिक्षा विभाग के साथ-साथ एफबीआई और फेडरल रिजर्व जैसी असंख्य संघीय एजेंसियों को भंग कर सकता है और अपने नीतिगत एजेंडे को लागू करने के लिए कार्यकारी शक्तियों का इस्तेमाल कर सकता है। जहां तक भारत के साथ अमेरिका के संबंधों की बात है तो इसमें किसी बड़े बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगा। ट्रंप के साथ व्यापार और आव्रजन को लेकर बातचीत में कठिनाइयां सामने आ सकती हैं हालांकि कई अन्य मुद्दों पर उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। इसके अलावा, ट्रंप जानते हैं कि भारत अगले 20-30 वर्षों में किसी समय दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा इसलिए वह इसकी अनदेखी करने का जोखिम नहीं उठाएंगे।



# हर हर महादेव क्यों बोला जाता है?

सनातन धर्म में भगवान शिव के भक्त जयकारा लगाते समय हर हर महादेव बोलते हैं। पौराणिक वेद ऋग्वेद में इसके बारे में विस्तार से बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार सनातन धर्म में तीन मुख्य देवता हैं। ब्रह्मा, विष्णु और महेश। महेश अर्थात भगवान शिव। जिन्हें संहारक माना जाता है, यानी कि बुराइयों को अंत करने वाले और भगवान विष्णु और ब्रह्मा जी को जन्मदाता माना जाता है। इसलिए इनको महादेव से संबोधित करते हैं। जिसका मतलब है, देवों के देव। अब ऐसे में भगवान शिव के लिए हर हर महादेव ही क्यों बोला जाता है।

## हर हर महादेव बोलने का आशय

जब श्रृष्टि में सकारात्मक ऊर्जा का जन्म हुआ था, साथ ही सकारात्मक ऊर्जा का जन्म भी हुआ था, लेकिन व्यक्ति नकारात्मक ऊर्जा का सामना न करके महादेव को अपनी रक्षा करने के लिए बुलाते थे। इसके लिए महादेव ने सभी मनुष्यों को उनकी शक्ति से परिचित कराने के लिए हर हर महादेव का जाप किया था। जिसका अर्थ है, महादेव सभी के हैं और सभी महादेव हैं। अर्थात सभी बलशाली हैं। इसलिए महादेव की प्रतीक्षा करने से अच्छा है, अपने अंदर के महादेव को जाग्रत कर नकारात्मक ऊर्जा का नाश करें। महादेव का दूसरा अर्थ नाश भी है। ऋग्वेद में जीवन का सार विस्तार से बताया गया है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान शिव (शिव जी फूल) परम चेतना हैं और आत्मा ही शिव है। हर हर महादेव से आशय है हर चीज में महादेव का वास है। व्यक्ति के भीतर भी महादेव विराजते हैं।

## हर हर महादेव का अर्थ क्या है

हर हर से आश्य है, नष्ट करना। इसका अर्थ यह है कि शिव जी (शिव जी मंत्र) के आराधक अपने अंदर सारे दोषों को नष्ट करें। दूसरा अर्थ यह है कि महादेव शिव हर किसी के दोष हर लेते है और सभी दोषों को पवित्र कर देते हैं। महादेव की पूजा मात्र करने से ही सभी कष्ट दूर हो सकते हैं और व्यक्ति को मनवांछित फल की भी प्राप्ति होती है। इसलिए महादेव के भक्तों द्वारा हर हर महादेव का जाप किया जाता है।

## हर हर महादेव बोलना स्वयं को समर्पित करना

पूजा के दौरान जैसे ही हर हर महादेव बोलते हैं, तो वैसे ही सभी लोग अपने हाथों को उठाकर हर हर महादेव का जयकारा लगाते हैं। ऐसा करते समय भक्त अपने आपको भगवान शिव को समर्पित कर देते हैं। भक्त चाहते हैं कि भगवान शिव भक्तों की सभई परेशानियां दूर कर दें और उन्हें मोक्ष का वरदान दें।



# आपके जीवन से जुड़ा है भगवान शिव के इन प्रतीकों का रहस्य

**भगवान शिव की वेशभूषा सबसे भिन्न और निराली है। जब भी भगवान शिव के बारे में जानना हो, उनके रूप के बारे में जानना हो तो उनके कुछ खास प्रतीक चिह्न हैं जिनके जरिये यह पहचाना जा सकता है कि आपके आसपास भगवान शिव का वास बना हुआ। हालांकि ज्योतिष में तो इन प्रतीकों को घर पर रखने का भी खासा महत्व बताया गया है।**

भगवान शिव के ये प्रतीक आपके और हमारे जीवन से जुड़े हुए हैं और हम सभी को यह संकेत देते हैं कि भगवान की कृपा पर बनी हुई है। भगवान शिव के इन प्रतीकों का अपना अलग-अलग महत्व है और इनसे जुड़ा अपना-अपना रहस्य भी है। तो चलिए जानते हैं भोलेनाथ महादेव के इन प्रतीक चिह्नों और इनसे मिलने वाले संकेतों के बारे में।

## अर्ध चंद्र

भगवान शिव के मस्तक पर अर्ध चंद्र स्थापित है जो समय का प्रतीक माना जाता है। हमारे जीवन से इसका संबंध यह है कि जिसने अपने चंचल मन को थोड़ा भी सीमित कर लिया उसके भीतर भगवान शिव (भगवान शिव के आगे क्यों नहीं लगता श्री) की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

## त्रिनेत्र

भगवान शिव की तीन आंखें हैं। तीसरी आंख का अर्थ है उन चीजों का अनुभव करना जिन्हें सामान्य दृष्टि से देखा ना जा सके। हमारे जीवन से इसका संबंध यह है कि जिसने भी अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक रूप से थोड़ा भी भिन्न किया उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

## त्रिशूल

भगवान शिव का त्रिशूल न सिर्फ शस्त्र है बल्कि मानव शरीर में मौजूद नाड़ियों का सूचक माना जाता है। इसका हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी सही ज्ञान अर्जित किया और उस ज्ञान का सांसारिक उन्नति के लिए प्रयोग किया उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

## रुद्राक्ष

रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के आसुओं से हुई है। रुद्राक्ष निर्माण के प्रतीक के तौर पर जाना जाता है। रुद्राक्ष (रुद्राक्ष धारण करने के नियम) का हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी अपनी कला या प्रभु भक्ति से अपने भीतर किसी नवीन शक्ति का निर्माण किया उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

## सर्प

भगवान शिव के गले में विराजमान सर्प समय चक्र को दर्शाता है। सर्प का हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी भूत, वर्तमान और भविष्य में भी प्रभु भक्ति को चुन हर जीव की सेवा की है उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

## डमरू

भगवान शिव का डमरू इस अबत का प्रतीक माना जाता है कि अपने अवगुणों पर विजय कैसे पाई जाए। डमरू का हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी अपने अवगुणों को दूर करने का प्रयास किया हो और उसमें थोड़ा भी सफल हुआ हो तो उस व्यक्ति में भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

## बाघ की छाल

भागवान शिव को बाघाम्बर कहा जाता है क्योंकि वह मृत बाघ की छाल के आसन पर बैठते हैं जी इस बात का प्रतीक है कि अपनी शक्ति पर अहंकार न करें। बाघ की छाल का हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी अपनी अहंकार को त्याग दिया उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

## त्रिपुंड

भगवान शिव का त्रिपुंड तिलक उनके मस्तक पर धारित 27 देवताओं और ध्यान का प्रतीक माना जाता है। त्रिपुंड का हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी अपने भीतर 36 में से 27 गुणों को ध्यान शक्ति को जागृत किया है उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

# भगवान शिव के प्रसन्न होने पर मिलते हैं ये संकेत

धर्म शास्त्रों के अनुसार, जब भगवान हमसे रुष्ट होते हैं तब उन्हीं के माध्यम से हमें कई सारे संकेत मिलते हैं। वहीं, जब भगवान हमसे प्रसन्न होते हैं तब उससे जुड़े भी कई संकेत हमें नजर आने लगते हैं।

धर्म शास्त्रों के अनुसार, जब भगवान हमसे रुष्ट होते हैं तब उन्हीं के माध्यम से हमें कई सारे संकेत मिलते हैं जो यह दर्शाते हैं कि हमने कहां गलती की है या क्या हमसे ऐसी चूक हुई है जिसके कारण भगवान हमसे नाराज हैं। वहीं, जब भगवान हमसे प्रसन्न होते हैं तब उससे जुड़े भी कई संकेत हमें नजर आने लगते हैं। भगवान के प्रसन्न होने से जुड़ी घटनाएं हमारे जीवन में घटने लगती हैं। इन घटनाओं या परिस्थितियों के कारण ही हमें भगवान के हमारे समीप होने का आभास होता है। जब भगवान शिव हमसे प्रसन्न होते हैं तो उनके द्वारा कुछ ऐसे संकेत होते हैं जो हमें अपने जीवन में मिलने लग जाते हैं। तो चलिए इस लेख में जानते हैं कि कौन से हैं शिव जी के प्रसन्न होने के वो संकेत।




## भगवान शिव शंकर के आपके साथ होने से जुड़े संकेत

शिव पुराण के अनुसार, जब भगवान शिव अपने किसी भक्त से प्रसन्न होते हैं तब व्यक्ति को आंतरिक मन में डमरू के बजने की आवाज सुनाई देती है। यह आवाज उसे मानसिक रूप से शांत करती है और उसका तनाव कम करने का काम करती है।

इसके अलावा, अगर आप कहीं बाहर जाएं और आपको किसी ऐसे स्थान पर आपको त्रिशूल दिख जाए जहां उसके दिखने की उम्मीद न हो तो समझ लें कि भगवान शिव आपसे प्रसन्न हैं और उनकी कृपा आप पर एवं आपके परिवार पर बनी हुई है।

अगर आपको रास्ते में कहीं भी आते या जाते नंदी महाराज यानी कि शांत बैल के दर्शन हो जाएं तो यह भी भगवान शिव के आपकी पूजा से प्रसन्न होने के संकेत हैं। ऐसे में आपको उस शांत बैल को देखकर भगवान शिव का ध्यान करते हुए नमन करना है।



# अनार के रस से करें भगवान शिव का रुद्राभिषेक, बनी रहेगी घर की सुख-शांति और समृद्धि

**सनातन धर्म में भगवान शिव को सभी दुखों का संहारक और सत्य का प्रतीक माना जाता है। इनकी पूजा करने से जातकों को सभी परेशानियों से छुटकारा मिल जाता है। अब ऐसे में भगवान शिव का अनार के रस से रुद्राभिषेक कैसे करें।**

भगवान शिव कों देवों के देव महादेव कहा जाता है। इनकी पूजा विधिवत रूप से करने से व्यक्ति के जीवन में चल रही परेशानियां दूर हो जाती है और उत्तम परिणाम भी मिलने लग जाते हैं। वहीं मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान शिव का रुद्राभिषेक कई तरह से किए जाते हैं। सभी रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। भगवान शिव का रुद्राभिषेक करने से भक्त के चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे नकारात्मकता दूर होती है। रुद्राभिषेक करने के भी कई विशेष नियम होते हैं। आपकों बात दें, व्यक्ति के स्वास्थ्य सुधार के लिए भी विधिवत रूप से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की जाती है। अब ऐसे में अनार के रस से भगवान शिव का रुद्राभिषेक कैसे करें। किस विधि से करें और रुद्राभिषेक का महत्व क्या है।

## अनार के रस से भगवान शिव का रुद्राभिषेक कैसे करें?

अनार का रस भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। ऐसी मान्यता है कि अनार के रस से अभिषेक करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

## रुद्रभाभिषेक करने के लिए विधि

भगवान शिव का रुद्रभिषेक करने के लिए सामग्री के बारे में विस्तार से जानते हैं - ताजा अनार का रस, शिवलिंग, बेलपत्र, धतूरा, भांग, चंदन, कुश, जल, रुद्राक्ष की माला, शुद्ध कपड़े
अनार के रस से रुद्राभिषेक किस विधि से करें?

- अनार का रस भी भगवान शिव को प्रिय है और इसे शिवलिंग पर चढ़ाना शुभ माना जाता है। अनार के रस से अभिषेक करने से कई तरह के लाभ मिलते हैं, जैसे कि धन लाभ, रोग निवारण और मन की शांति।
- सबसे पहले एक स्वच्छ स्थान पर शिवलिंग को स्थापित करें।
- शिवलिंग को गंगाजल या शुद्ध जल से धोकर शुद्ध करें।
- शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, भांग और चंदन चढ़ाएं।
- अब अनार के रस से शिवलिंग पर धीरे-धीरे अभिषेक करें।
- अभिषेक करते समय रुद्राक्ष की माला से रुद्राष्टक का जाप करें।
- अभिषेक के बाद शिवलिंग पर पुष्प अर्पित करें और धूप-दीप दिखाएं।
- उसके बाद भगवान शिव को प्रणाम करें।

## भगवान शिव को अनार का रस चढ़ाने का महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अनार को एकता और समृद्धि का प्रतीक हैं। ऐसा माना जाता है कि अनार का रस चढ़ाने से भगवान शिव की कृपा से जीवन में समृद्धि और खुशहाली आती है। अनार का लाल रंग शक्ति और उत्साह का प्रतीक है। यह भगवान शिव की तपस्या और शक्ति को दर्शाता है।

# भगवान श्रीहरि विष्णु ही क्यों करते हैं क्षीर सागर में निवास?

**क्षीर सागर को ब्रह्मांड की उत्पत्ति का स्थान माना जाता है। भगवान विष्णु, सृष्टि के पालनहार के रूप में, इसी सागर पर शेषनाग नामक विशाल सर्प की शय्या पर विश्राम करते हैं।**


हिंदू धर्म में क्षीर सागर एक पवित्र स्थान है। यह ब्रह्मांड के केंद्र में है। शास्त्र में इसका वर्णन दूध के विशाल सागर के रूप में किया जाता है। भगवान विष्णु को इस सागर में शेषनाग नामक विशाल सर्प की शय्या पर विश्राम करते हुए दर्शाया गया है। क्षीर सागर को सृष्टि, मोक्ष और शांति का प्रतीक माना जाता है। क्षीर सागर भगवान विष्णु और उनकी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। ऐसा कहा जाता है जिन्होंने भगवान विष्णु की अत्यधिक भक्ति और तपस्या की है, उन्हें क्षीर सागर में प्रवेश करने का वरदान प्राप्त हो सकता है। अब ऐसे में मन में एक सवाल आता है कि भगवान श्रीहरि विष्णु ही क्षीर सागर में क्यों वास करते हैं।

## क्षीर सागर का धार्मिक महत्व

पौराणिक कथाओं के अनुसार क्षीर सागर ब्रह्मांड की उत्पत्ति का स्थान है। सृष्टि के पालनहार इसी सागर में शेषनाग की शैय्या पर विश्राम करते हैं। क्षीर सागर को मोक्ष का प्रतीक भी कहा जाता है। भगवान विष्णु का इस सागर में निवास करना दर्शाता है कि वे मोक्ष के दाता हैं और भक्तों को मोक्ष प्राप्ति में सहायता करते हैं। क्षीर सागर शांति और समृद्धि का प्रतीक है। भगवान विष्णु का इस सागर में निवास करना दर्शाता है कि वे सृष्टि में शांति और समृद्धि बनाए रखते हैं। शास्त्रों के अनुसार क्षीर सागर का संबंध विश्व के विनाश से भी है। भगवान विष्णु का इस सागर में निवास करना दर्शाता है कि वे प्रलय के बाद सृष्टि का पुनर्निर्माण करते हैं। क्षीर सागर में भगवान विष्णु का विश्राम बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। भगवान विष्णु का शेषनाग पर शयन करना आत्म-ज्ञान का प्रतीक है। शेषनाग अनंत काल का प्रतीक है, और भगवान विष्णु इस पर विश्राम करके यह दर्शाते हैं कि वे काल से परे हैं और सभी ज्ञान के धारक हैं। क्षीर सागर को दुग्ध सागर भी कहा जाता है। क्षीर सागर में भगवान विष्णु की पत्नी देवी लक्ष्मी भी उनके साथ निवास करती हैं।

## क्षीर सागर में कौन प्रवेश कर सकता है?

क्षीर सागर में वहीं प्रवेश कर सकता है, जिन्होंने भगवान विष्णु की अत्यधिक भक्ति और तपस्या की है। उन्हें ही क्षीर सागर में प्रवेश करने का वरदान प्राप्त मिल सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### यूएस में फेडरल रिजर्व ने घटाई ब्याज दरें, 800 रुपए महंगा हुआ सोना, चांदी में भी 1500 की तेजी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमरीका में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती करने के बाद सोने की क़ीमतों में एक बार फिर 800 रुपए की तेज़ी आई है जबकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी भी 1500 रुपए प्रति किलो महंगी हो गई है। गुरुवार को न्यू यॉर्क कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 2708.80 डालर प्रति औंस पर बंद हुआ जबकि चाँदी 31.95 डॉलर पर बंद हुई। अमेरिका में ट्रंप की जीत के बाद सोने की कीमतों में लगभग 3त्न की गिरावट दर्ज की गई थी, जबकि चांदी में 4त्न की गिरावट आई थी। भारत में सोना ?1,990 गिरकर ?76,492 पर पहुंच गया था। इसी दौरान चांदी ने ?90,108 का न्यूनतम स्तर छू लिया था। लेकिन गुरुवार को अमेरिका फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना जताए जाने के बाद, सोने और चांदी की कीमतों में फिर से तेजी देखी जा रही है। इसका असर शुक्रवार को भारत के सर्राफा बाजार में भी देखने को मिलेगा। कॉमैक्स पर गुरुवार को भारत में भारी गिरावट के बाद कॉपर की कीमतें अमेरिका में लगभग 5त्न तक गिर गई थीं। इसके अलावा, प्लेटिनम की कीमतों में भी 3त्न की गिरावट आई थी। लेकिन गुरुवार शाम को कारोबारी सत्र के दौरान कॉपर में 4त्न की उछाल देखी गई, और प्लेटिनम की कीमतें भी आधा प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गईं।

### डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद यूएस छोड़ना चाहती हैं एलन मस्क की बेटी, बताई चौंकाने वाली वजह

**वाशिंगटन, एजेंसी।** टेक अरबपति एलन मस्क की बेटी विवियन जेना विल्सन ने अमेरिका छोड़ने की बात कही है। मस्क से अलग हो चुकी बेटी ने राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद यह कसम खाई। चुनाव नतीजे के बाद ट्रांसजेंडर बेटी ने थ्रेड्स पर पोस्ट किया, मैंने कुछ समय पहले यह सोचा था, मगर अब इसकी पुष्टि भी हो गई है। मैं संयुक्त राज्य अमेरिका में अपना भविष्य नहीं देखती हूं। उन्होंने कहा कि भले ही वह केवल 4 साल के लिए पद पर रहें। भले ही ट्रांस-विरोधी नियम लागू न हों। जिन लोगों ने स्वेच्छा से इसके लिए मतदान किया, वे जल्द नहीं बदलने वाले हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में वापसी के लिए उनके सबसे प्रमुख समर्थकों में से एक एलन मस्क रहे हैं। ट्रंप की जीत में उनका अहम योगदान माना जा रहा है।

### मंगल ग्रह पर अरबों साल पहले था महासागर, चीन के रोवर की चौंकाने वाली खोज

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन के झुरोंग रोवर की मदद से वैज्ञानिकों को नए प्रमाण मिले हैं कि मंगल ग्रह पर अरबों साल पहले एक महासागर था, जो आज के सूखे और वीरान मंगल से बिलकुल अलग था। गुरुवार को वैज्ञानिकों ने बताया कि झुरोंग ने 2021 में मंगल के उत्तरी क्षेत्र में उतरकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। इसने ऐसे भूवैज्ञानिक संकेतों का पता लगाया है जो प्राचीन तटरेखा के अस्तित्व की ओर इशारा करते हैं।

# विदेश मंत्री की पीसी दिखाने पर आस्ट्रेलियाई चैनल को किया बैन, अब कनाडा की करतूत पर आउटलेट ने दिया करारा जवाब



**टोरंटो, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर की प्रेस कांफ्रेंस दिखाने पर कनाडा सरकार ने ऑस्ट्रेलियाई टीवी न्यूज चैनल ऑस्ट्रेलिया टुडे के सोशल मीडिया अकाउंट के पेज को ब्लॉक कर दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा के इस कदम को हिपोक्रेसी बताया है। अब इस मामले पर कनाडा की तरफ से प्रतिबंधित समाचार आउटलेट ऑस्ट्रेलियाई टुडे ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा, वो पारदर्शिता और स्वतंत्र प्रेस के लिए प्रतिबद्ध है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे के प्रबंध संपादक जितार्थ जय भारद्वाज ने एक बयान में कहा, हम पर इन सभी बाधाओं का कोई असर नहीं होगा,हम महत्वपूर्ण कहानियों और आवाजों को जनता के सामने लाने के अपने मिशन में दृढ़ हैं। ऑस्ट्रेलियाई आउटलेट ने जोर देकर कहा, हमें जो जबरदस्त समर्थन मिला है, वह एक शक्तिशाली है स्वतंत्र प्रेस के महत्व की याद दिलाते हुए, हम पारदर्शिता, सटीकता और महत्वपूर्ण कहानियों को बताने के अधिकार के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे। आउटलेट ने कहा, कनाडाई सरकार के आदेशों के तहत, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ हमारे साक्षात्कार और सोशल मीडिया पर ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री सीनेटर वोंग के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस पर हालिया प्रतिबंध, हमारी टीम के लिए मुश्किल हो गया है। इसने प्रतिबंध के बाद मिले अटूट समर्थन को स्वीकार किया और कहा, इन प्रतिबंधों के बावजूद, आपका अटूट समर्थन हमारे लिए ताकत का प्रतीक रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में जयशंकर ने कनाडा सरकार को घेरते हुए कुछ तथ्य सामने रखे थे। कनाडा सरकार की इस हरकत की भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी आलोचना की थी, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था, इस घटना ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति कनाडा के पाखंड को उजागर किया है। रणधीर जायसवाल ने कहा कि कनाडा ने कहा कार्रवाई पेनी वोंग के साथ विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस को प्रसारित करने के ठीक कुछ घंटों बाद की। हमें ये देखकर हैरानी हुई। यह हमें बहुत ही अजीब लगा।

विदेश मंत्री ने अपने मीडिया कार्यक्रमों में तीन चीजों के बारे में बात की। पहला, कनाडा द्वारा बिना किसी विशेष सबूत के आरोप लगाना। दूसरा, कनाडा में भारतीय राजनयिकों की अस्वीकार्य निगरानी करना। तीसरा, कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को राजनीतिक स्थान दिया जाना।

## जापान के 41 साल के युवक को चढ़ा इश्क का रोग, एनिमे किरदार से की थी शादी; अब केक शेयर कर मनाई 6 वीं सालगिरह

**टोक्यो , एजेंसी।** इश्क का रोग बहुत खतरनाक होता है, इंसान ऐसे में एआई चैटबॉट और होलोग्राम से लेकर रोबोट तक सबसे अजीब जगहों पर प्यार पा सकते हैं। ऐसे में लोग प्यार को एक नए स्तर पर ले जाते हैं। हम जापान के 41 साल के अकिहिको कोंडो के बारे में बात कर रहे हैं, जिन्होंने वर्चुअल सिंगर हात्सुने मिकू से खुशी से शादी की है। आपको जानकार हैरानी होगी कि एक जापानी व्यक्ति में एक एनिमे किरदार की दीवानगी इस कदर बढ़ी, कि उन्होंने उससे शादी ही रचा डाली। अब अपनी छठी शादी की सालगिरह मनाई। कोंडो ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अपने प्यार का इजहार किया, जहां उन्होंने 4 नवंबर को अपनी सालगिरह के लिए लाए गए केक की रसीद साझा की। केक पर लिखा था, मुझे मीकू बहुत पसंद है। छह साल की सालगिरह मुबारक। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोंडो ने कहा कि सेकेंडरी स्कूल से पहले ही वह महिलाओं में रोमांटिक रूप से दिलचस्पी रखता था चीजें तब बदल गईं जब लंबे, फिरोजा पिगटेल वाले 16 वर्षीय पॉप सिंगर के रूप में एक वोकलॉइड सॉफ्टवेयर वॉयसबैंक (गायन आवाज सॉफ्टवेयर) हत्सुने मिकू को 2007 में क्रिप्टन फ्यूचर मीडिया की तरफ से जारी किया गया था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसे कैरेक्टर ने कई लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया होगा। एक ऐसी कहानी में जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी, क्या यह सच है?, कैरेक्टर जारी होने के तुरंत बाद कोंडो को मिकू से प्यार हो गया।


## शांतिपूर्ण होगा सत्ता का हस्तांतरण, अमेरिकी लोग इसी के हकदार; ट्रंप की जीत के बाद बोले बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव का समापन हो चुका है और जनता ने डोनाल्ड ट्रंप को बहुमत देकर उनको अपना नेता चुना है। वहीं, ट्रंप की जीत के बाद जो बाइडन ने पहली बार लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोगों ने मतदान किया है और अपना राष्ट्रपति चुना है और ऐसा शांतिपूर्वक किया है। लोकतंत्र में जनता की इच्छा हमेशा प्रबल होती है। संबोधन के दौरान जो बाइडन अपने ट्रेडमार्क नीले सूट और सफेद धारीदार टाई में दिखाई दिए। बाइडन ने बताया कि उन्होंने ट्रंप को कॉल करके जीत की बधाई दी और उनको आश्वासन दिया कि मैं शांतिपूर्ण और व्यवस्थित परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए अपने पूरे प्रशासन को उनकी टीम के साथ काम करने का निर्देश दूंगा। अमेरिकी लोग इसी के हकदार हैं।

बता दें कि पिछली बार जब ट्रंप चुनाव हार गए थे तब बाइडन को सत्ता हस्तांतरण में काफी परेशानी हुई थी और कैपिटल हिल हिंसा उसी का हिस्सा थी। जो बाइडन ने ट्रंप से कहा कि निर्धारित प्रक्रिया से सत्ता का हस्तांतरण होगा और वह देश के कल्याण के लिए ट्रंप के साथ मिलकर कार्य करेंगे। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी है। ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने कहा है कि निर्वाचित राष्ट्रपति ने बाइडन की फोन काल पर प्रसन्नता जताई है।

इससे पहले 2020 में हार के बाद ट्रंप ने बाइडन को बधाई नहीं दी थी और सत्ता के हस्तांतरण में भी थोड़ी मुश्किलें पैदा हुई थीं। इस बार भी चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप ने बाइडन पर व्यक्तिगत हमले किए और उन्हें स्लीपी जो..तक कहा। बाइडन ने भी पलटवार में उन्हें दोषसिद्ध अपराधी कहा। ट्रंप को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी बधाई दी है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने ट्रंप को संबोधित संदेश में कहा कि हम आपके साथ मिलकर कार्य करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## पुतिन ने ट्रंप को दी जीत की बधाई, रूस बोला- जमीनी हकीकत देखकर यूक्रेन युद्ध बंद कराए पश्चिम



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में रूस की हार चाहने के लिए अमेरिका की निंदा की है। कहा, नई विश्व व्यवस्था आकार ले रही है। पश्चिमी देशों के नेतृत्व वाली व्यवस्था खत्म हो रही है। इसलिए कई जगह युद्ध हो रहे हैं। ब्रिक्स देश इस व्यवस्था में जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही पुतिन ने गुरुवार को अमेरिकी मतदान के नतीजे पर पहली सार्वजनिक टिप्पणी में डोनाल्ड ट्रंप को चुनावी जीत पर बधाई दी। पुतिन की यह टिप्पणी सोची के ब्लैक सी रिसार्ट में एक अंतरराष्ट्रीय मंच सम्मेलन के दौरान एक भाषण के बाद आई। सोची के ब्लैक सी रिजार्ट में आयोजित वालदाई विचार-विमर्श में पुतिन ने कहा, हम एक खतरनाक रेखा के करीब आ गए हैं। पश्चिमी देश रूस की रणनीतिक हार देखना चाहते हैं। पश्चिमी देशों के नेता यह रोमांचक खेल उस देश के साथ खेल रहे हैं जिसके पास विश्व में सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं। ये देश 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद से रूस को हारते हुए देखना चाहते हैं लेकिन ऐसा कभी नहीं होगा। पुतिन ने कहा, अमेरिका के नेतृत्व वाला सैन्य गठबंधन अराजकता का शिकार है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, रूस ने कभी भी पश्चिमी देशों को दुश्मन नहीं माना लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगी हमेशा मास्को को अलग-थलग करने में जुटे रहे। लेकिन अब दुनिया बदल रही है। बहुत से शक्तिशाली देश नहीं चाहते हैं कि रूस को अलग-थलग किया जाए। इसलिए विश्व व्यवस्था बदल रही है। विश्व अब वाशिंगटन या ब्रसेल्स की श्रेष्ठता नहीं देखना चाहता है।

## कौन हैं सूसी विल्स, जो बनीं व्हाइट हाउस की पहली महिला चीफ ऑफ स्टाफ? पर्दे के पीछे से ट्रंप को दिलाई जीत



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद पहली नियुक्ति की है। उन्होंने सूसी विल्स को व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया है। वे इस पद पर नियुक्ति पाने वाली अमेरिका की पहली महिला हैं। सूसी विल्स ने पर्दे के पीछे रहकर ट्रंप की जीत में बेहद अहम भूमिका निभाई है। वे ट्रंप के चुनाव अभियान की प्रमुख भी रही हैं। आइए जानते हैं सूसी विल्स के बारे में...

सूसी विल्स व्हाइट हाउस में दिन-प्रतिदिन के कामकाज को संभालेंगी। विल्स रिपब्लिकन पार्टी की एक राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। वे व्हाइट हाउस के कर्मचारियों का प्रबंधन करेंगी। राष्ट्रपति के समय और कार्यक्रम को तय करने में विल्स की भूमिका अहम होगी। अन्य सरकारी विभागों और सांसदों के साथ संपर्क बनाना होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने 67 वर्षीय सूसी विल्स के बारे में कहा कि वे सख्त, स्मार्ट और अभिनव हैं। सार्वभौमिक रूप से प्रशंसित और सम्मानित हैं। वह हमारे देश को गौरवान्वित करेंगी।

सूसी विल्स ने प्लोरिडा में लंबे समय तक राजनीतिक रणनीतिकार की भूमिका निभाई। इस बार डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव प्रचार को बेहद संयमित और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाने का श्रेय सूसी विल्स को जाता है। खास बात यह है कि सूसी को पर्दे के पीछे रहकर काम करना पसंद हैं। वे पिछले तीन चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप के साथ काम कर चुकी हैं।

अपने विजयी भाषण में ट्रंप ने कहा कि मैं आपको बता दूं कि सूसी को पीछे रहना पसंद है। जब वह मंच के पीछे खड़ी थीं। हम उन्हें आइस मेडेन कहते हैं। कहा जा रहा है कि विल्स व्हाइट हाउस में ट्रंप को बुद्धिमानीपूर्ण फैसले लेने में सलाह देंगी।

फ्लोरिडा स्थित रिपब्लिकन सलाहकार डेविड जॉनसन ने कहा, सूसी एक मजबूत महिला और एक सच्ची नेता हैं, जिनके पास काम करने का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। सूसी विल्स ने रोनाल्ड रीगन के 1980 के राष्ट्रपति अभियान पर भी काम किया है। उन्होंने फ्लोरिडा के रिपब्लिकन गवर्नर रॉन डेसेंटिस को 2018 में चुनाव जीतने में भी मदद कर चुकी हैं। 2016 और 2020 में डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव में वरिष्ठ सलाहकार के तौर पर काम किया। विल्स ने फ्लोरिडा के यूएस सीनेटर रिक स्कॉट के साथ भी काम किया। मगर डेसेंटिस के पदभार संभालने के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। चुनाव के दौरान विल्स ने ट्रंप को अपनी रणनीति से भटकने नहीं दिया। यही वजह है कि ट्रंप ने दूसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। मीडिया में लीक होने वाली सूचनाओं को भी काम करने में विल्स ने अहम भूमिका निभाई। लैटिनो और अश्वेत मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की खातिर विल्स ने एक खास रणनीति बनाई। यह रणनीति सफल रही। ट्रंप की जीत में इन मतदाताओं की भूमिका निर्णायक रही।

सूसी विल्स ने रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के विरोधियों के साथ भी काम किया है। अपने करियर की शुरुआत में उन्होंने रिपब्लिकन यूएस प्रतिनिधि जैक केम्प और टिली फाउलर के साथ काम किया। इन दोनों नेताओं के उदारवादी माना जाता है। 2012 में विल्स ने यूटा के पूर्व गवर्नर जॉन हंट्समैन जूनियर के राष्ट्रपति अभियान में प्रबंधक के तौर पर काम किया।

## मगरमच्छों से भरी नदी में गिर गए थे इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी





**लंदन , एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व महान क्रिकेट खिलाड़ी इयान बॉथम ने हाल ही में मौत के मुंह से निकलने की अपनी कहानी सुनाई है। दरअसल, बॉथम हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में थे और इस दौरान वह अपने पुराने दोस्त मर्व ह्यूजेस के साथ फिशिंग करने गए थे। लेकिन इस फिशिंग ट्रिप के दौरान बॉथम की जान जोखिम में पड़ गई, जिसका खुलासा अब उन्होंने खुद किया है।

इयान बॉथम और उनके दोस्त मर्व ह्यूजेस एक जहाज से मदरशिप पर जाने की कोशिश कर रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और वह गंदी नदी में गिर गए। इस नदी का नाम मोयह है, जिसमें मगरमच्छ और ब्लू शार्क जैसी खतरनाक जीव-जंतु रहते हैं। बॉथम ने कहा कि गिरने के बाद उन्हें यह सोचने का समय नहीं मिला कि पानी में कौन-कौन से जानवर हो सकते हैं। इससे पहले कि कोई जानवर उन पर हमला करता, उनके दोस्त मर्व ह्यूजेस ने उन्हें तत्काल पानी से बाहर खींच लिया। इस हादसे में बॉथम को कुछ चोटें भी आईं। ह्यूजेस और बचाव दल के बाकी सदस्योंने मेरी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बेहतरीन काम किया। यह सब बहुत जल्दी हुआ और अब मैं ठीक हूं। 68 साल के इयान बॉथम इंग्लैंड के सबसे दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ियों में से एक माने जाते हैं। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 102 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 33.54 की औसत से 5200 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 14 शतक और 22 अर्धशतक भी लगाए। बॉथम का वनडे करियर भी शानदार रहा, उन्होंने 116 वनडे मैचों में 23.21 की औसत से 2113 रन बनाए, जिसमें 9 अर्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड के लिए उनका आखिरी मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 24 अगस्त 1992 को था।


## 16 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं चला पाएंगे एफबी, इंस्टाग्राम, टिकटाक....सरकार का बड़ा एक्शन




**कैपटाउन, एजेंसी।** सरकार 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने इस संबंध में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। गुरुवार को, उन्होंने घोषणा की कि सोशल मीडिया तक पहुंचने की न्यूनतम आयु सीमा को 16 वर्ष तय करने के लिए कानून बनाया जाएगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने संसद में आयु सीमा से संबंधित कानून लाने का संकल्प लिया था, लेकिन कोई स्पष्ट कट-ऑफ उम्र का जिक्र नहीं किया था।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा कि सरकार बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर न्यूनतम आयु सीमा लागू करेगी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारे बच्चों को सोशल मीडिया नुकसान पहुंचा रहा है, और इस पर रोक लगाना आवश्यक है। यह एक गंभीर सामाजिक मुद्दा है, जिसके परिणाम हम जानते हैं। सरकार की योजना के अनुसार, यदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए एक्सेस को प्रतिबंधित करने में विफल रहते हैं, तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। हालांकि, 16 साल से कम आयु के बच्चों और उनके माता-पिता या अभिभावकों पर किसी प्रकार की कार्रवाई या जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई सरकार का प्रस्तावित यह कानून संसद में पारित होने के 12 महीने बाद लागू होगा और इसे सुरक्षा आयुक्त के कार्यालय द्वारा लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री अल्बनीज ने इसे 'दुनिया का अग्रणी कानून' बताया। उन्होंने कहा कि कुछ अपवाद और छूट का प्रावधान रखा जाएगा।

# एलन मस्क ने की कनाडा के पीएम पर भविष्यवाणी





**वाशिंगटन , एजेंसी।** टेस्ला के मालिक और दिग्गज अरबपति एलन मस्क ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को आड़े हाथों लिया। एलन मस्क ने भविष्यवाणी की है कि ट्रूडो आगामी चुनाव में हार जाएंगे। उनकी सरकार जाने वाली है। मस्क ने कटाक्ष किया कि 20 अक्टूबर 2025 या उससे पहले होने वाले आगामी कनाडाई संघीय चुनाव में ट्रूडो चले जाएंगे। उन्होंने यह प्रतिक्रिया जर्मनी की समाजवादी सरकार के गिरने की बात कहने वाले एक पोस्ट पर दी। मस्क ने एक्स पर लिखा, आगामी चुनाव में वे चले जाएंगे।

**ट्रूडो झेल रहे अपनों का विरोध**

2013 से लिबरल पार्टी का नेतृत्व कर रहे जस्टिन ट्रूडो के लिए आगामी संघीय चुनाव बेहद अहम हैं। इन दिनों ट्रूडो को अपनी ही पार्टी के अंदर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि ट्रूडो की सरकार अल्पमत में चल रही है। वह किसी भी वक्त गिर सकती है। चुनाव में ट्रूडो की लिबरल पार्टी का सामना विपक्ष के नेता पियरे पोलिएवर की कंजर्वेटिव पार्टी और जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी से होगा। ब्लॉक क्यूबेकॉइस और ग्रीन पार्टी भी ट्रूडो का सियासी गणित बिगाड़ सकती हैं।

एलन मस्क ने जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज को मूर्ख बताया। उन्होंने जर्मन भाषा में पोस्ट किया कि ओलाफ इस्ट ईन नार। इसका मतलब यह होता है कि ओलाफ मूर्ख हैं। मस्क की पोस्ट पर एक उपयोगकर्ता ने कहा कि हमें कनाडा को ट्रूडो से छुटकारा दिलाने में आपकी मदद की जरूरत है। इसी पोस्ट पर एलन मस्क ने अपनी प्रतिक्रिया दी और ट्रूडो की विदाई की भविष्यवाणी कर दी।

**तो इसलिए वित्त मंत्री को हटायात्न**

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने बुधवार को अपने वित्त मंत्री को कैबिनेट से निकाल दिया है। अब आशंका है कि सरकार किसी भी वक्त गिर सकती है। स्कोल्ज ने कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर को निकाल दिया है। देश को नुकसान से बचाने के लिए उन्हें निकालना आवश्यक था। जर्मनी में इन दिनों ट्रैफिक लाइट गठबंधन सत्ता में काबिज है। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के ओलाफ स्कोल्ज, फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी के लिंडनर और ग्रीन पार्टी के रॉबर्ट हैबेक के बीच कई दिनों की वार्ता हुई। इसके बाद वित्तमंत्री को निकाला गया है।

## स्विट्ज़रलैंड में 2025 से लागू होगा स्विस बुर्का प्रतिबंध, उल्लंघन करने वालों पर लगाया जाएगा भारी जुर्माना

**स्विट्ज़रलैंड, एजेंसी।** स्विट्ज़रलैंड 1 जनवरी 2025 से अपने विवादास्पद बुर्का बैन को लागू करने जा रहा है, जिसे 2021 में एक करीबी जनमत संग्रह में मंजूरी मिली थी। यह कानून, जो सार्वजनिक स्थानों पर चेहरे को ढकने पर प्रतिबंध लगाता है, ने विशेष रूप से मुस्लिम संगठनों की ओर से महत्वपूर्ण बहस और आलोचना को जन्म दिया है। वहीं इसको लेकर सरकार ने कहा, सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा ढंकने पर विवादास्पद स्विस प्रतिबंध, जिसे व्यापक रूप से बुर्का प्रतिबंध के रूप में जाना जाता है, 1 जनवरी से प्रभावी होगा।बता दें कि तटस्थ स्विट्जरलैंड में 2021 के जनमत संग्रह में संकीर्ण रूप से पारित और मुस्लिम संघों द्वारा निंदा किए गए इस उपाय को उसी समूह द्वारा शुरू किया गया था जिसने 2009 में नई मीनारों पर प्रतिबंध लगाया था। वहीं संघीय परिषद ने एक बयान में कहा कि उसने प्रतिबन्ध की शुरुआत तय कर दी है और जो कोई भी इसका अवैध उल्लंघन करेगा, उसे 1,000 स्विस फ्रैंक (1,144 डॉलर) तक का जुर्माना भरना पड़ेगा। आगे बताते हुए सरकार ने कहा, यह प्रतिबंध विमानों या राजनयिक एवं वाणिज्य दूतावास परिसरों पर लागू नहीं होगा, तथा पूजा स्थलों और अन्य पवित्र स्थलों पर भी चेहरा ढका जा सकता है। इसमें कहा गया है, स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित कारणों, स्थानीय रीति-रिवाजों या मौसम की स्थिति के कारण चेहरे को ढंकने की अनुमति रहेगी। कलात्मक और मनोरंजन के आधार पर और विज्ञापन के लिए भी उन्हें अनुमति दी जाएगी। वहीं मुस्लिम संगठनों ने इस कानून की कड़ी आलोचना की है, उनका तर्क है कि यह मुस्लिम महिलाओं को असमान रूप से लक्षित करता है। आलोचक इस पहल को व्यक्तिगत और धार्मिक स्वतंत्रता पर हस्तक्षेप के रूप में देखते हैं। वहीं इसमें कहा गया है, यदि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और एकत्र होने के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा हेतु ऐसे आवरण की आवश्यकता है, उन्हें अनुमति दी जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### शहरी इलाके की तुलना में दोगुनी बढ़ी ग्रामीण खपत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शहरी और ग्रामीण बाजारों में उपभोक्ता मांग में क्रमिक सुधार देखा गया और भारत के अधिकतर क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र मात्रा वृद्धि के मामले में शहरी क्षेत्रों से आगे निकल रहे हैं। 'डेटा एनालिटिक्स फर्म' नीलसनआईक्यू की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय स्न्स्स्न्त उद्योग में जुलाई-सितंबर तिमाही में 1.5 प्रतिशत कीमत वृद्धि पर 5.7 प्रतिशत मूल्य-आधारित वृद्धि और 4.1 प्रतिशत मात्रा वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 की तीसरी तिमाही में शहरी उपभोग वृद्धि 2.8 प्रतिशत रही, जबकि ग्रामीण वृद्धि पिछली तिमाही के 5.2 प्रतिशत से बढ़कर छह प्रतिशत हो गई जो शहरी वृद्धि की तुलना में दो गुना है। छोटी तथा मध्यम एफएमसीजी (दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं बनाने वाली) कंपनियों ने कुछ तिमाहियों में गिरावट का सामना करने के बाद वापसी की है। मूल्य और मात्रा के मामले में बड़ी एफएमसीजी कंपनियों की तुलना में खाद्य क्षेत्र की मदद से उनकी वृद्धि तेज रही। रिपोर्ट में कहा गया कि खाद्य उपभोग वृद्धि दर 2024 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि दूसरी तिमाही में यह 2.1 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया कि एचपीसी (होम एंड पर्सनल केयर) श्रेणियों में खपत वृद्धि 2024 की तीसरी तिमाही में छह प्रतिशत पर स्थिर रही।

### एचडीएफसी के ग्राहकों के लिए अहम खबर, बैंक ने दिया बड़ा झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक से लोन लेना अब महंगा हो गया है। बैंक ने अपनी मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट्स में बदलाव किया है। बता दें कि बैंक ने अपने चुनिंदा अवधि वाले कर्ज के लिए एमसीएलआर में इजाफा किया है। निजी बैंक ने इसे 5 आधार अंक यानी 0.05 फीसदी बढ़ा दिया है। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट पर जारी सूचना के अनुसार, एक साल की अवधि के लिए मानक एमसीएलआर दर को 9.45 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। इसी के आधार पर ज्यादातर कंज्यूमर कर्ज मसलन वाहन और पर्सनल लोन की दरें तय की जाती हैं। हालांकि, एक दिन के लिए स्न्स्न्न 9.10 प्रतिशत से बढ़कर 9.15 प्रतिशत हो गई है, जबकि एक महीने की दर 0.05 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब 9.20 प्रतिशत हो गई है। अन्य मेच्योरिटी अवधि वाले कर्ज के लिए दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं, नई दरें 7 नवंबर, 2024 से प्रभावी हो गई हैं। आपको बता दें यह दर वृद्धि भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से लगातार दसवीं बार अपनी पॉलिसी रेट रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के निर्णय के बाद की गई है।

# अमेरिका संग कारोबार को नई दिशा दे सकती है ट्रंप की जीत; एफटीए के भी पूरा होने की गुंजाइश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ ही अब भारत और अमेरिका में कारोबार को नए सिरे से परिभाषित करने और बढ़ावा देने की तैयारी हो सकती है। अगर अमेरिका सकारात्मक कदम उठाता है तो भारत भी अमेरिकी कंपनियों के लिए आसान बाजार पहुंच की पेशकश कर सकता है। दोनों देशों में लंबे समय से उच्च टैरिफ को लेकर विवाद है। सूत्रों के मुताबिक, ट्रंप ने हाल ही में भारत को व्यापार संबंधों का बहुत बड़ा दुरुपयोगकर्ता बताया था। अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान अमेरिका की ओर से सभी आयातों पर टैरिफ बढ़ाने का उन्होंने वादा भी किया था। 2017 से 2021 तक राष्ट्रपति के अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने टैरिफ को लेकर भारत को आंखे दिखाई?थी, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बेहतर संबंध बनाए रखा।




हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल के अंतिम समय में भारत और अमेरिका अपने मतभेदों को पाटने के प्रयास में एक सीमित समझौते पर बातचीत करने पर सहमत हुए। एक सूत्र ने बताया, अगर इसका अर्थ भारतीय वस्तुओं के लिए बेहतर व्यापार शर्तों का मतलब है तो भारत अमेरिकी कंपनियों के प्रवेश के लिए टैरिफ घटाने को तैयार है।

व्यापार मामलों में ट्रंप का नजरिया लेन-देन वाला है। इससे भारत को बातचीत में मदद मिलती है। मोदी दुनिया के उन पहले नेताओं में से एक थे, जिन्होंने ट्रंप की ऐतिहासिक जीत के बाद उनसे टेलीफोन पर बात की। 2023 में 120 अरब डॉलर के निर्यात के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका भारत का शीर्ष निर्यात गंतव्य है।

अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में आयात शुल्क कम कर सकता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिका में भारत के राजदूत रहे हर्ष वर्धन श्रृंगला ने कहा, उस दौरान हमारे बीच काफी अच्छा तालमेल था। मुझे लगता है कि उनका दूसरा कार्यकाल और भी बेहतर होगा, क्योंकि दोनों पक्षों ने एक आपसी समझ और सम्मान विकसित किया है, खासकर लीडर के स्तर पर। श्रृंगला ने कहा, ट्रंप के पहले कार्यकाल में भारत ने एक मिनी व्यापार सौदा लगभग पूरा कर लिया था। पर, कोरोना के कारण यह आगे नहीं बढ़ पाया। उनके दूसरे कार्यकाल के समय मुक्त व्यापार समझौता पूरा होने की गुंजाइश है। भारत ट्रंप के इस कार्यकाल में अमेरिका से अपने व्यापार संबंधों को लेकर चिंतित नहीं है, क्योंकि चीन उनके टैरिफ खतरों के लिए मुख्य केंद्र में है। व्हाइट हाउस पर भले ही किसी का भी कब्जा हो, पिछले दशक में दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध बढ़ते रहे हैं।

एंजल वन की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप की जीत से अमेरिका और भारतीय शेयर बाजार को बढ़ावा मिलेगा। ट्रंप को बाजार समर्थक माना जाता है, इसलिए जीत सोने पर सुहागा है। इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ सकता है। भारतीय शेयर बाजारों में विशेष रूप से चीन+1 रणनीति के कारण अल्पकालिक तेजी देखी जा सकती है, जहां वैश्विक कंपनियां चीन से परे अपने विनिर्माण आधार में विविधता लाने की कोशिश कर रही हैं। भारत एक वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरा है।

## मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज को 50 अरब डॉलर का झटका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज फिर गिरावट दिख रही है। बीएसई पर यह 1.5 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ 1278.70 रुपये पर पहुंच गया। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में कंपनी का शेयर उच्चतम स्तर पर पहुंचा था लेकिन उसके बाद से इसके मार्केट कैप में करीब 50 अरब डॉलर यानी करीब 42,18,63,25,00,000 रुपये की गिरावट आई है। अभी इसका मार्केट कैप करीब 17,39,586.54 करोड़ रुपये रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कमजोर आय और इकनॉमिक स्लोडाउन के कारण रिलायंस संघर्ष कर रही है। एशिया और भारत के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बिजनस रिफाइनिंग से लेकर रिटेल तक फैला है। इस साल कंपनी के शेयरों में कम ही तेजी देखने को मिली है। यह बेंचमार्क एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स से लगभग एक दशक में सबसे बड़े अंतर से पीछे है। हाल के महीनों में विदेशी बिकवाली और इनकम ग्रोथ की चिंताओं के कारण शेयर मार्केट में भारी गिरावट आई है। इसके बावजूद देश के प्रमुख सूचकांक अब भी 2024 में एशिया के सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रमुख बाजारों में से हैं।

## भारत ने रूसी तेल खरीदकर पूरी दुनिया का भला किया, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने बताया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले से वैश्विक तेल कीमतों में संभावित उछाल को रोकने में मदद मिली है। अबू धाबी में सीएनएन की बेकी एंडरसन के साथ एक साक्षात्कार में, केंद्रीय मंत्री पुरी ने बताया कि अगर भारत सरकार ने रूसी तेल नहीं खरीदा होता, तो वैश्विक तेल की कीमत सभी के लिए 200 डॉलर तक बढ़ जाती। उन्होंने कहा, आने वाले वर्षों में तेल दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहेगा। पुरी ने कहा, वर्ष 2026 तक, जब बाजार में अधिक ऊर्जा उपलब्ध होगी, स्थिति का अध्ययन करने वाले के रूप में, मुझे लगता है कि कीमतों के स्थिर रहने और नीचे आने की संभावना अधिक है।




यह पूछे जाने पर कि भारत ने अक्तूबर में रूस से तेल आयात में लगभग 10 प्रतिशत की कमी क्यों की, पुरी ने बताया कि ऐसा बाजार में प्रतिस्पर्धी तेल दरों के कारण हुआ। उन्होंने कहा, अन्य लोग भी उसी प्रतिस्पर्धी दर पर आपूर्ति करने को तैयार हैं, क्योंकि ओपेक की स्थिति यह है कि वे कीमत से नहीं निपटते। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा चल रही है। यदि आपको यह किसी एक से नहीं मिलता है, तो आपको यह किसी और से मिलता है। यह पूछे जाने पर कि क्या रूसी तेल आयात में कमी एक रणनीतिक निर्णय था, मंत्री ने कहा, ये तेल के बारे में बाजार में लिए गए निर्णय हैं। जब रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ बाजार में 13 मिलियन बैरल रूसी तेल था, यदि अचानक वह तेल बाजार से चला जाता और भारत ने अपने 5 मिलियन बैरल की खरीद को खाड़ी के आपूर्तिकर्ताओं को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया होता, तो तेल की कीमत 200 प्रति बैरल हो जाती। इसलिए मुझे लगता है कि हमने सभी का उपकार किया है।

## भारत आने वाले समय में दुनिया के लिए बनेगा महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र : केवी कामथ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में बैंकिंग प्रणाली को वैश्विक अस्थिरता के बीच मजबूती से खड़ा रखने के लिए स्थानीय ऋणदाताओं को अपनी रणनीतियों में सुधार करने की जरूरत है, खासकर अनसिक्योर रिटेल लोन (जैसे क्रेडिट कार्ड और माइक्रोफाइनेंस) के मामले में। आइसीआइसीआइ बैंक के पूर्व प्रमुख और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के चेयरमैन के वी कामथ ने हाल ही में एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की है। कामथ ने इस साक्षात्कार में भारत की वर्तमान आर्थिक स्थिति, वैश्विक घटनाओं का प्रभाव, चीन की अर्थव्यवस्था और भारतीय कंपनियों द्वारा पूंजीगत खर्च के बारे में भी अपनी राय व्यक्त की।



के वी कामथ ने कहा कि वर्तमान में भारत के जैसी कोई और अर्थव्यवस्था नहीं है, जो वैश्विक संदर्भ में इतनी अच्छी स्थिति में हो। उनका मानना है कि भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए आने वाले 25 वर्षों का समय बहुत महत्वपूर्ण है और भारत आने वाले दशकों तक दुनिया के लिए एक अहम आर्थिक केंद्र बनेगा। कामथ ने अमेरिकी चुनावों के भारतीय निवेशकों पर प्रभाव के बारे में कहा कि यह देखना जरूरी है कि किसी भी वैश्विक घटनाक्रम से भारत पर किस प्रकार का अस्थिरता असर हो सकता है। भारतीय निवेशकों को इन घटनाओं के असर से बचने के लिए तैयार रहना चाहिए और जो हालात पिछले दो वर्षों में आए, उनसे सीखा जा चुका है कि किस प्रकार ऐसे शॉक को सहन किया जा सकता है। चीन की अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए दिए गए बड़े प्रोत्साहन पैकेज के बारे में कामथ ने कहा कि यह चीन के लिए जरूरी था ताकि वह अपनी वृद्धि दर पर लौट सके। .18 ट्रिलियन से अधिक का यह पैकेज चीन के लिए आवश्यक है, ताकि वह वैश्विक परिवर्तनों के बीच अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सके।

उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोविड-19 के दौरान केंद्रीय बैंक और सरकार ने शानदार तरीके से अर्थव्यवस्था को संभाला। रिजर्व बैंक ने बिना किसी जल्दबाजी के बहुत ही सोच-समझकर कदम उठाए, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था संकट के बावजूद संभल पाई।

कामथ ने बताया कि भारतीय कंपनियों द्वारा पूंजीगत खर्च में अभी भी अस्थिरता बनी हुई है, हालांकि बड़ी औद्योगिक कंपनियां इस खर्च को बढ़ाने में सक्षम रही हैं। उनका मानना है कि कंपनियों को इस खर्च में वृद्धि के लिए क्षमता विस्तार और नए क्षेत्रों में निवेश की आवश्यकता है। कोविड के दौरान भारतीय कंपनियों ने उत्पादन में तेजी से वृद्धि की और यह बिना बड़े निवेश के केवल प्रक्रिया सुधार और ऑटोमेशन के जरिए संभव हुआ। भारत में चीन से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए चल रही चीन प्लस एक रणनीति के बारे में चर्चा की। हालांकि, उन्होंने बताया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इस साल नकारात्मक रहा है और यह ज्यादातर निजी इक्विटी कंपनियों के एक-दूसरे से खरीदारी के रूप में देखा जा रहा है। के वी कामथ ने भारतीय बैंकिंग उद्योग की स्थिरता पर चर्चा की और बताया कि बैंकिंग प्रणाली को अब अनसिक्योर पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड जैसे ऋणों के मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है

## सोनालीका ने अक्टूबर24 में 20,056 कुल ट्रैक्टरों के साथ अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री का रिकॉर्ड सीज़न दर्ज किया

**सोनालीका ट्रैक्टर्स का ऐतिहासिक सबसे बड़ा मासिक प्रदर्शन किसानों के लिए अनुकूलित ट्रैक्टर बनाने और कृषि समृद्धि को बढ़ावा देने के कंपनी मिशन के अनुरूप है**

**नई दिल्ली एजेंसी।** सबसे बड़े त्योहारी सीज़न के दौरान किसानों के लिए अधिकतम खुशी सुनिश्चित करते हुए, भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अक्टूबर24 में 20,056 कुल ट्रैक्टरों के अपने सर्वाधिक मासिक बिक्री का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। सोनालीका ट्रैक्टर्स के इतिहास में सबसे बड़ा मासिक प्रदर्शन किसानों के लिए अनुकूलित ट्रैक्टर बनाने और कृषि समृद्धि को बढ़ावा देने के कंपनी मिशन के अनुरूप है।




परिवर्तनकारी कृषि विकास के साथ-साथ हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टरों से कृषि क्षेत्र का उत्थान कर रहा सोनालीका ट्रैक्टर्स किसानों के बीच लगातार एक विश्वसनीय ब्रांड बना हुआ है। सबसे बड़े त्योहारी सीज़न के दौरान, कंपनी ने अपने वार्षिक हैवी ड्यूटी धमाका ऑफर द्वारा किसानों के लिए उचित मूल्य पर उन्नत तकनीक से लैस ट्रैक्टरों की पेशकश की जिससे किसानों को जीवन आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन मिला। देश में अपने सबसे व्यापक डीलरशिप नेटवर्क द्वारा कंपनी ने क्षेत्रीय किसानों की आवश्यकताओं के अनुसार सही और अनुकूलित उत्पाद प्लेसमेंट सुनिश्चित किया और प्रत्येक ट्रैक्टर के साथ असाधारण प्रदर्शन के साथ गुणवत्ता प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया।

इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, हम 20,056 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ पिछले सभी मासिक बिक्री रिकॉर्ड को पार करके उत्साहित हैं, और ये हमारे कृषक समुदाय के साथ साझा किया गया एक गौरवपूर्ण क्षण है। हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक किसान सही ट्रैक्टर तक पहुंचे, जो विश्वसनीय, अनुकूलित और उनकी आवश्यकताओं के लिए तैयार किया गया हो और स्थाई समृद्धि की दिशा में उनकी यात्रा का समर्थन करता हो। हमारी नई उपलब्धि हमें हर कदम पर किसानों को सशक्त बनाने के लिए इंटेलीजेंट, हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करती है।

## दो भाइयों का कमाल, घर में उगाया दुनिया का सबसे महंगा मसाला, अब लाखों की कमाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के दो भाइयों नवीन और प्रवीण सिंधु ने कमाल कर दिया है। ये अपने घर में ही कश्मीरी केसर उगाते हैं। उन्?होंने घर के अंदर केसर उगाने का नया तरीका ईजाद किया है। इसके लिए भाइयों ने ईरान और इजरायल की उन्नत एयरोपोनिक तकनीक का इस्तेमाल किया। इसमें मिट्टी के बिना ही पौधे हवा में उगाए जाते हैं। इस तकनीक से उन्होंने अपने घर की छत पर ही कश्मीरी केसर उगाकर लाखों रुपये कमाए हैं। केसर को दुनिया का सबसे महंगा मसाला कहते हैं। आइए, यहां नवीन और प्रवीण सिंधु की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। 2018 में दोनों भाइयों ने अपने घर की छत पर 15×15 फीट के कमरे को एक छोटी प्रयोगशाला में बदल दिया। यहां उन्होंने एरोपोनिक्स तकनीक का इस्?तेमाल करके केसर उगाना शुरू किया। एरोपोनिक्स एक ऐसी तकनीक है जिसमें पौधे बिना मिट्टी या पानी के, हवा में लटके हुए उगते हैं। उन्होंने इस सेटअप में लगभग 6 लाख रुपये का निवेश किया। इसमें ग्रो लाइट्स, ह्यूमिडिफायर, तापमान नियंत्रण के लिए चिलर और केसर के बल्ब रखने के लिए लकड़ी की ट्रे शामिल थीं।



### ऐसे आया आइडिया

प्रवीण सिंधु को यह आइडिया तब आया जब वह एमटेक की पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने अखबार में घर के अंदर केसर उगाने के बारे में पढ़ा था। उन्होंने अपने भाई नवीन को इस बारे में बताया, जो उस समय ब्रिटेन में एक होटल में काम कर रहे थे। 2016 में प्रवीण की पढ़ाई पूरी होने के बाद दोनों भाइयों ने मिलकर यह अनोखा काम शुरू करने का फैसला किया। प्रवीण थाईलैंड गए और वहां उन्होंने कॉर्डिसेप्स मशरूम उगाने की ट्रेनिंग ली। यह मशरूम अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। इस दौरान, नवीन केसर की खेती सीखने के लिए जम्मू-कश्मीर के पंपोर चले गए। पंपोर केसर की खेती का केंद्र है। यहां भारत का लगभग 90 प्रतिशत केसर उगाया जाता है। उन्होंने वहां के किसानों से केसर उगाने की बारीकियां सीखीं। अपनी जानकारी बढ़ाने के लिए उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय का भी दौरा किया। शुरुआत में प्रवीण और नवीन को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने सबसे पहले कश्मीर से 100 किलो केसर के बल्ब ऑनलाइन मंगवाए थे। लेकिन, वे खराब हालत में पहुंचे। इस असफलता से सीखते हुए अगले साल उन्होंने खुद पंपोर जाकर बल्ब खरीदे। 2019 में उन्होंने 100 किलो बल्ब खरीदे और उन्हें उगाने में सफलता मिली। भाइयों ने अपने परिवार और दोस्तों को यह केसर तोहफे में दी। इससे उत्साहित होकर उन्होंने अगले सीजन में बिचौलियों को दरकिनार करते हुए सीधे 700 किलो बल्ब खरीदे। इससेउन्हें सस्ती दर पर बल्ब मिल गए। उस फसल से उन्हें 500 ग्राम केसर मिला, जिसे उन्होंने 2.5 लाख रुपये में बेचा। 2023 में उनकी छोटी सी प्रयोगशाला में 2 किलो केसर की पैदावार हुई।



# अपना यूट्यूब चैनल लेकर आईं परिणीति चोपड़ा

**स्ट्रीमिंग** बायोपिक 'अमर सिंह चमकीला' में नजर आने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपना यूट्यूब चैनल शुरू कर दिया है। उन्होंने पहले वीडियो को शेयर करते हुए लिखा है कि हालांकि वो एक प्राइवेट पर्सन हैं फिर भी अब अपनी जिंदगी का हर पल साझा करने को तैयार हैं। करीब 1 मिनट के इस वीडियो को उन्होंने कैप्शन दिया है मेरा पहला यू ट्यूब वीडियो।

उन्होंने वीडियो में कहा, मैं हमेशा से ही एक बहुत ही निजी व्यक्ति रही हूं, भले ही मैं एक सार्वजनिक व्यक्ति हूं, मैं हर समय कैमरों के सामने रहती हूं। मैंने हमेशा कहा है कि मैं अपने जीवन का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही अपने सोशल मीडिया पर शेयर करती हूं। उन्होंने आगे बताया, अब मैं अपने जीवन में बहुत सारी चीजें करती हूं। मैं कुछ पागलपन भरे साहसिक काम करती हूं, मैं बहुत स्कूबा डाइविंग करती हूं, पढ़ती हूं, और मैं हर समय गाती रहती हूं। मैं हर समय स्टूडियो में रहती हूं। आजकल मेरे जीवन में इतना कुछ हो रहा है कि मैंने सोचा कि अब समय आ गया है कि मैं अपने जीवन में जो कुछ भी करती हूं,वह सब अपने फैंस के साथ शेयर करूं, और मैं अब इसके लिए तैयार हूं।



# सलमान के बाद शाहरुख को मिली जान से मारने की धमकी

## मुंबई पुलिस ने दर्ज किया केस

**बॉलीवुड** के बादशाह शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है। हाल ही में सलमान खान को मिली धमकी के बाद अब शाहरुख खान भी निशाने पर आ गए हैं। मुंबई पुलिस को इस मामले में छत्तीसगढ़ से फोन कॉल द्वारा धमकी मिलने की जानकारी मिली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और कॉल की ट्रेसिंग कर रही है। सूत्रों के अनुसार, धमकी देने वाले ने शाहरुख खान को जल्द अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। इस कॉल के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने शाहरुख की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा शुरू कर दी है, और उनकी सुरक्षा बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के संबंधित पुलिस विभाग के साथ संपर्क साधा है और आरोपी का पता लगाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में शाहरुख खान की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल कर रही हैं, और उनकी लोकप्रियता में भी इजाफा हो रहा है। पुलिस का मानना है कि धमकी देने वाले ने इसी बात को लेकर निशाना साधा हो सकता है। फिलहाल, शाहरुख खान और उनके परिवार को पुलिस द्वारा सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है ताकि धमकी देने वाले की जल्द से जल्द पहचान की जा सके।



# संत तुकाराम के साथ हिंदी सिनेमा में डेब्यू करेंगी शीना चौहान

**अभिनेत्री** शीना चौहान जल्द ही हिंदी फिल्मों में डेब्यू करेंगी। वह अपकमिंग फिल्म संत तुकाराम में अवली जीजाबाई की प्रमुख और सशक्त भूमिका में नजर आएंगी। आदित्य ओम द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शीना के साथ मराठी अभिनेता सुबोध भावे भी नजर आएंगे। वह इस फिल्म में संत तुकाराम का किरदार निभा रहे हैं। शीना के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भावे ने कहा, मैं पहली बार शीना के साथ काम कर रहा हूं। इसके बावजूद, मैंने पाया कि वह सेट पर एक बहुत ही ईमानदार कलाकार हैं। वह अपने काम को जानती और समझती हैं कि अपने काम पर ध्यान देना और उसके लिए ईमानदार होना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा, वह वास्तव में निर्देशक के दृष्टिकोण को समझती हैं और जो आवश्यक होता है उसे पूरा करती हैं। चाहे वह भावनात्मक दृश्य हो, हल्का दृश्य या कोई और ही सीन क्यों न हो, वह पूरी ईमानदारी के साथ उसे पूरा करती हैं।

# 'क्राइम पेट्रोल' के मशहूर टीवी अभिनेता नितिन चौहान ने की आत्महत्या



**महशूर** टीवी अभिनेता नितिन चौहान का कल गुरूवार को मुंबई में निधन हो गया। दिवंगत अभिनेता नितिन केवल 35 साल के थे। नितिन ने कई टीवी शोज में बेहतरीन अभिनय किया था। नितिन के अचानक यू चले जाने से उनके सभी चाहने वाले दुखी हैं। नितिन के पूर्व सह-कलाकार ने कथित तौर पर उनकी आत्महत्या की जानकारी दी है। इन टीवी सीरियल्स में किया था अभिनय

अभिनेता नितिन यूपी के अलीगढ़ के रहने वाले थे और उन्होंने 'दादगिरी 2 रियलिटी शो जीतकर काफी पहचान बनाई थी। इसके अलावा, उन्होंने दर्शकों के बीच में अपने अभिनय के द्वारा अपनी खास जगह बनाई थी। नितिन ने 'जिंदगी डॉट कॉम', 'क्राइम पेट्रोल' और 'फ्रेंड्स' जैसे टीवी शो में भी काम किया था और 'क्राइम पेट्रोल' से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली थी।

# द साबरमती रिपोर्ट के ट्रेलर में राशि खन्ना ने एक पत्रकार की भूमिका में दमदार भूमिका निभाई!

**पैन-इंडिया** स्टार राशि खन्ना और विक्रांत मैसी की मुख्य भूमिकाओं वाली द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। ट्रेलर में 27 फरवरी, 2002 की सुबह गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस पर हुई दुखद घटना की एक मनोरंजक झलक दिखाई गई है। राशि खन्ना और विक्रांत मैसी दोनों ही 'द साबरमती रिपोर्ट' में रिपोर्टर की भूमिका निभा रहे हैं, जो देश की सबसे विवादास्पद घटनाओं में से एक के पीछे की क्रूर सच्चाई को उजागर करने के लिए एक साथ आते हैं। ट्रेलर में उनके दमदार किरदार ने एक मजबूत छाप छोड़ी है और फैंस फिल्म में उनके पूरे प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर में उनके किरदारों के बीच की आकर्षक केमिस्ट्री की झलक भी मिलती है। रोमांचक प्लॉट ट्विस्ट और एक एंटरटेनिंग नैरेटिव के वादे के साथ, दर्शकों में उत्सुकता बढ़ रही है। वे यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि उनके किरदार दुखद घटना के पीछे के रहस्य को कैसे उजागर करते हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर साझा किया है।


ट्रेलर रिलीज़ से पहले, मेकर्स ने पहले ही एक टीज़र और कुछ मोशन पोस्टर के साथ दर्शकों की जिज्ञासा को बढ़ा दिया था, जिसने फिल्म के इर्द-गिर्द रहस्य को और बढ़ा दिया। अब, पूरा ट्रेलर रिलीज़ होने के साथ ही, फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है क्योंकि वे 15 नवंबर, 2024 को 'द साबरमती रिपोर्ट' की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।



# क्राइम-थ्रिलर वाली कहानी में नजर आएंगी तमन्ना

**तमन्ना** भाटिया अपने प्रशंसकों के लिए एक नया तोहफा लेकर आईं हैं। तमन्ना भाटिया लव स्टोरी, आइटम सॉन्ग के बाद अब क्राइम और थ्रिलर कहानी के साथ नजर आने वाली हैं। तमन्ना भाटिया की ये नई फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा की है। फिल्म 29 नवंबर ओटीटी पर रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स की ओर से इस पोस्ट में तीन आरोपी, लेकिन कौन अपराधी केस जल्दी ही खुलेगा। सिकंदर का मुकद्दर देखें, 29 नवंबर को, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर! यह फिल्म एक डकैत और उसे रोकने की कोशिश कर रहे एक पुलिस अधिकारी की कहानी पर आधारित होगी। फिल्म लगभग 15 साल के लंबे समय की कहानी होगी। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे कर रहे हैं।

सिकंदर का मुकद्दर में तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी, जिमी शेरगिल, राजीव मेहता, दिव्या दत्ता और जोया अफरोज जैसे कलाकार शामिल हैं। अभिनेता तब्बू और अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था फिल्म का निर्देशन भी नीरज पांडे ने किया था। तमन्ना भाटिया आखिरी बार ब्लॉकबस्टर स्त्री 2 में एक कैमियो भूमिका में दिखाई दी थीं।



# हुमा कुरैशी ने ठुकराई दो बड़ी फिल्में

## कम सैलरी और साथी अभिनेता के कम अनुभव को बताई वजह

**अपनी** अद्भुत अभिनय के लिए मसहूर हुमा कुरैशी ने हाल ही में दो मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म को अस्वीकार करने के पीछे का कारण का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इन फिल्मों के लिए उन्हें उच्च वेतन की पेशकश नहीं की गई थी। इसके साथ ही इन फिल्मों में उनके साथ काम करने वाले दूसरे अभिनेताओं में अनुभव की कमी के कारण उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। उन्होंने बताया कि अगर कोई अभिनेता अपने सोशल मीडिया फॉलोइंग के कारण लोकप्रिय माना जाता है, इसका यह मतलब नहीं कि उसके शो या फिल्मों को दर्शक पसंद करेंगे।

**दो फिल्मों को न कहने का बताया कारण**

एक मीडिया साक्षात्कार में हुमा कुरैशी ने दो नई फिल्मों को न कहने के पीछे के कारमों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि ईमानदारी महत्वपूर्ण है। अन्य अभिनेताओं की लोकप्रियता के बावजूद उन्हें लगता है कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उनका अनुभव अन्य अभिनेताओं के अनुभव से मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा, बिना नाम बताए, मुझे दो लीड फिल्मों की पेशकश की गई थी। मैंने उसे स्वीकार नहीं किया, क्योंकि इसमें शामिल अन्य मशहूर अभिनेताओं के पास स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का मेरे जितना अनुभव नहीं था।

**मुख्य भूमिका वाली फिल्मों को करने से किया इनकार**

हुमा ने स्पष्ट किया कि वह फिल्मों में काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन तभी जब फिल्मों में अन्य अभिनेताओं की तरह उनके किरदार को भी समान महत्व दिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि करियर के इस स्तर पर उन्हें नहीं लगता कि कोई समझौता करने की जरूरत है। टीम ने उन्हें आश्वासन दिया कि यह दो मुख्य भूमिका वाली फिल्म है, हुमा ने स्पष्ट किया कि एक वरिष्ठ अभिनेता के रूप में उन्हें उच्च वेतन की उम्मीद है। जब टीम के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तब उन्होंने दोनों फिल्मों को करने से इनकार कर दिया। जॉली एलएलबी 2 की अभिनेत्री ने कहा, उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि दोनों मुख्य भूमिका वाली फिल्में हैं, लेकिन एक वरिष्ठ अभिनेत्री के तौर पर मैंने उच्च वेतन की मांग की थी। हमारे बीच बात नहीं बनी और मैंने काम करने से इनकार कर दिया।

### जॉली एलएलबी 3 में आएंगी नजर

हुमा कुरैशी ने बताया कि वह इन परिस्थितियों का सामना ईमानदारी और सम्मान के साथ करती हैं। उन्होंने हुमा ने कहा कि उन्हें जिन फिल्मों की पेशकश की गई वह ओटीटी के लिए थीं, जहां उन्होंने बहुत नाम कमाया। बता दें कि हुमा हाल ही में जी 5 के शो मिथ्या के दूसरे सीजन में नजर आईं। गुलाबी और बयान उनकी आने वाली फिल्में हैं।



-साभार एजेंसी

# घुटनों पर आया पाकिस्तान...
# चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने नहीं जाएगी टीम इंडिया !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान में अगले साल होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. भारत सरकार ने पाकिस्तान दौरे पर जाने के लिए अब तक अपनी भारतीय टीम को मंजूरी नहीं दी है.

इस खबर के बाद से अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ( पीसीबी) और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ( आईसीसी) का सिरदर्द बढ़ जाएगा. इन सभी बातों को देखते हुए अब पाकिस्तानी बोर्ड ने हार मान ली है और चैम्पियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल के तहत कराने पर राजी हो गया है. जिसमें कहा गया कि भारत अपने सभी मैच यूईए में खेलेगा.



## भारत के मैच दुबई या शारजाह में हो सकते हैं

पाकिस्तान दौरे पर सबसे बड़ा सवाल सिक्योरिटी को लेकर है. यही वजह भी है कि भारत सरकार रिस्क नहीं लेना चाहती है. पीसीबी सूत्र ने कहा है कि यदि भारत सरकार अपनी टीम को परमिशन नहीं देती है तो वो हाइब्रिड मॉडल के तहत खेलने के लिए तैयार हैं. ऐसे में या तो दुबई या फिर शारजाह में मुकाबले हो सकते हैं. सूत्र ने कहा, पीसीबी चाहता है कि बीसीसीआई लिखित में दे कि उन्हें अपनी टीम पाकिस्तान भेजने के लिए अपनी सरकार से अनुमति मिली है या नहीं.हाल ही में पाकिस्तानी मीडिया की ओर से यह भी खबर सामने आई है कि 11 नवंबर को चैम्पियंस ट्रॉफी का फुल शेड्यूल जारी किया जा सकता है.

## 8 टीमों के बीच फाइनल समेत होंगे 15 मुकाबले

चैम्पियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च में खेली जाएगी. रिपोर्ट्स की मानें तो इसका आगाज 19 फरवरी को होगा. जबकि फाइनल मुकाबला 9 मार्च को खेला जा सकता है. आईसीसी का एक प्रतिनिधि मंडल 10 से 12 नवंबर तक लाहौर पहुंचेगा और हर एक तैयारियों का जायजा लेगा. इसी दौरान 11 नवंबर को चैम्पियंस ट्रॉफी का शेड्यूल घोषित किया जा सकता है.

शेड्यूल के मुताबिक, ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान, न्यूजीलैंड के साथ बांग्लादेश टीम रहेगी. जबकि ग्रुप-बी में इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान को रखा गया है. टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च तक होगा. चैम्पियंस ट्रॉफी में 8 टीमों के बीच फाइनल समेत कुल 15 मुकाबले होंगे. यह सभी मैच तीन वेन्यू लाहौर, कराची और रावलपिंडी में कराए जाएंगे.

**कोरिया मास्टर्सः**

# किरण जॉर्ज जापान के ताकुमा ओबयाशी पर जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचे



**इक्सान सिटी (दक्षिण कोरिया) एजेंसी।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने कोरिया मास्टर्स में अपनी शानदार जीत का सिलसिला जारी रखा और जापान के ताकुमा ओबायाशी को हराकर पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

शुक्रवार को हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी ने ओबायाशी को सीधे सेटों में 21-14, 21-16 से मात्र 39 मिनट में हराया। ओबायाशी के खिलाफ अपने चौथे मुकाबले में भी जॉर्ज ने अजेय रिकॉर्ड बनाए रखा।

पहले गेम में 24 वर्षीय किरण ने 5-1 की बढ़त ली और मिड-गेम ब्रेक तक इसे सात अंकों तक पहुंचा दिया। उन्होंने 21-14 से पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में वर्ल्ड नंबर 44 जॉर्ज ने जोरदार खेल दिखाया।

जापानी खिलाड़ी के शुरुआती संघर्ष के बावजूद किरण ने 11-8 की बढ़त बना ली और उसे बनाए रखते हुए 21-16 से मैच जीत लिया। अब जॉर्ज, जो बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं, शनिवार को सेमीफाइनल में नंबर एक सीड थाईलैंड के कुनलावुत विटिड्सर्न का सामना करेंगे। इससे पहले, किरण जॉर्ज ने चीनी ताइपे के तीसरे सीड ची यू जेन को 21-17, 19-21, 21-17 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था।



## पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हरा खत्म किया 28 साल का सूखा, बाबर ने छक्के से जिताथा मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 3 मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में शुक्रवार (8 नवंबर) हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। तीसरा वनडे 9 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। पाकिस्तान की टीम एडिलेड में 1996 के बाद पहली बार वनडे मैच जीती। 28 साल बाद वह इस स्टेडियम में मैच जीती। पाकिस्तान की जीत के हीरो हारिस रऊफ रहे। उन्होंने 5 विकेट लिए। सैम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक ने अर्धशतक जड़ा।एडिलेड ओवल स्टेडियम में खेले मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 35 ओवर में 10 विकेट पर 163 रन बनाए। मैथ्यू शॉर्ट 19, जेक फ्रेजर-मैकगर्क 13, स्टीव स्मिथ 35, जोश इंग्लिस 18, मार्नस लाबुशेन 6, आरोन हार्डी 14, ग्लेन मैक्सवेल 16, पैट कमिंस 13, मिचेल स्टार्क 1 और एडम जम्पा 18 रन बनाकर आउट हुए। जोश हेजलवुड 2 रन बनाकर नाबाद रहे। हारिस रऊफ ने 5 विकेट लिए।

164 के टारगेट के जवाब में पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में 1 विकेट पर 169 रन बनाए। बाबर आजम ने छक्के से मैच खत्म किया। वह 15 रन बनाकर नाबाद रहे। प अब्दुल्लाह शफीक 64 रन बनाकर नाबाद रहे। सैम अयूब 82 रन बनाकर आउट हुए। एडम जंपा को विकेट मिला 164 के टारगेट के जवाब में पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में 1 विकेट पर 169 रन बनाए।

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में दर्ज की सबसे बड़ी जीत, रऊफ के कहर के बाद अयूब और शफीक ने ठोके पचासे

शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए। नसीम शाह और मोहम्मद हसनैन ने 1-1 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 में जोश हेजलवुड को सीन एबॉट की जगह मौका मिला। पाकिस्तान की बात करें तो प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं हुआ। नसीम शाह को क्रैम्प के कारण पहले वनडे में मैदान छोड़ना पड़ा था, लेकिन वह दूसरा मैच खेले। मेलबर्न में खेला गया पहला मैच काफी रोमांचक हुआ था। ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान की टीम दूसरा मैच जीतकर सीरीज बचाना चाहेगी।

### हारिस रऊफ ने रचा इतिहास



ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एक-एक रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए। किसी भी बल्लेबाज ने क्रीज पर जमने की जेहमत नहीं उठाई, जिसका नतीजा ये हुआ कि पूरी टीम महज 35 ओवरों में ढेर हो गई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन स्टीव स्मिथ ने बनाए। स्मिथ ने 48 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 35 रनों की पारी खेली। उनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इस तरह ऑस्ट्रेलिया 163 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को इतने कम स्कोर पर आउट करने का श्रेय पाकिस्तान की शानदार गेंदबाजी को जाता है जिन्होंने पहले ही ओवर से कसी हुई गेंदबाजी कि और मेजबान टीम के किसी भी बल्लेबाज को क्रीज पर जमने नहीं दिया। पाकिस्तान के लिए वैसे तो सभी गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन हारिस रऊफ ने 5 विकेट लेकर कमाल ही कर दिया।

# रोहित शर्मा को क्यों ले लेना चाहिए इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के धाकड़ बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर चल रहे हैं. रोहित शर्मा अब 37 साल के हो चुके हैं. रोहित शर्मा के लिए अब कप्तान तो क्या बतौर बल्लेबाज भी ज्यादा समय तक वनडे और टेस्ट टीम में बने रहना बहुत मुश्किल होगा. रोहित शर्मा के लिए इस साल का सबसे बड़ा टारगेट भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचाना है, लेकिन ये सपना अब पूरा होता नजर नहीं आ रहा है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में एंट्री के लिए भारत को 22 नवंबर से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कंगारू टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-0 से जीतनी होगी. ये काम शेर के मुंह से शिकार छीनने जितना ही मुश्किल है.

**रोहित शर्मा को लेना पड़ेगा संन्यासः** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया को हाल ही में अपनी ही सरजमीं पर न्यूजीलैंड ने टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराते हुए सूपड़ा साफ कर दिया. रोहित शर्मा की कप्तानी में अब पहले जैसी धार देखने को नहीं मिल रही. बतौर बल्लेबाज भी रोहित शर्मा बेहद खराब प्रदर्शन कर रहे हैं. भारत के लिए अब अगले साल होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाना बेहद मुश्किल है. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कंगारू टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-0 से जीतना बहुत मुश्किल है. भारत अगर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने से चूक गया तो रोहित शर्मा के भविष्य पर भी फैसला हो जाएगा. ऐसी सूरत में 37 साल के रोहित शर्मा संन्यास लेने के लिए भी मजबूर हो सकते हैं.

**टीम इंडिया में शुरू हो जाएगा नया युगः** भारत अगर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह नहीं बना पाया तो टेस्ट के साथ-साथ रोहित शर्मा की वनडे कप्तानी भी जा सकती है. टेस्ट की नाकामी का असर वनडे में देखने को नहीं मिले उसे देखते हुए रोहित शर्मा के हाथ से चैंपियनशिप ट्रॉफी खेलने का मौका भी छिन सकता है. फरवरी और मार्च 2025 में आईसीसी चैंपियनशिप ट्रॉफी खेली जाएगी. पिछले लंबे समय से रोहित शर्मा का बल्लेबाजी में बुरा हाल है. न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में खेली गई टेस्ट सीरीज की 6 पारियों में कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले से 2, 52, 0, 8, 18 और 11 रन के स्कोर निकले हैं. इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान भी हिटमैन का बुरा हाल था. बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज की 4 पारियों में रोहित शर्मा ने 6, 5, 23 और 8 रन के स्कोर बनाए थे.

**शतक और रनों का सूखाः** रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं. अब वह केवल टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में ही खेलते हैं. रोहित शर्मा ने पिछले 8 महीनों में सिर्फ 1 टेस्ट शतक ही लगाया है. 7 मार्च 2024 को इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में रोहित शर्मा ने अपना आखिरी टेस्ट शतक जमाया था. रोहित शर्मा ने तब 103 रनों की पारी खेली थी. रोहित शर्मा ने इसके बाद 10 टेस्ट पारियों में 6, 5, 23, 8, 2, 52, 0, 8, 18 और 11 रन के स्कोर बनाए हैं. वहीं, वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में भी रोहित शर्मा का एक साल से शतक नहीं आया है. रोहित शर्मा ने अपने आखिरी 5 वनडे मैचों में 47, 47, 58, 64 और 35 रन के स्कोर बनाए हैं.

**बॉडी लैंग्वेज पर सवालः** श्रीलंका के खिलाफ इसी साल अगस्त में खेली गई तीन वनडे मैचों की सीरीज में रोहित शर्मा कुल मिलाकर 157 रन ही बना पाए. रोहित शर्मा ने अपना आखिरी वनडे शतक 11 अक्टूबर 2023 को अफगानिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 में ठोका था. रोहित शर्मा ने तब 131 रनों की पारी खेली थी. रोहित शर्मा 37 साल के हो चुके हैं. रोहित शर्मा के रन बनाने की रफ्तार मानों थम सी गई है. रोहित शर्मा में अब रन बनाने की भूख भी खत्म नजर आती है.

**चेसः**

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में तीसरे दौर में जीते एरिगेसी

## • विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

**चेन्नई, एजेंसी।** काले मोहरों से खेलते हुए 21 वर्षीय अर्जुन ने सरना पर जीत की बदौलत फिर से अपनी 2,800 ईएलओ रेटिंग हासिल कर ली और फैबियानो कारुआना को पीछे छोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर लिया है। भारत के अर्जुन एरिगेसी चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2024 में एलेक्से सरना पर जीत की बदौलत विश्व शतरंज रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वह तीन दौर के बाद अमीन तबाताबेई के साथ मास्टर्स वर्ग में संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। काले मोहरों से खेलते हुए 21 वर्षीय अर्जुन ने सरना पर जीत की बदौलत फिर से अपनी 2,800 ईएलओ रेटिंग हासिल कर ली और फैबियानो कारुआना को पीछे छोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान



प्राप्त कर लिया है। मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में अमीन तबाताबेई ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वचियर-लाग्रेव को हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस बीच लेवोन अरोनियन ने ईरान के परम मघसूदलू पर शानदार जीत हासिल की।

भारत के विदित गुजराती ने स्थानीय दावेदार अरविंद चिदंबरम से अंक बांटे। इसके अलावा प्रणव वी ने चैलेंजर्स वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और कार्तिकेयन मुरली को हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। प्रणेश एम ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर अपनी स्थिति मजबूत की। हालांकि रौनक साधवानी और लियोन मेंडोंका के बीच कड़ी टक्कर वाला मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। हरिका द्रोणावल्ली और अभिमन्यु पुराणिक के बीच बाजी ड्रॉ रही।

तीसरे दौर के बाद अर्जुन और तबाताबाई 2.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से मास्टर्स वर्ग में शीर्ष पर हैं जबकि अरोनियन 0.5 अंक पीछे तीसरे स्थान पर हैं। प्रणव चैलेंजर्स वर्ग में 3.0 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक अपने तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है।

## टीम इंडिया में यशस्वी जायसवाल के बड़े भाई की होगी एंट्री !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या आप भारतीय क्रिकेट के उभरते हुए सितारे यशस्वी जायसवाल के भाई तेजस्वी जायसवाल के बारे में जानते हैं? तेजस्वी जायसवाल उम्र में यशस्वी जायसवाल से तकरीबन 4 साल बड़े हैं. यशस्वी जायसवाल घेरलू क्रिकेट में मुंबई का प्रतिनिधित्व करते हैं. वहीं, तेजस्वी जायसवाल घरेलू क्रिकेट में त्रिपुरा के लिए खेलते हैं.



पिछले महीने तेजस्वी जायसवाल ने रणजी ट्रॉफी डेब्यू किया. मेघालय के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में तेजस्वी जायसवाल महज 13 रन बना सके. इसके बाद मुंबई के खिलाफ सस्ते में पवैलियन लौट गए, लेकिन अब उन्होंने बड़ौदा के खिलाफ शानदार पारी खेल फैंस का ध्यान खींचा है.

बड़ौदा के खिलाफ तेजस्वी जायसवाल ने 60 गेंदों पर पचास रनों का आंकड़ा पार किया. हालांकि, वह अपने पहले शतक से चूक गए.

तेजस्वी जायसवाल 82 रन बनाकर लेग स्पिनर शिवालिक शर्मा की गेंद पर पवैलियन लौटे. इस शानदार पारी के बाद तेजस्वी जायसवाल लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं. सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि तेजस्वी जायसवाल अपने छोटे भाई यशस्वी जायसवाल की तरह भारतीय टीम के लिए जरूर खेलेंगे. हालांकि, यह देखना मजेदार होगा कि तेजस्वी जायसवाल का करियर कैसा रहता है?

## कप्तान शाई होप के साथ विवाद के बाद अल्जारी जोसेफ पर लगा दो मैचों का निलंबन

**बारबाडोस, एजेंसी।** वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज में 2-1 की जीत के बाद, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को टीम के कप्तान शाई होप के साथ मैदान पर हुए गरमा गरम विवाद के कारण दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया है।




यह घटना बारबाडोस में तीसरे एक दिवसीय (वनडे) मैच के दौरान हुई, जिसमें जोसेफ ने मैदान छोड़ते समय काफी गुस्सा जाहिर किया। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने गुरुवार को निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि जोसेफ का यह व्यवहार टीम की उम्मीदों के स्तर से कम था।

मैच के बाद जोसेफ ने क्रिकेट वेस्टइंडीज के माध्यम से बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने अपनी गलती मानी और कप्तान, साथी खिलाड़ियों, प्रबंधन और प्रशंसकों से माफी मांगी। उन्होंने कहा, मैंने व्यक्तिगत रूप से कप्तान शाई होप और अपने साथी खिलाड़ियों से माफी मांगी है। मैं वेस्टइंडीज के प्रशंसकों से भी खेद व्यक्त करता हूं। मुझे समझ है कि थोड़ी-सी गलती का बड़ा असर हो सकता है और मुझे इस बात का गहरा अफसोस है कि मैंने किसी को निराश किया। यह स्थिति मैच के चौथे ओवर में केनसिंगटन ओवल में हुई, जब जोसेफ फील्डिंग पोजीशन को लेकर पहले से ही परेशान नजर आ रहे थे। उन्होंने एक शानदार ओवर में विकेट लिया, लेकिन इसके बाद कप्तान होप के साथ हुए एक संवाद के बाद वह गुस्से में बिना किसी को बताए मैदान छोड़कर ड्रेसिंग रूम चले गए, जिससे टीम कुछ देर के लिए दस खिलाड़ियों के साथ ही खेल रही थी। हालांकि, जोसेफ थोड़ी देर बाद लौटे और बाद में गेंदबाजी भी की। वेस्टइंडीज़ ने इस मैच को आठ विकेट से जीत लिया और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज 2-1 से अपने नाम की। वेस्टइंडीज़ के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने मैच के बाद जोसेफ की इस हरकत को अस्वीकार्य बताया और अपनी निराशा व्यक्त की।

## वनडे के नंबर 1 ऑलराउंडर इस टूर्नामेंट के बाद संन्यास लेगा 39 साल का ये दिग्गज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर मोहम्मद नबी अगले साल पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे. नबी फिलहाल आईसीसी की वनडे रैंकिंग में नंबर 1 ऑलराउंडर हैं. उन्होंने 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था और पिछले पिछले 15 सालों से 50 ओवर के इस फॉर्मेट में अफगानिस्तान के लिए खेल रहे हैं. 39 साल के नबी ने 5 साल पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था. हालांकि, मोहम्मद नबी अफगानिस्तान के लिए टी20 क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे.

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी नसीब खान ने मोहम्मद नबी के संन्यास का खुलासा किया है.



क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक नबी ने एसीबी को अपने रिटायर होने के फैसले के बारे बता दिया है, जिसे बोर्ड ने स्वीकार भी कर लिया है. टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह 2026 टी20 वर्ल्ड कप तक खेल सकते हैं. नसीब खान ने कहा कि 'नबी ने मुझे कुछ महीने पहले बताया था कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपने वनडे करियर का अंत करना चाहते हैं और हम उनके फैसले का स्वागत करते हैं.'

मोहम्मद नबी अफगानिस्तान के सबसे अहम खिलाड़ियो में से एक हैं. वह दाएं हाथ बल्लेबाजी करने के अलावा का ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं और कई जीत में अहम रोल निभाया. है. नबी फिलहाल आईसीसी की वनडे रैंकिंग में नंबर 1 ऑल राउंडर हैं. उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ अपने पिछले वनडे मुकाबले में 71 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवाने के बाद 79 गेंद में 84 रन की शानदारी पारी खेली थी और टीम की जीत के हीरो रहे थे.

**कैसा रहा नबी का वनडे करियर?**

मोहम्मद नबी ने 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ डेब्यू किया था और पहले ही मैच में अर्धशतक जड़कर अपने टैलेंट का परिचय दिया था. इस मैच में उन्होंने 8 ओवर गेंदबाजी भी की थी. हालांकि, वह कोई विकेट नहीं चटका सके थे. बता दें इसके बाद से नबी ने अपने 15 साल के करियर में अभी तक अफगानिस्तान के लिए कुल 165 वनडे मुकाबले खेले हैं. इस दौरान उन्होंने 27.30 की औसत से 3549 रन बनाने के साथ 171 विकेट भी चटकाए हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने कैंसर जागरूकता दिवस मनाया

**अहमदाबाद एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने बड़े गौरव के साथ 7 नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया, तथा इस अवसर को कैंसर की रोकथाम और शुरुआती चरण में पहचान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उपचार के कारगर विकल्पों को सुलभ बनाने की जरूरत के लिए समर्पित किया। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस हम सभी को कैंसर के खिलाफ जारी बेहद महत्वपूर्ण संघर्ष की याद दिलाता है, और इस बार को भी सामने लाता है कि समुदायों पर इस बीमारी के प्रभाव को न्यूनतम करना हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। साल 2024 का राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस, कैंसर की शुरुआती चरण में पहचान एवं रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उपचार को सुलभ बनाने की थीम पर आधारित है। कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने लोगों एवं समुदायों को कैंसर से बचाव हेतु एहतियाती कदम उठाने के लिए जरूरी जानकारी तथा संसाधनों के साथ सक्षम बनाने का लक्ष्य रखा है। साथ ही, अस्पताल ने समय पर जाँच और बेहतर गुणवत्ता वाले उपचार को सुलभ बनाने की अहमियत पर भी बल दिया, ताकि मरीजों के लिए परिणामों को बेहतर बनाया जा सके और कैंसर से जुड़ी मृत्यु-दर को कम किया जा सके।सामान्य तौर पर भारत में स्तन, सर्वाइकल, तथा मुँह एवं फेफड़े के कैंसर से पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। मौजूदा स्थिति से यह बात जाहिर होती है कि, कैंसर से निपटने के लिए ठोस प्रयासों की तात्कालिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए सभी पहलुओं को शामिल करते हुए रोकथाम के उपायों को अपनाने, लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने तथा बेहतर गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने की जरूरत है।

### काउंटडाउन शुरू हुआ... नेटफ्लिक्स की 'सिकंदर का मुकद्दर' हुए 29 नवंबर प्रसारित होगा

**मुंबई, एजेंसी।** नेटफ्लिक्स का क्राईम ड्रामा सिकंदर का मुकद्दर सभी का इंतजार खत्म करते हुए 29 नवंबर को प्रसारित होने वाला है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, और राजीव मेहता मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। इस फिल्म में पांडे ने अपने सिग्नेचर स्टाईल में नेटफ्लिक्स के दर्शकों के लिए कहानी को बहुत दिलचस्प बना दिया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक चोरी, एक पुलिस अधिकारी के इंस्टिंक्ट्स, और 15 साल तक पीछा करने की रोचक कहानी एक रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी। इससे पहले नीरज पांडे ने नेटफ्लिक्स के साथ खाकी:बिहार चैप्टर के लिए काम किया था। इस क्राईम और पीछा करने की कहानी के साथ उन्होंने नेटफ्लिक्स पर अपनी वापसी की है। तो तैयार हो जाईये, 29 नवंबर को केवल नेटफ्लिक्स पर यह रोमांचक कहानी देखने के लिए।।

### एआई से बनाया टीचर का गंदा वीडियो, ब्लैकमेल से तंग आ करने जा रहा था सुसाइड

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में साइबर अपराधियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से एक टीचर का महिला के साथ अश्लील वीडियो बनाकर ठगी के लिए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। सेक्सटॉर्शन के जाल में फंसकर खुदकुशी करने जा रहे टीचर को पुलिस ने बचा लिया। उसे काउंसिलिंग के बाद परिजन को सौंपा गया है। साइबर अपराध थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय गौतम ने बताया कि सूरजपुर थाना क्षेत्र में तिलपता गोल चक्कर के पास दिल्ली निवासी एक शिक्षक अकेले रहते हैं। उसकी पत्नी और बेटी परिवार के साथ दिल्ली में रहती हैं। वह एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक हैं। दो दिन पहले उन्होंने साइबर सेल की डीसीपी प्रीति यादव को फोन किया। पीड़ित ने आगे बताया कि वह सेक्सटॉर्शन का शिकार हो गए हैं और आत्महत्या करने की ठान चुके हैं। डीसीपी ने फौरन सूचना साइबर थाने पर दी। थाने से तीन पुलिसकर्मी शिक्षक के पास पहुंचे। शिक्षक ने उन्हें बताया कि कुछ दिन पहले उनके व्हाट्सऐप पर एक लिंक आया। उन्होंने लिंक पर क्लिक किया तो वीडियो कॉल शुरू हो गई। स्क्रीन पर एक युवती दिखाई देने लगी। कुछ सेकेंड बात होने के बाद फोन कट गया।

### फरीदाबाद के अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार

**फरीदाबाद , एजेंसी।** फरीदाबाद पुलिस ने यहां के एक निजी अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का कहना है कि उसने अपनी प्रेमिका को प्रभावित करने के लिए यह हरकत की थी। इस युवती से उसकी भी सगाई होने वाली है। एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी का नाम अंकित पासवान है, जो कि बिहार के पटना का रहने वाला है। पासवान ने पुलिस को बताया कि उसने अस्पताल को दो कारणों से धमकी भरा फोन किया था- पहला, वह अपनी प्रेमिका को प्रभावित करना चाहता था और दूसरा, वह युवती की मां की मौत से नाराज था। क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अमन यादव ने बताया कि शहर के सेक्टर आठ स्थित एक निजी अस्पताल को धमकी मिली थी कि उसे बम से उड़ा दिया जाएगा।

# साइकिल प्योर अगरबत्ती ने अयोध्या में 121 फीट ऊंची अगरबत्ती जलाकर इतिहास रचा

**अयोध्या, एजेंसी।**
सायकल प्योर अगरबत्ती, भारत का प्रमुख घरेलू पूजा ब्रांड, रघुकुल फाउंडेशन के साथ मिलकर अयोध्या के भारतकुंड महोत्सव में एक अद्वितीय 121 फीट की अगरबत्ती के साथ भव्यता, दिव्यता और आकर्षक खुशबू का अनुभव प्रदान किया। सात दिवसीय इस आयोजन का उद्घाटन अयोध्या के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट श्री अशोक कुमार सैनी और कमांडो अधिकारी श्री आशुतोष तिवारी द्वारा अपनी तरह की सबसे बड़ी अगरबत्ती जलाकर किया गया। इस वर्ष की शुरुआत में, अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान, साइकिल प्योर ने मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा मनाने के लिए मैसूर में 111 फुट की अगरबत्ती बनाई थी, जिसे प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज की मां सुश्री सरस्वती ने प्रज्वलित किया था। प्रकाश समारोह में सांस्कृतिक गौरव और आध्यात्मिक महत्व को दर्शाया गया, जिसका उद्देश्य महोत्सव को खुशी, एकता और पारिवारिक सद्भाव का संदेश देना था।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए अयोध्या के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट श्री अशोक कुमार सैनी ने कहा, ÷भरतकुंड महोत्सव के इस विशेष अवसर का



हिस्सा बनना सम्मान की बात है, यह एक ऐसा उत्सव है जो हमारी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिकता का सार दर्शाता है।÷ सायकल प्योर अगरबत्ती और रघुकुल फाउंडेशन द्वारा निर्मित 121 फीट की अगरबत्ती श्रद्धा और एकता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। ऐसे महत्वपूर्ण अभियानों का समर्थन करना एक विशेषाधिकार है, और यह संतोषजनक है कि हम अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने में योगदान दे रहे हैं और भारतकुंड महोत्सव की भावना को ऊंचा कर रहे हैं।

121 फीट की अगरबत्ती के प्रज्वलन पर टिप्पणी करते हुए, श्री अर्जुन रंगा, प्रबंध निदेशक, सायकल प्योर अगरबत्ती ने कहा, ÷हमारी आत्मा में आध्यात्मिकता है और हम कलाकार समुदाय को समर्थन देने और लोगों के जीवन में आशा लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह 121 फीट की अगरबत्ती उसी वादे को साकार करती है, अपनी मनमोहक खुशबू के माध्यम से खुशियाँ फैलाती है और शिल्प कौशल का जश्न मनाती है - प्रेरणा और समर्थन की हमारी साझा यात्रा के लिए एक श्रद्धांजलि।

सायकल प्योर अगरबत्ती की 121 फीट लंबी कृति को 18 कुशल व्यक्तियों की एक समर्पित टीम ने 23 दिनों में तैयार किया, जिसमें शुभ दशांग (शहद, कोनगरी गड्डे, घी, चंदन पाउडर, गुग्गुल, अगरू, सम्ब्रानी, देवदारू, लोबान और सफेद सरसों) के साथ-साथ चारकोल, जिगट और गुड़ जैसे हाथ से चुने गए सामग्री का उपयोग किया गया। निर्माण प्रक्रिया में सायकल प्योर की विशेषज्ञ टीम द्वारा विकसित एक अनूठी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है ।

# महायुति से अलग सुर छेड़ रहे अजित, योगी के बटेंगे तो कटेंगे से बनाई दूरी



**मुंबई, एजेंसी।**
अजित पवार ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान से दूरी बना ली है। उन्होंने कहाकि कुछ बाहरी लोग इस तरह का बयान देते हैं। महाराष्ट्र के लोग सांप्रदायिक भावना बनाए रखने पर जोर देते हैं। भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र में महायुति उम्मीदवार के पक्ष में रैली कर रहे थे। इतना ही नहीं, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने अपने उम्मीदवार नवाब मलिक के प्रति एक बार फिर से खुले समर्थन का इजहार किया। पीएम मोदी द्वारा महायुति उम्मीदवारों के समर्थन में रैली किए जाने के सवाल पर अजित पवार ने कहाकि बारामती में उन्हें किसी अन्य के रैली की जरूरत नहीं है।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने बिना योगी आदित्यनाथ का नाम लिए कहाकि किसी को भी हमारे प्रदेश की तुलना किसी अन्य प्रदेश से नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहाकि महाराष्ट्र के लोगों ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव पर ध्यान दिया है। कुछ बाहरी लोग आते हैं और इस तरह के बयान देते हैं, लेकिन महाराष्ट्र ने कभी भी सांप्रदायिक भेदभाव को स्वीकार नहीं किया है। अजित पवार ने कहाकि हमारा प्रदेश छत्रपति शाहूजी महाराज, ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब आंबेडकर की आइडियोलॉजी को फॉलो करता है।

इस दौरान अजित पवार ने अपने पार्टी उम्मीदवार नवाब मलिक के प्रति भी समर्थन जताया। उन्होंने कहाकि वह नवाब मलिक के लिए प्रचार करेंगे। मलिक को ईडी ने मनी लॉड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं और मानखुर्द-शिवाजीनगर सीट से उम्मीदवार हैं। इसी सीट से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दल के नेता ने भी पर्चा भरा है। दोनों ही महायुति गठबंधन से उम्मीदवार हैं, लेकिन भाजपा शिंदे के उम्मीदवार का समर्थन करेगी। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह नवाब मलिक के पक्ष में प्रचार नहीं करेगी। अजित पवार ने कहाकि कि नवाब मलिक पर लगाए गए आरोप साबित नहीं हुए हैं। केवल आरोपों के आधार पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार पर भी अजित पवार ने अपनी बात रखी। पीएम मोदी यहां पर महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में रैली करने वाले हैं। हालांकि अजित पवार का कहना है कि उन्हें बारामती में किसी के रैली की जरूरत नहीं है।

# शरद पवार के खिलाफ अपशब्द बर्दाश्त नहीं, अजित पवार की एनसीपी को सता रहा डर

**मुंबई, एजेंसी।**
एनसीपी प्रमुख शरद पवार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद रायत क्रांति संगठन के नेता सदाभाऊ खोट ने माफी मांगी है। पवार के खिलाफ टिप्पणी करने के बाद उनकी काफी आलोचना हो रही थी। उन्होंने कहा, अगर मेरे बयान से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं अपना बयान वापस लेता हूं। खोट ने सांगली की एक रैली के दौरान कहा था कि क्या शरद पवार महाराष्ट्र की हालत अपने चेहरे की तरह करना चाहते हैं



बता दें कि सदाभाऊ खोट की पार्टी राज्य में महायुती का हिस्सा है। अजित पवार की एनसीपी ने भी उनकी आलोचना की थी। अजित पवार ने कहा, शरद पवार को लेकर की गई सदाभाऊ खोट की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस तरह के घटिया बयानों का हम विरोध करते हैं और यह महाराष्ट्र की संस्कृति नहीं है। मैं एनसीपी की तरफ से और खुद के तौर पर भी इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं। भविष्य में पवार साहेब के खिलाफ इस तरह के निजी हमले हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

एनसीपी नेता इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि शरद पवार के खिलाफ की गई ऐसी टिप्पणी से कहीं उनको संवेदना ना मिल जाए और उसका फायदा चुनाव मे भी मिले। लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी ने उन्हें भटकती आत्मा कह दिया था। इसके बाद भी एनसीपी नेता लांडे ने कहा था, किसी 84 साल के नेता के खिलाफ इस तरह के बयान उचित नहीं हैं। जुलाई में गृह मंत्री अमित शाह ने शरद पवार को भ्रष्टाचारा का रिंगमास्टर बता दिया था। इसके बाद भी पूर्व विधायक लांडे ने आपत्ति जताई थी। लांडे अजित पवार के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने राज्य में बीजेपी चीफ चंद्रशेखर बावनकुले को पत्र लिखा था और कहा था कि पार्टी को इस तरह की बयानबाजी से दूर रहने की जरूरत है। पार्टी के सूत्रों का यह भी कहना है कि शरद पवार के खिलाफ ज्यादा बयानबाजी एनसीपी उम्मीदवारों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है।

### बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने किए श्रीनाथजी के दर्शन

**जयपुर, एजेंसी।** बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री और कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय के साथ अल सुबह भीलवाड़ा से सड़क मार्ग से यहां राजस्थान के नाथद्वारा पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभु श्रीनाथजी की मंगला आरती के दर्शन किए। मंदिर परंपरा अनुसार बैठकजी में अधिकारी सुधाकर शास्त्री, सहायक अधिकारी अनिल सनाढय, सचिव लीलाधर पुरोहित ने उपरना रजाई ओढ़ाकर व श्रीनाथजी का प्रसाद भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि आज श्रीनाथजी के दर्शन कर ऐसा आंनद आया जैसे वृंदावन की कुंज गलियों में द्वापर युग मे हो और श्रीनाथजी से यही प्रार्थना की है कि जल्द से जल्द भारत हिन्दू राष्ट्र हो जाए। सभी धर्म विरोधी यहां से भाग जाएं। उन्होंने कहा कि धर्म से राजनीति चलती है, राजनीति से धर्म नही चालता है। धर्म का उपयोग वोट बैंक के लिए नही किया जाना चाहिए।

# वसुंधरा राजे को लेकर भाजपा के नेता दे रहे हैं बार-बार सफाई

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान विधानसभा की 7 सीटों पर उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार चरम पर है, लेकिन उपचुनाव को लेकर सीएम भजनलाल शर्मा की घबराहट दिखाई दे रही है। जिन 7 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें मात्र एक सीट सलूंबर में बीजेपी का कब्जा था। अन्य सीटों पर कांग्रेस और क्षेत्रिय दलों का कब्जा है, लेकिन इसके बावजूद सीएम भजनलाल की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। सियासी जानकारों का कहना है कि 7 में से 5 सीटों पर चुनाव हारने की स्थिति में विरोधी खेमा मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग कर सकता है जो अभी तक चुपी साधे हुए है।

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लिए सबसे बड़ी परेशानी वसुंधरा राजे को लेकर है। दरअसल, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे उपचुनाव के मंच दूरी बनाए हुए है।यहीं बीजेपी नेता बार-बार वसुंधरा राजे की दूरी पर सफाई दे



रहे है। पहले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सफाई दी। इसके बाद प्रदेश प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल ने हर मंच से सफाई दे रहे हैं। दोनों ही नेताओं का कहा है कि वसुंधरा राजे नाराज नहीं है। पार्टी की वरिष्ठ नेता है। पार्टी में उनकी भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मदन राठौड़ और राधा मोहन अग्रवाल की बार-बार सफाई से जाहिर होता है कि बीजेपी में अंदरूनी हालत ठीक नहीं है। इसलिए वसुंधरा राजे को लेकर बीजेपी के नेता बार-बार सफाई दे रहे है। हालांकि, खुद वसुंधरा राजे और उनके समर्थकों ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। जानकारों का कहना है कि उपचुनाव के परिणाम से ही सीएम भजनलाल शर्मा का राजस्थान की राजनीति में सियासी कद तय होगा। जानकारों का कहना है कि सीएम विरोधी खेमा नहीं चाहता है कि वह मुख्यमंत्री बने रहे। लेकिन भजनलाल शर्मा पीएम मोदी की पहली पंसद है। ऐसे में विरोधी कैंप के नेता चुप्पी साधे हुए है।

# शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड: तीन आरोपी पकड़े, पुलिस ने बाजार में निकाली परेड

**बूंदी एजेंसी।** राजस्थान के बूंदी जिले के शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि प्रकरण के मुख्य आरोपी नमाना थाना के बरखेड़ा निवासी गुरप्रीत उर्फ गोपी अब भी पुलिस के शिकंजे से दूर है। इस पर पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। वारदात के बाद पकड़े गए तीनों आरोपी भीमलत के जंगलों में फरारी काट रहे थे। वहीं पुलिस टीम की गिरफ्त में आए तीनों आरोपियों को गुरुवार को घटना स्थल की तस्दीक कराई गई। न्यायालय ले जाते समय पुलिस ने खोजागेट से लंकागेट चौराहे व ढाबे तक आरोपियों को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच पैदल ले गई। जहां उनसे घटनाक्रम के बारे में पूछताछ की गई। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। कोतवाली थाना क्षेत्र के लंकागेट चौराहे पर सोमवार रात को कहासुनी में युवकों ने सींती निवासी शिक्षक मनीष मीणा की चाकू से घोंप कर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए। अस्पताल में उपचार के दौरान शिक्षक ने दम तोड़ दिया।

बुधवार रात को तीनों आरोपी सदर थाना क्षेत्र के रजत गृह कॉलोनी निवासी विशाल वर्मा (22), दबलाना थाना क्षेत्र के ग्राम सोरण हाल तिरुपति विहार राठौर छात्रावास के पीछे रहने वाला मोनू (26) व दबलाना थाना क्षेत्र मेहरो का मोहल्ला हाल कोतवाली थाना के मालनमासी बालाजी मंदिर के पीछे बंगाली का मकान में किरायेदार दीपक वर्मा (25) को गिरफ्तार कर लिया है।

# बैनर पर केवल फडणवीस, कांग्रेस बोली- अब एकनाथ शिंदे नहीं बनेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में जैसे-जैसे विधनासभा चुनाव करीब आ रहे हैं महायुती और महाविकास अघाड़ी में कटाक्ष भी तेज हो रहे हैं। इसके अलावा चुनाव के समय में गठबंधन के अंदर रार को सामने ना आने देने की भी एक चुनौती है। बीजेपी का कहना है कि गठबंधन की जीत के बाद अगली सरकार भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बनेगी। वहीं कांग्रेस ने दावा किया है कि बीजेपी एकनाथ शिंदे को साथ रखने के लिए केवल उन्हें प्रलोभन दे रही है। राज्य में कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा, बीजेपी अब एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री नहीं बनाने वाली है। बीजेपी ने पोस्टर में भी केवल देवेंद्र फडणवीस की बड़ी तस्वीर छपवाई है और एकनाथ शिंद की तस्वीर मुख्य रूप से नहीं है।

नागपुर में एक इंटरव्यू के दौरान पटोले ने कहा कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही बीजेपी का चेहरा हैं। बीजेपी अब कह रही है कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री होंगे। वे केवल यह कह रहे हैं कि हम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। बाद में क्या होगा इसका पता नहीं। अमित शाह ने भी कहा कि हमने उनको मौका दे दिया। बीजेपी के दिखाने के दांत और खाने के दांत अलग-अलग हैं। बीजेपी किसी चेहरे का ऐलान ही नहीं कर रही है।

बीजेपी के बैनरों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें तीनों पार्टी के निशान हैं लेकिन चेहरा केवल पीएम मोदी और देवेंद्र फडणवीस का है। बीजेपी के बैनर पर एकनाथ शिंदे कहीं नहीं हैं। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक पटोले ने कहा कि इस बार देवेंद्र फडणवीस की भी नागपुर दक्षिण पश्चिम से जीत पक्की नहीं है। इस सीट पर बीजेपी नेता लगातार पांच बार विधायक रह चुके हैं।

पटोले ने कहा, उद्धव ठाकरे और शरद पवार का लक्ष्य साफ है। उन्हें बीजेपी को हराना है। इसके अलावा मुख्यमंत्री का फैसला हमारा शीर्ष नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रभाव पूरे राज्य में है जबकि बाकी सहयोगियों के क्षेत्र निर्धारित हैं। इसलिए हम ज्यादा सीटों पर चुनाव भी लड़ रहे हैं।

# ऐसा कुछ नहीं है; हिमाचल के 'समोसा कांड' पर सीएम सुक्खू की सफाई

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल की राजनीति में इन दिनों समोसे को लेकर बवाल मचा हुआ है। दरअसल सीआईडी ने मुख्यमंत्री के लिए आए समोसे-केक को उनके स्टाफ को परोसे जाने को लेकर जांच शुरू की हुई है। जिसमें पांच पुलिसकर्मी दोषी पाए गए हैं और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी बीच दिल्ली में जब सीएम सुक्खू से इसे लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि नहीं,नहीं ऐसा कुछ नहीं है। सीआईडी उन अधिकारियों की दुर्व्यवहार के मामले में जांच कर रही है। लेकिन आप (मीडिया) समोसे को लेकर न्यूज चला रहे हो।

समोसा विवाद पर भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि सरकार को लोगों की समस्याओं का समाधान करने पर ध्यान देना चाहिए लेकिन वह एक छोटे से मामले को लेकर गंभीर है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, हिमाचल प्रदेश के लोग कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं और राज्य सरकार को उन्हें सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हालांकि, इसके बजाय उनका ध्यान केवल तुच्छ मामलों पर ही केंद्रित है। हाल ही में समोसे से जुड़ी एक घटना हुई, जिसके बाद सीआईडी जांच हुई। अगर सरकार ऐसे मामूली मुद्दे को लेकर इतनी गंभीर है, तो इससे पता चलता है कि उनकी प्राथमिकताएं वास्तव में कहां हैं।

वहीं भाजपा नेता कंवर प्यार सिंह ने कहा, प्रदेश में जहां लापरवाही है, जहां कमी है, जहां अधिकारी लापरवाह रहे हैं - वहां जांच होनी चाहिए - जो सुविधाएं जनता को नहीं मिल रही हैं, उसकी। लेकिन, जांच इस बात की हो रही है कि मुख्यमंत्री को समोसे नहीं मिले। सीएम सुक्खू के लिये लाए गए समोसे और केक उनके बजाय चूक वश उनके सुरक्षा कर्मियों को परोस दिए गये, जिससे विवाद



खड़ा हो गया और सीआईडी जांच की आवश्यकता पड़ी, जिसमें इसे सरकार विरोधी बताया गया। सीआईडी के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने 21 अक्टूबर की घटना पर अपने नोट में कहा कि, जब मुख्यमंत्री सीआईडी मुख्यालय के दौरे पर थे, तो जिम्मेदार लोगों ने अपने एजेंडे के अनुसार काम किया।

पूरी घटना पर विवाद उस समय शुरू हुआ जब अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) मुख्यालय में 21 अक्टूबर को एक समारोह में भाग लेने गए मुख्यमंत्री को परोसने के लिए लक्कड़ बाजार स्थित होटल रेडिसन ब्ल्यू से समोसे और केक के तीन डिब्बे लाए गए थे। हालांकि, पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट के अनुसार, खाने की चीजें समन्वय की कमी के कारण मुख्यमंत्री के सुरक्षा कर्मचारियों को परोसी गई थीं। समोसे की कहानी शुरू होती है 21 अक्टूबर से जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू साइबर विंग स्टेशन का उद्घाटन करने के लिए सीआईडी मुख्यालय गए थे। तब एक इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) रैंक के अधिकारी जिन्हें नहीं पता था कि सीएम ऑयली और स्पाइसी चीजें खा सकते हैं, उन्होंने एक सब-इंस्पेक्टर को होटल रेडिसन ब्लू से सुक्खू के लिए समोसे और केक के तीन डिब्बे लाने का निर्देश दिया। खाने-पीने की चीजें सीआईडी मुख्यालय में लाए जाने के बाद, इन्हें सीएम के सुरक्षा कर्मचारियों को परोस दिया गया।

इस दौरान सीआईडी मुख्यालय में मौजूद लोगों की सूची काफी लंबी है। पुलिस के आला अधिकारियों में डीजीपी, सीआईडी, एसआर ओझा, आईजी संतोष पटियाल, डीआईजी (क्राइम) डीके चौधरी और डीआईजी (साइबर क्राइम) मोहित चावला समेत अन्य लोग शामिल थे, जबकि सुक्खू के साथ स्थानीय विधायक हरीश जनारथा और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी मौजूद थे। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, अपनी जांच रिपोर्ट में डीएसपी विक्रम चौहान ने लिखा है कि आईजी द्वारा सब-इंस्पेक्टर को खाने की चीजें लाने को कहा गया था उन्होंने अपने बजाय एक सहायक सब-इंस्पेक्टर और एक हेड कांस्टेबल को इसे लाने का निर्देश दिया।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेल: purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)